पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत
प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 69, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

समय की यही मांग कि यूएनएससी में हो सुधार: डेनिस 14
सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर 13

बड़े भाई साहब का बड़ा फैसला

Woolen SALE

हर साल की तरह देर से सर्दी पड़ने के कारण वूलन गारमेन्ट्स के एक व्यापारी को भारी नुकसान

Woolen SALE

गोदाम में रखा करोड़ो का ब्रान्डेड वूलन गारमेन्ट्स
सिर्फ 4 रेटों में माल बेचकर कर्ज खत्म कर दिया जायेगा केवल 4 दिनों में

सिर्फ 4 रेट 150, 250, 450, 650

यह माल सिर्फ चार दिनों में इतना सस्ता लुटाया जायेगा

होटल रोहिला में

25,26,27 व 28 जनवरी

बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार

BIG SALE!

समय सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

लेडिज,जेन्ट्स व बच्चों के लिए 50 से अधिक वूलन आईटम उपलब्ध



ब्राण्डेड जेन्ट्स वियर - ट्रेक सूट, जैकेट, स्वेट शर्ट, लोवर, श्वेटर, जिन्स पैन्ट फार्मल पैन्ट, हॉफ स्वेटर, हॉफ जैकेट, इनर, विनचिटर, ब्लेजर और भी बहुत कुछ

ब्रान्डेड लेडिज वियर - ट्रेक सूट, स्वेट शर्ट, कुर्ती, लोंग कार्डिगन, टॉप शोर्ट कार्डिगन लोवर, जैकेट, प्लाजो, लेडिज कोट, इनर व और भी बहुत कुछ

ब्राण्डेड किड्स वियर - स्वेट शर्ट, जैकेट, स्वेटर, हॉफ जैकेट, लोवर, टॉप, पेन्ट, ट्रेक सूट, बेबी सूट व और भी फैन्सी आईटम बहुत कुछ

VIP रेंज अलग से उपलब्ध

All Online Payment Accepted Here

ENTRY PARKING FREE

बिक्री स्थान :-

होटल रोहिला

2, सिविल लाईन, निकट गांधी उद्यान (कम्पनी बाग) बरेली

ENTRY PARKING FREE

शहर में आज

- विंडरमेयर में लिटरेचर थिएटर फेस्टिवल शाम 6 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट लीग सुबह 10 बजे।
- भाजपा युवा मोर्चा की ओर से बरेली कॉलेज में नवमतदाता सम्मलेन पूर्वाह्न 11 बजे।
- अटेवा की ओर से मतदाता जागरूकता एवं पेंशन मार्च सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में शाम 4 बजे।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन की प्रेसवार्ता रामपुर गार्डन में राय डेंटल क्लीनिक पर 2 :30 बजे।

एक नजर

एनएचएम का स्टाफ करेगा ट्रामा सेंटर का संचालन

बरेली,अमृत विचार : जिला अस्पताल में ट्रामा विंग का निर्माण तीन माह पूर्व ही पूरा हो चुका है लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब अफसरों ने इसके संचालन की कवायद तेज कर दी है। जल्द ही ट्रामा विंग के संचालन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के माध्यम से स्टाफ की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सीएमओ शासन को पत्र भेजेंगे। दरअसल, ट्रामा विंग के संचालन की जिम्मेदारी जिला अस्पताल प्रबंधन की है। मरीजों को जल्द इसका लाभ मिल सके इसके लिए जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के साथ बैठक कर स्टाफ की तैनाती व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मंथन किया। एडीएसआईसी ने बताया कि सीएमओ को पत्र भेजकर स्टाफ की तैनाती की मांग की है।

ये सुविधाएं होंगी ट्रॉमा विंग में : ट्रॉमा विंग में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के साथ आर्थो और सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। एक ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे रूम और पैथोलॉजी लैब बनाई जाएगी। छह बेड का आईसीयू होगा। साथ ही दो नर्सिंग स्टेशन और एक रिकार्ड रूम भी होगा।

पब्लिक की जेब ठंडी..! कड़ाके की सर्दी के बावजूद आधी भी नहीं गर्म कपड़ों की सेल

कारोबारियों को 20 दिन पहले शुरू करनी पड़ी डिस्काउंट सेल, फिर भी नहीं खींच पाए ग्राहक

महिपाल गंगवार, बरेली

- अब कुछ ही दिन में मौसम साफ होने का पूर्वानुमान ने दुकानदारों की और बढ़ाई धड़कनें
- कारोबार में एकाएक गिरावट पर बाजार में लगाए जा रहे हैं अलग-अलग अनुमान

अमृत विचार : मौसम विभाग का पैमाना तो कह रहा है कि सर्दी ने इस बार पिछले कई बरसों का रिकॉर्ड तोड़ दिया लेकिन शहर में गर्म कपड़ों के कारोबारियों को इस सवाल का जवाब नहीं मिल पा रहा है कि इतनी सर्दी के बावजूद उनका कारोबार आधा ही क्यों रह गया। ज्यादातर कारोबारियों का दावा है कि पिछले बरसों की तुलना में इस बार गर्म कपड़ों की सेल 40 से 50 फीसदी ही हुई है। इस वजह से हर बार की तरह दिसंबर में उन्हें नया माल मंगाने तक की जरूरत नहीं पड़ी। उल्टे सीजन में 20 दिन पहले ही डिस्काउंट सेल शुरू कर देनी पड़ी।

बरेली में कड़ाके की सर्दी अब तक है। बर्फीली हवा की वजह से सड़क और फुटपाथ पर बेसहारा लोगों को रात में ही नहीं, दिन में भी अलाव की जरूरत पड़ रही है लेकिन फिर भी गर्म कपड़ों की दुकानों पर हर साल की तरह ग्राहक नहीं हैं। कारोबारियों के मुताबिक सर्दी का पूरा सीजन इस बार ग्राहकों का इंतजार करते गुजर गया। अब कुछ दिन बाद मौसम साफ होने का पूर्वानुमान उन्हें और डराने लगा है। कहने को सभी कारोबारी खरीदारी घटने को लेकर तमाम कयास लगा रहे हैं लेकिन कोई सही कारण नहीं बता पा रहा है। अलग-अलग तरह के कयासों में कारोबार के लिए एक अशुभ सा संकेत यह भी माना जा रहा है कि लोग अपनी क्षमता घटने से यथासंभव खरीदारी करने से बच रहे हैं। कारोबारी दूसरा प्रमुख कारण सर्दी देर से शुरू होने को बता रहे हैं। उनका कहना है कि सीजन की शुरुआत में कोई खास सर्दी न होने से सेल न के बराबर हुई। दिसंबर के शुरुआती तीन सप्ताह लगभग ऐसे ही बीत गए। जनवरी में ठंड बढ़ने के बाद उम्मीद बंधी कि गर्म कपड़ों की मांग बढ़ेगी, लेकिन फिर भी ऐसा नहीं हुआ। कारोबारियों के मुताबिक मकर संक्रांति नजदीक आने पर मौसम बदलने के साथ स्टॉक डंप होने की आशंका पैदा होने लगी तो समय से पहले डिस्काउंट सेल शुरू हो गई। अब जैसा कि पूर्वानुमान है कि जल्द मौसम साफ होना शुरू हो जाएगा, ऐसा हुआ तो उनके लिए पुराना स्टॉक निकालना भी मुश्किल पड़ जाएगा।

फड़ और ठेले वाले भी मायूस: जिला अस्पताल रोड पर फड़ और ठेले लगाकर गर्म कपड़े बेचने वालों की हालत भी इतनी सर्दी के बावजूद खराब है। जिला अस्पताल के बराबर में फड़ लगाने वाले तौसीफ ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में जिस तरह से गर्म कपड़े बिकने चाहिए, वैसे नहीं बिक रहे हैं। उनका मानना है कि फड़ और ठेलों पर ज्यादातर मध्यम वर्ग की महिलाएं खरीदारी करती हैं, इस बार सुबह और शाम ज्यादा ठंड की वजह से वे घरों से नहीं निकल पा रही हैं।

मिशन मार्केट में ग्राहकों के इंतजार में दुकान के बाहर बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार

निम्न मध्यवर्ग की भीड़ से अटे रहने वाले मिशन मार्केट में भी सन्नाटा

सिविल लाइंस का मिशन मार्केट निम्न मध्यवर्ग के लोगों के लिए खरीदारी करने का सबसे प्रमुख बाजार है। इस मार्केट में अपेक्षाकृत सामान्य कीमत में गर्म शर्ट से लेकर स्वेटर, जैकेट और लोअर जैसे कपड़े मिल जाते हैं। अच्छी क्वालिटी और ब्रांडेड कपड़ों की भी रेंज मिल जाती है। इसी कारण हर साल सर्दियों में इस मार्केट में खरीदारों की सबसे ज्यादा भीड़ रहती है लेकिन इस बार यहां भी दुकानों में भी गिनेचुने ग्राहक नजर आ रहे हैं जिसकी वजह से इस मार्केट में भी सन्नाटा छाया हुआ है। दुकानदार कौशल अरोरा के मुताबिक इस बार ग्राहक ही नहीं आ रहे हैं। पिछले साल का सीजन काफी अच्छा रहा था मगर इस साल बुरी तरह पिट गया। मकर संक्रांति तक उनका करीब 70 प्रतिशत माल बिक जाता था लेकिन इस बार मुश्किल से 40 प्रतिशत स्टॉक की ही सेल हो पाई है।

करोड़ों का माल डंप, पुराना स्टॉक ही नहीं निकाल पाए तो नया मंगाने की भी नौबत नहीं आई

बरेली में गर्म कपड़ों के कारोबार से करीब डेढ़ हजार छोटे-बड़े कारोबारी जुड़े हैं। थोक कारोबारियों के मुताबिक हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने कलकत्ता, कानपुर लुधियाना और दिल्ली से अगस्त और सितंबर में स्टॉक मंगाना शुरू कर दिया था। मोटे अनुमान के मुताबिक बरेली के कारोबारियों ने 20 करोड़ से ज्यादा कीमत का स्टॉक मंगाया है। बड़े शोरूम पर तो करीब 50-50 लाख तक का माल मंगाया गया लेकिन ग्राहकों के न आने से सभी की हालत पतली हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक सेल अच्छी होने पर वे लोग आमतौर पर दिसंबर में भी माल मंगाते हैं लेकिन इस बार पुराना स्टॉक ही पूरा नहीं निकाल पाए। कोतवाली रोड पर कपड़ा व्यापारी दर्शनलाल भाटिया के मुताबिक इस बार ठंड दिसंबर के अंत से शुरू हुई। पिछले साल नवंबर में ही शुरुआत हो गई थी। अनुमान है कि इसी वजह से लोग यह मानकर गर्म कपड़ों की खरीदारी से बच रहे हैं कि सर्दी अब थोड़े दिनों के लिए रह गई है। उन्होंने बताया कि सर्दी के सीजन में हर साल दो बार गर्म कपड़ों का ऑर्डर दिया जाता था लेकिन इस बार ऐसी स्थिति नहीं आई। उनके यहां भी इस बार बमुश्किल 50 प्रतिशत सेल हो पाई है।

ऑनलाइन शॉपिंग ने पूरी कर दी रही-सही कसर

थोक कारोबारी राजू ने बताया कि पिछले दिनों शादियां बंद होने का असर ग्राहकी पर पड़ा। अब शादियों का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन फिर भी कोई बदलाव न आने एक वजह यह भी ऑनलाइन साइट्स पर सेल और ऑफर्स की भरमार चल रही है।

धूप निकली, दूर हुआ गीले कपड़े सुखाने का संकट

बरेली, अमृत विचार: बुधवार को कई दिन बाद धूप निकली तो हर घर की छत पर कपड़े सूखते नजर आने लगे। धूप निकलने से सर्दी से परेशान बुजुर्गों और महिलाओं को भी सुकून मिला। तेज धूप रहने तक वे भी छतों पर जमे रहे।

कई दिनों से पूरे दिन कोहरा और बादल छाए रहने का सिलसिला बना हुआ था। इससे पहले रविवार को भी धूप निकली थी लेकिन कुछ ही देर के लिए। बुधवार को सुबह जल्दी ही कोहरा छंट गया जिसके बाद करीब 11 बजे सूरज ने बादलों के साथ लुकाछिपी शुरू कर दी। दोपहर दो बजते-बजते धूप तेज हुई तो लोगों ने गीले कपड़े लेकर छतों पर दौड़ना शुरू कर दिया। आबादी वाले इलाकों में हर घर की छत कपड़ों से भरी नजर आई। लोगों ने खुद भी कई दिन बाद धूप का आनंद लिया।

बुधवार को धूप निकली तो लोग छतों पर कपड़े सुखाते नजर आए। ● अमृत विचार

अभी 28 जनवरी तक शीतलहर का रहेगा प्रकोप

बरेली,अमृत विचार : जिले में बुधवार की सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। दोपहर में हलकी धूप निकली, लेकिन ठंडी हवा चलने से ठिठुरन बनी रही। 24 घंटे में अधिकतम तापमान माइनस आठ डिग्री की गिरावट के साथ 13 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 6 .6 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह कोहरा होने के चलते 97 प्रतिशत व शाम को 84 प्रतिशत नमी दर्ज की गई। पंतनगर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डा. आरके सिंह ने बताया कि अभी 28 जनवरी तक शीतलहर का प्रकोप रहेगा। दिन की शुरुआत कोहरे के साथ होगी, जबकि दोपहर में हल्की धूप निकल सकती है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। 29 व 30 जनवरी को कोहरे के साथ ही धुंध छाने के आसार हैं।

आठ घंटे का लिया शटडाउन, 10 घंटे से ज्यादा समय तक बंद रखी सप्लाई

25 हजार लोगों ने झेली परेशानी, पानी को भी तरसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किला सबस्टेशन पर कराया गया मरम्मत का काम
- शाहदाना में ब्रेकडाउन से छह घंटे बाधित रही बिजली

अमृत विचार : किला उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य के कारण अधिकारियों ने बुधवार को आठ घंटे शटडाउन की सूचना दी थी, लेकिन 10 घंटे से भी अधिक समय तक बिजली गुल रही। करीब 25 हजार लोगों को पेयजल के साथ कोई परेशानियों से जूझना पड़ा। सुबह 10 से शाम सात बजे के बाद आपूर्ति बाधित रही। वहीं शाहदाना उपकेंद्र पर लाइन में ब्रेकडाउन के चलते छह घंटे बिजली ठप रही।

किला उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर में काम कराने को लेकर अधिकारियों की तरफ से बुधवार सुबह 10 से शाम 6 बजे तक का शटडाउन लिया गया था। लेकिन कई इलाकों में सुबह 7 बजे के समय ही बिजली काट दी गई। बाकरगंज, किला, जसोली, गढ़ी चौकी, हार्टमैन, सराय आदि क्षेत्र में शाम को साढ़े सात बजे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। पूरे दिन बिजली न आने से लोगों के इन्वर्टर भी जवाब दे गए। वहीं सुबह पेयजल का संकट पैदा हो गया। करीब 25 हजार से अधिक उपभोक्ता दिनभर परेशान होते रहे। वहीं, तड़के तीन बजे शाहदाना क्षेत्र में 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन में चली गई। इससे करीब 13 हजार लोगों ने पूर्वाह्न 11 बजे तक बिजली का संकट झेला। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि काम पूरा कराने में कुछ अधिक समय लग गया था। शाम को साढ़े सात बजे के बाद आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी।

किला उपकेंद्र में की गई मरम्मत।

ओपीडी में आने वाले मरीजों के आज से हो सकेंगे सीटी स्कैन

बरेली,अमृत विचार: ये खबर सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी है। एक साल से सीटी स्कैन के लिए मरीज परेशान हो रहे हैं। अब गुरुवार से ओपीडी में आने वाले जिन मरीजों को डॉक्टर सीटी स्कैन कराने का परामर्श देंगे उनकी 300 बेड अस्पताल की सीटी स्कैन यूनिट में जांच हो सकेगी। अभी ट्रायल के रूप में जांच की जाएगी। शासन से अनुमति मिलने के बाद सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

तीन सौ बेड अस्पताल स्थित सीटी स्कैन यूनिट।

उद्घाटन के बाद मिलेगा 24 घंटे लाभ: जिला अस्पताल में मशीन कंडम होने के बाद शासन की ओर से नामित कंपनी ने 300 बेड अस्पताल में यूनिट स्थापित करने के बाद स्टाफ की तैनाती कर दी लेकिन करीब एक माह से विभागीय आदेश न होने के चलते मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही थी। अब ओपीडी के मरीजों के लिए सुविधा आरंभ कर दी गई है। वहीं यूनिट के उद्घाटन के बाद सामान्य मरीजों को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक और गंभीर मरीजों को 24 घंटे सुविधा का लाभ मिलेगा।

> यूनिट नई है इसलिए उद्घाटन के बाद सभी मरीजों को सुविधा का लाभ दिया जाएगा। अभी ट्रायल के तौर पर ओपीडी के मरीजों की जांच कराई जाएगी। - **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ।

सर्दी में भी परेशान कर रही ट्रिपिंग

बरेली, अमृत विचार: गर्मी भर पावर कॉरपोरेशन के लोग ट्रिपिंग पर ओवरलोडिंग का बहाना बनाते रहे लेकिन कड़ाके की सर्दी में भी लोगों को ट्रिपिंग परेशान कर रही है।

लालफाटक रोड समेत कई इलाकों में कई दिनों से बेतहाशा ट्रिपिंग ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। हालत यह है कि दोपहर के वक्त हर दस मिनट के बाद बिजली ट्रिप कर रही है। लोगों ने बताया कि सबस्टेशन पर शिकायत करने के बाद भी लगातार ट्रिपिंग हो रही है।

एक्स-रे कराओ, रिपोर्ट मोबाइल से फोटो खींचकर ले जाओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सौ बेड अस्पताल में एक्स-रे यूनिट में अव्यवस्थाओं का अंबार, नहीं मिल रही फिल्म
- अधिकांश बुजुर्ग मरीजों के पास नहीं होते मोबाइल, जता रहे नाराजगी

अमृत विचार: तीन सौ बेड अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधरने में नहीं आ रहीं। डॉक्टरों की कमी के चलते ढीली-ढाली स्वास्थ्य सेवाओं के बीच अब एक्स-रे के लिए मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। मरीजों का एक्सरे तो किया जा रहा है लेकिन रिपोर्ट देने के लिए फिल्म ही नहीं है। ऐसे में मरीजों को मोबाइल से फोटो खींचना पड़ता है। डॉक्टर मोबाइल से खींचे फोटो के रूप में रिपोर्ट देखने से आनाकानी और नाराजगी जाहिर करते हैं। वे कहते हैं कि इसमें कुछ स्पष्ट नहीं हो पाता। विभागीय अफसर कान में तेल डाले हैं।

मोबाइल नहीं तो रिपोर्ट भी नहीं : अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग मरीज आते हैं। अधिकांश बुजुर्ग मरीजों के पास मोबाइल फोन नहीं होता। ऐसे में वे अपनी रिपोर्ट का फोटो कैसे खीचें। टेक्नीशियन एक्स-रे तो कर देता है लेकिन पहले ही फिल्म की समस्या से भी अवगत करा रहा है। ऐसे में मरीज नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। टेक्नीशियन ने कई बार उच्चाधिकारियों से फिल्म उपलब्ध कराने की मांग की लेकिन समस्या जस की तस है।

खूब लहराया केसरिया...अब तिरंगे की बारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने कारोबार को पंख लगा दिए। व्यापारियों को उम्मीद है कि राम की कृपा गणतंत्र दिवस पर भी बरसेगी। 26 जनवरी को लेकर शहर के प्रमुख बाजार कुतुबखाना, बड़ा बाजार, श्यामगंज में दुकानों पर तिरंगे व अन्य सामान खरीदने के लिए फुटकर व्यापारियों समेत अन्य लोग पहुंचने लगे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवा ध्वज, गुब्बारे, फूल और झालरों की जिस तरह लोगों ने खरीदारी की उससे अनुमान है कि जिले में करीब 90 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था, सामान ही कम पड़ गया। ठीक इसी तरह की भावनाएं गणतंत्र दिवस के लिए दिख रही हैं। जिसके चलते बंपर स्टाक मंगा लिया है। जितना कारोबार दस दिन में होता था, उतना तीन दिन में होने की संभावना है।

इस बार भक्ति और देशभक्ति का बनेगा संगम: पुराना रोडवेज के इलेक्ट्रानिक व्यापारी लविश ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस पर भक्ति और देशभक्ति का संगम होने वाला है। लोगों ने पहले से ही घरों पर भगवा झालरें लगा रखी हैं, अब तिरंगा झालर भी लगाएंगे। पहली बार तिरंगी झालरों की बिक्री बढ़ गई है। प्राण प्रतिष्ठा से अब तक तीन लाख रुपये की झालर बेच चुके हैं, जिसमें करीब एक लाख रुपये की तिरंगी झालर हैं। रोडवेज पर ही इलेक्ट्रानिक सामान के थोक व्यापारी मयंक कपूर ने बताया कि तिरंगी झालरों की बिक्री खूब हो रही है। तिरंगी झालर का स्टाक खत्म होने पर फिर दिल्ली से मंगाया है। गुरुवार को झालरें दुकान में उपलब्ध हो जाएंगी।

सिविल लाइंस की दुकान पर तिरंगे की खरीदारी करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

बड़ा राष्ट्रध्वज खादी के साथ फोली सिल्क से किया तैयार

दुकानदारों के अनुसार बड़े राष्ट्रध्वज को तैयार करने में खादी के साथ ही फोली सिल्क का इस्तेमाल किया गया है। इसकी खास बात होती है कि यह हल्का व चमकदार होता है। हल्का होने के कारण हवा में अच्छे से लहराता है वहीं चमक लोगों को दूर से ही आकर्षित करती है।

ये है सामान की कीमत

सामान	मूल्य (रुपये)
झंडे	5 - 150
लड़ी	20 - 50
बैंड	5-10
बैज	10-25
स्टीकर	5- 20
तिरंगा गुब्बारा	10-50
बाइक स्टैंड	10
हेयर बैंड	10
हैंड बैंड	5-10

पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 69, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

गणतंत्र दिवस पर उभरते भारत की दिखेगी छवि 14
रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फिल्म फाइटर पर बैन 13

एक नजर

आचरेकर और गणपत को मिलेगा भरतमुनि सम्मान

नई दिल्ली। कला एवं साहित्य में उत्कृष्टता के लिए काम करने वाली संस्था संस्कार भारती ने प्रथम 'भरत मुनि सम्मान' मुंबई के चित्रकार विजय दशरथ आचरेकर एवं लोककला में सिंधुदुर्ग के गणपत सखाराम मसगे को प्रदान करने की घोषणा की है। ये सम्मान बेंगलुरु में 03-04 फरवरी को अखिल भारतीय कलासाधक संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात संत श्री श्री रविशंकर भी होंगे।

युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं के साथ बातचीत करेंगे। भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने संवाददाताओं से कहा कि युवा मतदाताओं ने 2014 में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में और 2019 में उन्हें फिर से इस पद पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। वे तीसरे कार्यकाल की खातिर मोदीजी को प्रधानमंत्री चुनने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

मीनाक्षी लेखी ने किया सहज गीता का विमोचन

नई दिल्ली। विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। लेखी ने यहां एक समारोह में भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुए कहा कि आम जन में गीता को वास्तविक अर्थों में पहुंचाने की आवश्यकता है, यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है।

एम्स-दिल्ली में अप्रैल से कोई नकद भुगतान नहीं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कुछ विभागों में प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया एम्स स्मार्ट कार्ड सभी प्रकार के भुगतानों को सक्षम करने के लिए 31 मार्च तक सभी अनुभागों में शुरू किया जाएगा। एम्स की तरफ से बुधवार को यह जानकारी दी गई।

रामलला के दर्शन कराने में जुटी सरकार

विशिष्ट जनों से मुख्यमंत्री ने की अपील, आना हो तो पहले से बताएं

अयोध्या में उमड़े दर्शनार्थी, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी डटे

अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा

▸▸ श्रद्धालुओं की वापसी को रेलवे से समन्वय बनाने के भी दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को स्वाभाविक बताया है। साथ ही कहा कि, सभी की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट जनों से उम्मीद की है कि वे अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास या राज्य सरकार को जानकारी दें। जिससे अयोध्या आने पर उन्हें कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों पर मंथन भी किया था। मुख्यमंत्री के जारी निर्देशों में है कि जो श्रद्धालु दर्शन कर चुके हों, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रहे। आवश्यकतानुसार परिवहन मंत्री रेलवे से भी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन कराने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी है। कहा है कि अयोध्या की सीमा से लगे जिलों के साथ अयोध्या प्रशासन और शासन के अधिकारी अंतरराज्यीय सम्पर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध हों।

अयोध्या में बुधवार को सुबह ठंड के बीच रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

गणतंत्र दिवस पर सतर्क रहे सुरक्षा तंत्र, धार्मिक भावनाओं का न हो अपमान या तिरस्कार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए 26 जनवरी को सुरक्षा तंत्र को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस उल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी या किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान या तिरस्कार न हो। अगर कोई विद्वेष फैलाने वाले प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के खास निर्देश

- दर्शनार्थी कतारबद्ध हों, भीड़ न लगे, कतार चलायमान रहे।
- बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का ध्यान दें, भावनाओं का सम्मान हो
- प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।
- सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।
- अलाव, पेयजल, कुर्सियों की व्यवस्था रहे, मशीनीकृत सफाई हो

1 फरवरी को योगी कैबिनेट शीश नवाएगी

▸▸ भाजपा शासित राज्यों की कैबिनेट भी अलग-अलग तारीखों में पहुंचेगी अयोध्या

लखनऊ। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी रामलला के दर्शन कराने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसको लेकर पूरा शेड्यूल बनाया गया है। राज्यों के मुख्यमंत्री अलग-अलग तरीखों में अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचेंगे। इस कड़ी में 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट के दर्शन करने से पूर्व 1 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरी कैबिनेट रामलला के दर्शन करेगी। 2 फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 5 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 6 को अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा कंडू, 9 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, 12 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 15 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, 22 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, 24 फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 4 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

संसद का 1981 का संशोधन केंद्र को कैसे स्वीकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र के इस रुख पर आश्चर्य व्यक्त किया कि वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अधिनियम में 1981 के उस संशोधन को स्वीकार नहीं करता है, जिसके जरिए संस्थान को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद ने जो किया है, उस पर केंद्र को कायम रहना होगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि संसद भारतीय संघ के तहत एक शाश्वत एवं अविनाशी निकाय है। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित जटिल प्रश्न पर विचार कर रही संविधान पीठ ने केंद्र की ओर से पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि आप संसद के संशोधन को कैसे स्वीकार नहीं कर सकते?

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि संसद भारतीय संघ के तहत एक शाश्वत एवं अविनाशी निकाय है। भले ही कोई भी सरकार भारत संघ के मुद्दे का प्रतिनिधित्व करती हो, हम भारत सरकार को यह कहते हुए नहीं सुन सकते कि संसद ने जो संशोधन किया है, वह कुछ ऐसा है, जिस पर मैं सहमत नहीं हूं। आपको इस पर कायम रहना होगा। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे।

एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा

▸▸ मामले पर विचार कर रही शीर्ष कोर्ट की संविधान पीठ ने पूछा

सरकार के पास कानून में संशोधन करने का विकल्प

पीठ ने कहा कि सरकार के पास संशोधन का रास्ता अपनाने और कानून में फिर से संशोधन करने का विकल्प है। न्यायमूर्ति खन्ना ने पूछा कि यह संसद द्वारा (1981 में) किया गया एक संशोधन है। क्या सरकार इस संशोधन को स्वीकार कर रही है? मेहता ने जवाब दिया, मैं नहीं स्वीकार करता। उन्होंने कहा कि विचाराधीन संशोधन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी और वहां एक फैसले में यह घोषणा की गई थी कि यह ए, बी, सी, डी के आधार पर असंवैधानिक है और एक विधि अधिकारी के रूप में यह कहने का मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि यह दृष्टिकोण सही प्रतीत होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनवरी 2006 में एएमयू (संशोधन) अधिनियम, 1981 के उस प्रावधान को रद कर दिया था जिसके द्वारा विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

प. बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस

कोलकाता, एजेंसी

इंडिया गठबंधन को झटका

▸▸ मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने किया ऐलान

▸▸ टीएमसी से सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी कांग्रेस : अधीर रंजन

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कहा कि मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गई है। बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी से सीटों की भीख नहीं मांगेगी।

'आप' भी पंजाब में अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ भी नहीं है। 'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। देश में पंजाब बनेगा हीरो।

कार दुर्घटना में ममता के माथे में लगी चोट

बर्द्धमान। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे में बुधवार को यहां उस समय चोट लग गई जब उनकी कार को एक अन्य वाहन से टकराने से बचाने के लिए अचानक रोकना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी कार में आगे, चालक के बगल में बैठी थीं और उनका माथा सामने के शीशे से टकरा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कोलकाता लाया जा रहा है जहां डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। ममता एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पूर्वी बर्द्धमान गई थीं।

एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ का लगा जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है।

बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नियामक को एयरलाइन एक पूर्व कर्मचारी से शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया। नियामक ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विस्तृत जांच की।

कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी

▸▸ मुरादाबाद का रहने वाला था 19 वर्षीय मोहम्मद जैद

राजस्थान के कोटा जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोचिंग के गढ़ में इस साल छात्र की संदिग्ध खुदकुशी का यह पहला मामला है। बीते साल 26 छात्रों के आत्महत्या के मामले प्रकाश में आए थे जो एक साल के भीतर सबसे अधिक मामले हैं। ताजा घटना मंगलवार की है। पुलिस ने कोटा के न्यू राजीव गांधी नगर इलाके के एक छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया। जवाहर नगर क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के रहने वाले मोहम्मद जैद (19) के रूप में हुई है।

वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। सिंह ने बताया कि मंगलवार को शाम तक जैद अपने कमरे से बाहर नहीं आया तब छात्रावास के संरक्षक ने रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना दी।

मुझसे नहीं हो पा रहा, पापा-मम्मी माफ कर दो

गजरौला (अमरोहा)। मेडिकल की छात्रा ने तनाव में आकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। किराए के कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है, मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना, मैं आपके सपने को पूरा नहीं कर पा रही हूं। मैं डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन मुझसे अब यह नहीं हो पा रहा है। मुझे माफ कर देना। छात्रा की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। जनपद संत कबीर नगर के थाना बखीरा क्षेत्र के मेडरापाल निवासी प्रिया (27) पुत्री कृष्ण कुमार गजरौला में हाईवे स्थित संजीवनी कालेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गजरौला की एमडीए कालोनी में किराए का कमरा लेकर रह रही थी। मंगलवार देर रात छात्रा का शव फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को फंदे से उतारा।

मेडिकल छात्रा का फंदे पर मिला शव

▸▸ कमरे से मिले सुसाइड नोट में लिखा था डॉक्टर बनना चाहती थी प्रिया

राहुल गांधी को हाईकोर्ट से मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान मामला

▸▸ प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी याचिका का कोर्ट ने किया निपटारा

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि 2021 में बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है।

राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है, जिसमें उस नाबालिग लड़की की पहचान होती थी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के वकील ने अदालत के समक्ष पुष्टि की कि राहुल गांधी ने ट्वीट खुद ही हटा लिया था। अदालत मकरंद सुरेश म्हाडलेकर की 2021 की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की मांग थी कि 'एक्स' पर लड़की की उसके माता-पिता के साथ तस्वीर पोस्ट कर पहचान उजागर करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

दिल्ली आने वाली उड़ान में बम की धमकी अफवाह निकली

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुरक्षित लैंडिंग के बाद की गई जांच, 210 यात्री थे सवार

विमानन कंपनी स्पाइसजेट को बुधवार को दरभंगा-दिल्ली उड़ान के लिए बम की धमकी वाली कॉल मिली जो बाद में अफवाह निकली।

200 से अधिक यात्रियों वाले इस विमान को सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डे पर उतर गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट आरक्षण कार्यालय को दरभंगा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान एसजी 8496 में बम होने की सूचना मिली। विमान को शाम छह बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा गया और उसे अलग स्थान पर ले जाया गया।

हवाईअड्डे के एक सूत्र ने बताया कि शाम को हवाईअड्डे पर स्पाइसजेट विमान के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। विमान में करीब 210 यात्री सवार थे। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि जांच के बाद पता चला कि यह धमकी फर्जी थी।

राकांपा विधायक रोहित पवार से ईडी ने 11 घंटे की पूछताछ

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक में कथित घोटाले की जांच के संबंध राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार से बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। ईडी द्वारा तलब किए जाने के बाद पवार बुधवार सुबह एजेंसी के दक्षिण मुंबई में बेलार्ड एस्टेट स्थित दफ्तर में पेश हुए थे। पूछताछ के बाद रात करीब 10 बजे बाहर निकले पवार ने कहा कि वह एजेंसी के साथ सहयोग कर रहे हैं और उन्हें एक फरवरी को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सांसद सुप्रिया सुले और अन्य नेता जांच एजेंसी के कार्यालय के प्रवेश द्वार तक रोहित पवार के साथ गए। विधायक सुबह करीब साढ़े 10 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे।

ईडी ने संजय राउत के भाई को किया तलब

मुंबई। ईडी ने कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान कथित 'खिचड़ी घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत के छोटे भाई संदीप राउत को तलब किया है। संदीप को अगले सप्ताह ईडी के मुंबई कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बयान दर्ज किया जाएगा। ईडी ने मामले में शिवसेना (यूबीटी) गुट के सूरज चव्हाण को बीते सप्ताह गिरफ्तार किया था।

असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

हल्द्वानी। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर जहर का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। जहर खाया या उन्हें दिया गया, इस पर संशय है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मूलरूप से द्वाराहाट निवासी यूओयू में असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत कांडपाल (45) पुत्र तारा दत्त कांडपाल ट्यूलिप कॉलोनी में किराए पर रहते थे और रोजाना साथी प्रोफेसर के साथ कॉलेज जाते थे। बुधवार को यह सहकर्मी उनके घर पहुंचा तो कई आवाज लगाने के बावजूद हेमंत घर से नहीं निकले। सहकर्मी ने घर में जाकर देखा तो हेमंत कमरे में जमीन पर पड़े थे और सांसें भी नहीं चल रही थीं। हेमंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

समाज कल्याण अधिकारी ने किशोरियों से की अश्लील हरकत

प्रधानाचार्य विद्यालय से बुलाकर ले गई थी अपने आवास पर, विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

संवाददाता, बदायूं

▸▸ उसावां निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की पाक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट

▸▸ पीड़ित की दोनों बेटियां आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं, प्रधानाचार्या को भी मामले में बनाया गया है आरोपी

अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी और एक आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य के खिलाफ दो बहनों से छेड़छाड़ करने, अपहरण कर षड्यंत्र रचने और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उसावां के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर दोनों पर गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट के आदेश पर दातागंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दो नाबालिग बेटियां विकास क्षेत्र समरेर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं। दोनों विद्यालय के छात्रावास में रहती हैं।

22 जनवरी की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम और विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा गौतम छात्रावास का निरीक्षण करने के बहाने पहुंचे। आरोप है कि प्रधानाचार्य उनकी दोनों बेटियों को बुलाकर अपने आवास पर ले गईं।

वहां जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उनकी दोनों बेटियों से अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर प्रधानाचार्य ने छात्राओं को धमकाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आधा घंटे तक अश्लील हरकतें करते रहे। जिसके बाद दोनों छात्राओं को वापस भेज दिया। इस हरकत की जानकारी बेटियों ने मुझे बताई।

उन्होंने प्रधानाचार्य से शिकायत की तो उन्हें भी धमकाया। पुलिस से शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिसके चलते वह कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली दातागंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम और प्रधानाचार्य सुषमा गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दातागंज कोतवाल हरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

समाज कल्याण अधिकारी ने मामले को झूठा बताया

जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम का कहना है कि जो मामला है वह पूरी तरह झूठा है। जिस दिन की घटना बताई जा रही है, उस दिन मैं उपस्थित नहीं था। प्रकरण में डीएम स्तर से जांच भी हुई। जिसमें मामला झूठा पाया गया। कोर्ट द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। जांच में सब सच सामने आएगा।

सार-संक्षेप

आठ महिला सफाई कर्मियों का गणतंत्र दिवस पर होगा सम्मान

बरेली, अमृत विचार : गणतंत्र दिवस पर बरेली की आठ महिला सफाई कर्मियों को दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। नौ महिला सफाई कर्मियों को बुलाया गया था। एक के बीमार होने के चलते आठ कर्मियों को लेकर मुख्य सफाई निरीक्षक दिल्ली पहुंच गये हैं। सभी के आने-जाने व रहने खाने का खर्चा सरकार उठाएगी।

दिल्ली में 26 जनवरी को आयोजित समारोह में सम्मानित होने की बात से सफाई कर्मियों और उनके परिवार में उत्साह का माहौल है। बुधवार को सुबह पर्यावरण अभियंता राजीव राठी ने हरी झंडी दिखाकर सफाई कर्मियों की बस को रवाना किया। दिल्ली जाने वालों की सूची में पुराना शहर के मोहल्ला कोट निवासी बबीता, इंदिरा नगर की विमला, बिहारीपुर सिविल लाइंस की रीता, परतापुर चौधरी की कांता, पीलीभीत बाईपास में संसार एन्क्लेव की बबीता, चौपुला रेलवे कालोनी की सरिता, जाटवपुरा की रेनू, प्रेमनगर की जय श्री और स्वाले नगर नवदिया की गुड़िया शामिल हैं।

संविधान बचाने के लिए पीडीए को करें मजबूत: अताउर रहमान

बरेली, अमृत विचार : सपा की ओर से बुधवार को शहर के रामपुर रोड स्थित एक मैरिज हॉल में पीडीए महापंचायत का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं विधायक अताउर्रहमान ने पिछड़े, दलित, और अल्पसंख्यक मतदाताओं से संविधान बचाने के लिए पीडीए को मजबूत करने का आह्वान किया। बोले, लोकसभा चुनाव करीब है। सभी कार्यकर्ता मेहनत से जुट जाएं। विशिष्ट अतिथि बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर ने भाजपा सरकार में संविधान, और आरक्षण खतरे में बताया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता बने मंयक शुक्ला मोंटी और मोहम्मद साजिद का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इं. अनीस अहमद खां, कलीमुद्दीन, कदीर अहमद, गौरव सक्सेना, शमीम अहमद, शेर सिंह, शुजा खान, खालिद खां, पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, रविंद्र यादव, दीपक शर्मा, विजेंद्र चौधरी, प्रमोद आचार्य, भूपेंद्र कुर्मी, आदेश यादव गुड्डू, पार्षद मोहम्मद आरिफ कुरैशी, सलीम पटवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने की।

उत्तर प्रदेश की विरासत है बरेली कॉलेज...इसे बचाने की जरूरत

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह के दौरान अफसरों से भरे सभागार में साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने दिखाया आईना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रदेश के स्थापना दिवस पर बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समारोह में साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने अफसरों के सामने बरेली कॉलेज की बदहाली का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1935 में स्थापित यह कॉलेज बरेली ही नहीं पूरे प्रदेश की विरासत है। इसे बचाने की जरूरत है।

सुधीर विद्यार्थी ने 1857 की क्रांति को रेखांकित करते हुए खान बहादुर खान की शहादत के साथ बरेली कॉलेज के कुतुब शाह और छात्र जैमग्रीन के बलिदान का जिक्र किया और उसके ऐतिहासिक महत्व के मूल्यांकन को भी जरूरी बताया। उन्होंने क्रांतिकारी दामोदर स्वरूप सेठ और निरंकार देव सेवक की भूमिका का भी उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को सहेजने ,1857 की गवाह नकटिया और किला नदी को बचाए जाने पर जोर दिया। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी और गैर सरकारी 29 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से संचालित टूल किट्स वितरण योजना तहत निशुल्क विद्युत चालित चाकें वितरित की गईं। स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, संजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, आईजी राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ जगप्रवेश, सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, डीआईओएस देवकी सिंह आदि मौजूद रहे।

▸▸ अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी, गैर सरकारी 29 लोग हुए सम्मानित



समारोह में बोलते सुधीर विद्यार्थी।

सरकारी क्षेत्र में ये लोग किए गए सम्मानित

राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अवनीश यादव को भारत सरकार की ओर से 2013 में अमेरिका में शैक्षिक भ्रमण, राष्ट्रपति से सम्मानित होने, सहायक संख्याधिकारी मयूरी अग्रवाल को आंकाक्षात्मक ब्लॉकों में योगदान, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अन्नू महाजन को समाजसेवा, एनएसएस, कनिष्ठ सहायक ग्राम विकास विभाग अक्षय को भारत संकल्प यात्रा में योगदान, राजस्व सहायक शबनम जबी और राजस्व निरीक्षक नवादा जोगियान प्रमोद सक्सेना को बेहतर कार्य, एएनएम सबीहा खातून को टीकाकरण, सीनियर लैब असिस्टेंट दुर्गेश मिश्रा को मंडल में सर्वाधिक रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट, आंगनबाड़ी वर्कर सलमा को पोषण ट्रेकर पर शतप्रतिशत फीडिंग, बीसी सखी प्रियंका को सर्वाधिक कमीशन, पंचायत सहायक सतेंद्र दिवाकर को अच्छे कार्य, चौकी इंचार्ज नवीन कुमार, सीबीगंज के हेड कांस्टेबल सरजीत सिंह, शहर कोतवाली के अमर राठी को गिरफ्तारी और माल बरामदगी में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

गैर सरकारी में इन लोगों का सम्मान

सुधीर विद्यार्थी को लेखन, जयदीप सिंह बरार को जल संरक्षण, वृक्षारोपण, धीरज पाठक को पशु चिकित्सा, मंगल सेन भगत (जिला बाल कल्याण समिति न्यायपीठ बरेली में 2010 से 2016) बच्चों को न्याय दिलाने, कृष्ण स्वरूप सक्सेना को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्तिकरण, शैलेश कुमार को मनोविज्ञान चिकित्सा के क्षेत्र में जागरुकता, शिशु पाल मौर्य को प्रचार-प्रसार, सीमा को समूह की महिलाओं को रोजगार, मीना सोंधी को सामाजिक कार्य, राजीव कुमार पांडेय को मिशन रोशनी के तहत मोतियाबिंद, राज नारायण को जल संरक्षण, आंशिका को ताइक्वांडो में कांस्य पदक, सुरभि राय, सुषमा श्रीवास्तव को नेशनल गेम कांस्य पदक के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डीएम रविंद्र कुमार, आईजी डॉ. राकेश सिंह, जिपं अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स।

स्कूली बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : स्थापना दिवस समारोह में कई स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अतिथियों का मन मोह लिया। उन्होंने इसके अलावा रंगोली बनाकर धरोहरों को संजोकर रखने का भी संदेश दिया।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करते डीएम, आईजी और मेयर।

स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं बालिकाएं।

प्रदेश के समृद्ध इतिहास के बारे में बताया

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के एमएड विभाग में बुधवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दीप्ति जौहरी ने प्रदेश के समृद्ध इतिहास से लेकर वर्तमान और भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने प्रदेश के विकास में आमजन की सहभागिता को जरूरी बताया। शैक्षिक सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. जय श्री मिश्र ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर जागरूक किया। समिति की सचिव प्रो नीलम गुप्ता, डा. सर्वेश कुमार, डा. देवराज गौतम, प्रो राजेंद्र सिंह, प्रो मोनिका अग्रवाल, प्रो संगीता सिंह, प्रो अनीता सिंह, प्रो कविता डोगरा, प्रो. राकेश कुमार, डॉ. अमिता, डा. गौसिया, डॉ.सारा, डॉ.अजिता समेत अन्य मौजूद रहे।

इंटर स्कूल स्लोगन लेखन में सलमा खान प्रथम

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज इंटर कॉलेज व डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को बालिका दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने बेटियों के महत्व पर चर्चा की। इंटर स्कूल स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से किया गया। इसमें सीबीगंज इंटर कॉलेज की सलमा खान ने प्रथम, मिथुन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीबीगंज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप व डॉल्फिन स्कूल के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी ने सहयोग किया। हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह भारती, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

अब बरेली में 33.46 लाख वोटों की ताकत

राष्ट्रीय मतदाता दिवस: पांच साल के अंदर जिले में बढ़ गए दो लाख से ज्यादा वोटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लोगों में बढ़ती जागरूकता का ही असर कहा जा सकता है कि चुनाव दर चुनाव जिले में वोटरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले पांच साल में जिले में दो लाख से ज्यादा वोटर बढ़े हैं। चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 31.40 लाख वोटर थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में यह संख्या बढ़कर 32 लाख 93 हजार के नजदीक पहुंची और अब लोकसभा चुनाव से पहले करीब तीन महीने तक चलाए गए पुनरीक्षण अभियान के बाद 33,46,048 हो गए हैं।

जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का 22 जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। इसके मुताबिक इस बार मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद 78531 महिला और 58062 पुरुष वोटरों के नाम मतदाता सूची में शामिल हुए हैं। नए मतदाताओं की संख्या एक लाख 36 हजार 608 है। इसके अलावा डुप्लीकेट और मृतक 74,916 मतदाताओं के नाम सूची से हटाकर 61692 नाम बढ़ाए गए हैं।

रिकॉर्डतोड़ नए वोट बने हैं महिलाओं के

तीन महीने के विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान अलग-अलग तारीखों में जिले के सभी 3492 बूथों पर बीएलओ ने नए मतदाताओं से फार्म भरवाए। इस प्रक्रिया में सबसे ज्यादा 78531 महिलाओं के नाम नए वोटर के तौर पर सूचियों में जोड़े गए। पुरुषों की संख्या 58062 रही। 18-19 साल उम्र के युवा वोटरों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम 38 हजार ही रही।

वोट डालना जिम्मेदारी है। मैंने जब पहली बार वोट डाला था तो बहुत उत्साहित थी। इस बार दूसरी बार वोट डालने का मौका मिलेगा। मतदान सभी को करना चाहिए। – **मोहिनी शर्मा।**

मतदाता सूची में पहली बार मेरा नाम शामिल हुआ है। वोट डालने के लिए अभी से बहुत उत्साहित हूं। इस बात की खुशी है कि मुझे अपनी पसंद की सरकार चुनने का मौका मिलेगा। – **मानसी शर्मा।**

चुनाव के दिन मैं पहले वोट डालता हूं और उसके बाद दूसरे काम करता हूं। बाकी लोगों को भी लिए प्रेरित करता हूं क्योंकि जितनी वोटिंग होगी, लोगों में उतनी जागरूकता आएगी। – **शुभम पाराशरी।**

मतदान जागरूकता के लिए प्रशासन कई कार्यक्रम करता है। हमारा कर्तव्य है कि हम लोकतंत्र के इस यज्ञ में पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने वोटों की आहुति देकर बेहतर सरकार चुने। – **दीपांशी अग्रवाल।**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण का दिन है। एक-एक वोट का कितना महत्व है, यही जागरूकता लाने के लिए मतदाता दिवस मनाया जाता है। सभी से अपील है कि अपनी सहभागिता से आने वाले चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाए। – **सौम्या अग्रवाल,** कमिश्नर।

मतदान करना गर्व की बात है। इसमें पीछे नहीं रहना चाहिए। मैं हर बार मतदान करता हूं। इस अधिकार का प्रयोग सबको करना चाहिए। वोट खराब नहीं करना चाहिए। – **हर्षित सक्सेना।**

लोकतंत्र में मतदान लोगों का सबसे प्रमुख अधिकार

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों को शपथ दिलाते डीएम रविंद्र कुमार।

▸▸ डीएम ने 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अफसरों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई

बरेली, अमृत विचार : डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने मत के महत्व को समझना होगा। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र में नागरिकों को वोट देने का हक दिया गया है। वह बुधवार को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई।

डीएम ने बताया कि 25 जनवरी 2011 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरुआत हुई थी, तब से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए दिवस मनाया जाता है। मतदाता दिवस मनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य है कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। खुद वोटिंग करने के साथ घर के आस-पास रहने वाले मतदाताओं को भी प्रेरित करें। एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह समेत कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते पूर्व माध्यमिक विद्यालय वारी नगला के बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

बरेली, अमृत विचार : पूर्व माध्यमिक विद्यालय वारी नगला के बच्चों और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई। ग्राम प्रधान शिव कुमार पटेल, धर्मेंद्र पटेल, लेखराज पटेल, फूल सिंह, प्रमोद सिंह, लल्लन सिंह, ऋषि पाल सिंह, प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा, आशा राणा, रजी हसन, अमित यादव, प्रीति शर्मा मौजूद रहीं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एडीजी ने दिलाई शपथ

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एडीजी पीसी मीना ने बुधवार को कार्यालय में सभी अधिकारी और कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही दूसरों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में वोटरों की विधिक स्थिति की दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार: मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने मतदाताओं की विधिक स्थिति पर प्रकाश डाला। डॉ.शहनाज अख्तर, डा. लक्षयलता प्रजापति, नईमुददीन, डॉ. लक्ष्मी देवी, अनुष्का, निधि शंकर, नेहा दिवाकर, प्रियदर्शनी रावत, प्रवीन चौहान आदि मौजूद रहे।

रैली निकाली

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश के स्थापना एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विष्णु इंटर कालेज में कार्यक्रम हुआ। नोडल अधिकारी डॉ. आलोक कुमार सेठ ने विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। अजीत सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने रैली निकाली। प्रधानाचार्य डा. शरद कांत शर्मा, विजय यादव, प्रदीप शर्मा, रमन गंगवार, प्रवीन शर्मा, मुद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विष्णु इंटर कॉलेज में शपथ लेते शिक्षक और विद्यार्थी।

मतदान के प्रति किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : उप निदेशक शिक्षा तृतीय मंडल गजेंद्र कुमार ने मतदान का महत्व बताकर कर्मचारियों को शपथ दिलाई। राजेश सक्सेना, प्रदीप शर्मा, शैलेंद्र चंद्र सक्सेना, आराधना दुबे, धीरज शर्मा, रोहित शाक्य मौजूद रहे।

राहुल गांधी से डर गए असम के मुख्यमंत्री

▸▸ युवा कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना देकर किया प्रदर्शन राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : युवा कांग्रेस कमेटी ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री राहुल गांधी से डरे हुए हैं।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के आह्वान पर बुधवार को युवा जिलाध्यक्ष हर्षित दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चौकी चौराहा पर गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि असम सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बाधा डाल रही है। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि इन बाधाओं से राहुल गांधी डरने वाले नहीं है। हसनैन अंसारी, रमेश श्रीवास्तव, अवनीश बख्शी, नदीम सिद्दीकी, यूसुफ सैफी, आकाश प्रताप सिंह, हैरिस बट, मुकेश वाल्मीकि, साहिब सिंह, शिवांग शर्मा, फैज आदि मौजूद रहे।

असम के मुख्यमंत्री के विरोध में धरना देते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।



रामलला के दर्शन के लिए कल अयोध्या जाएंगे ब्रज प्रांत के दो हजार कार्यकर्ता

अनुपम सिंह, बरेली

- बृहस्पतिवार को करेंगे दर्शन बरेली के भी दो सौ कार्यकर्ता होंगे शामिल
- 92 के आंदोलन में शामिल रहे कारसेवकों को भी कराया जाएगा दर्शन

अमृत विचार: अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए हर कोई आतुर है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से राममंदिर आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले कारसेवकों और संघ के साथ उसके अनुषांगिक संगठनों के समर्पित कार्यकर्ताओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाने की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रज प्रांत से करीब दो हजार कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाया जाएगा। इनकी सूची लगभग तैयार कर ली गई है। अयोध्या जाने वाले दो हजार कार्यकर्ताओं में करीब दो सौ बरेली के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इन्हें गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को अयोध्या ले जाया जाएगा जहां 27 जनवरी की सुबह रामलला के दर्शन कराए जाएंगे। इन कार्यकर्ताओं के ठहरने के साथ बाकी सुविधाओं के लिए श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से व्यवस्था की गई है। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत के अनुसार अयोध्या जाने वालों की सूची लगभग तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच और संघ से जुड़े दूसरे संगठनों के लोगों को भी अयोध्या ले जाया जाएगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महानगर अध्यक्ष पवन अरोड़ा के अनुसार बरेली से जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची को फाइनल करने का काम चल रहा है। शुक्रवार को सभी रामभक्त रवाना होंगे।

अलग-अलग तारीखों में जाएंगे अलग-अलग प्रांतों के कारसेवक

अलग-अलग प्रांत के जिलों में संघ के कार्यकर्ताओं और कारसेवकों को रामलला के दर्शन कराए जाने हैं। एक साथ सभी के पहुंचने से भीड़ ज्यादा हो सकती है, क्योंकि अयोध्या में श्रद्धालुओं की पहले से ही बहुत ज्यादा भीड़ है। इस वजह से अलग-अलग तारीखों में अलग-अलग प्रांत के लोगों को दर्शन कराने की योजना बनाई गई है।

भुता के गांव अलोरा के अंगदलाल मजदूरी करते हैं। बुधवार को वह पत्नी माया और बेटे अर्जुन और विनय को लेकर चूल्हा और राशन के साथ अपने जुगाड़ वाहन से ही रामलला के दर्शन करने अयोध्या निकल पड़े। ● अमृत विचार

ग्रामीण इलाकों में बन रहे हैं 24 स्वास्थ्य उपकेंद्र, आठ बनकर हुए तैयार

बरेली, अमृत विचार : देहात के मरीजों को उनके घर के निकट ही बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए 24 गांवों में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जा रहे हैं। आठ का निर्माण पूरा हो चुका है। सभी केंद्रों का निर्माण पूर्ण होने के बाद स्टाफ की तैनाती कर दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेरगढ़.के सराय, पलाथा, रुस्तम नगर, खाटा और सिहोर, बहेड़ी के मनौना पट्टी, नरसुआ भरौरा, महमूद पुर, जसनपुर, पिंडारी अशोक, भैसिया, फरीदामनकरा, रतनपुर नौडांडी, क्यारा के जीत्तोर, मझगवां के झाउन नगला, मुड़िया नबी बख्श के जफारा, सिमेरा, बिथरी चैनपुर के भीकमपुर, सैदपुर कुर्मियां, भमौरा के करपरिया खास, बागरपुर, भोजीपुरा के दलपतपुर, बुजिया सुमाली और फतेहगंज पश्चमी के सुकाली में उपकेंद्र बनाने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। वहीं बिथरी चैनपुर के डोहरा गांव में उपकेंद्र के लिए जमीन अभी नहीं मिल पाई है। लेखपाल को जल्द भूमि चिन्हित करने के आदेश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि 24 गांवों में बन रहे उपकेंद्रों में से कुछ का निर्माण पूर्ण हो गया है। निर्माण पूरा होते ही सभी केंद्रों पर स्टाफ की तैनाती कर दी जाएगी।

बंदर ने किया महिला पर हमला, छत से गिरकर मौत

भमोरा, अमृत विचार : छत पर लकड़ी लेने गई एक महिला पर बंदर ने हमला कर दिया। बचने की कोशिश करते हुए वह छत से नीचे आ गिरी और गंभीर चोटें लगने से उसकी मौत हो गई। गांव सिंघा में रहने वाले बेचेलाल मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को उनकी 48 वर्षीय पत्नी ओमवती छत पर लकड़ी लेने गई थीं, इसी दौरान अचानक एक बंदर ने उन पर हमला कर दिया। ओमवती उससे बचने के लिए दौड़ीं तो हड़बड़ाहट में छत से नीचे आ गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिवार के लोग उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। बेचेलाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ओमवती अपने पीछे छह बच्चे छोड़ गईं। इस घटना से गांव के लोगों में भारी गुस्सा है। उनका कहना है कि गांव में बंदरों की भरमार है। अक्सर बंदर लोगों को काटकर घायल कर देते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामफूल सिंह चौहान ने बताया कई बार वन विभाग से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

संजयनगर में पूरे दिन गुस्साए सांड़ का उत्पात एक बुजुर्ग की मौत, 12 लोगों को किया घायल

शहर को छुट्टा पशुओं से मुक्त घोषित कर चुके निगम के अफसरों ने बार-बार सूचना देने के बाद भी नहीं भेजी टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुबह सात बजे लोगों पर शुरू किए हमले, रात 10 बजे पहुंची टीम
- देर रात तक सांड़ को पकड़कर ले जाने में नहीं हो सकी कामयाब

अमृत विचार : नगर निगम के अफसर शहर को छुट्टा पशुओं से मुक्त घोषित कर चुके हैं लेकिन संजयनगर में बुधवार को एक सांड़ के उत्पात ने इस दावे की धज्जियां उड़ा दीं। गुस्साए सांड़ के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई और 10-12 लोग घायल हो गए। पूरे दिन सांड़ से आतंक से आसपास के घरों में कैद रहे लोगों के साथ पुलिस भी बार-बार सूचना देती रही लेकिन इसके बावजूद सांड़ को पकड़ने के लिए नगर निगम की ओर से कोई इंतजाम भी नहीं किया गया। रात दस बजे नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे लेकिन देर रात तक सांड़ को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सके।

संजयनगर में सांड़ का उत्पात सुबह सात बजे से ही शुरू हो गया। उसने राह चलते लोगों पर हमला करके उन्हें दौड़ाना शुरू कर दिया। सुभाषनगर में रहने वाले मनु शर्मा के मुताबिक सेंट्रल स्टेट कॉलोनी निवासी उनके फूफा 65 वर्षीय करुणा शंकर पांडेय केन मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार सुबह आठ बजे वह टहलकर घर लौट रहे थे। तभी कॉलोनी में घर से कुछ ही दूर उन पर सांड़ ने हमला कर दिया। उन्हें सींगों पर उठाकर जमीन पर पटक दिया। करुणा शंकर के गिरने के बाद भी सांड़ करीब पांच मिनट तक उन्हें अपने खुरों से कुचलता रहा। आसपास कोई और नहीं था। कुछ देर बाद उनके बेटे अक्षय और पुत्रवधू कनक को पता चला तो वे करुणा शंकर को किसी तरह उठाकर निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बुद्धविहार चंद्रमणिनगर में रहने वाले नीलेश गुप्ता ने बताया कि इससे पहले सांड़ ने उनके भाई विपिन पर हमला किया। वह सुबह साढ़े सात बजे भाई विपिन, अंकित और सुदेश के साथ घर के सामने प्लॉट पर निर्माण करा रहे थे। इसी बीच कहीं से आए सांड़ ने विपिन को टक्कर मार दी। इस हमले से विपिन का बायां पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। विपिन को बचाने की कोशिश की तो सांड़ ने उन तीनों पर भी हमला कर दिया, जिससे वे लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। अंकित की हथेली फट गई। इसके अलावा सांड़ ने होली चौराहे पर मूंगफली विक्रेता अभिषेक को भी हमला कर घायल कर दिया। उन्हें मामूली चोट लगी है।

सांड़ के हमले से उनका भाई भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि जोशी वाली गली में भी सांड़ ने एक महिला समेत कई लोगों पर हमला किया। महिला को गंभीर रूप से घायल होने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वायरल फुटेज : संजयनगर में बुजुर्ग पर हमला करता सांड़। ● अमृत विचार

सुदेश गुप्ता, अभिषेक कुमार और नीलेश।

घायल विपिन गुप्ता।

बाइक से जाते कई लोगों को गिराया, ई-रिक्शा में मारी टक्कर, आठ घायल

रात करीब 9.30 बजे सांड़ एक प्लॉट से भागता हुआ निकलकर दोबारा सड़क पर आ गया। इसके बाद उसने फिर राह चलते लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। दो अलग-अलग बाइक को टक्कर मारने से उन पर सवार चार लोग घायल हो गए। इसके अलावा सांड़ ने एक ई-रिक्शा को भी जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसमें बैठे चार लोग घायल हो गए। लोगों ने बमुश्किल उन लोगों को बचाया। रात 10 बजे तक सांड़ सड़क पर आते-जाते लोगों पर हमला करता रहा।

सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक नगर निगम अफसरों को फोन करते रहे लोग

सांड़ के हमले में सुबह करुणाशंकर पांडेय की मौत के बाद मॉडल टाउन चौकी के इंचार्ज वैभव गुप्ता और मुख्य आरक्षी बलवीर सिंह ने नगर निगम के अफसरों को फोन कर टीम भेजकर सांड़ को पकड़वाने के लिए कहा। आसपास के लोग भी दिन भर फोन करके नगर निगम के अफसरों से सांड़ को पकड़वाने की फरियाद करते रहे, लेकिन नगर निगम की टीम रात 10 बजे पहुंची लेकिन रात 11 बजे खबर लिखे जाने तक सांड़ को पकड़ नहीं सकी थी।

शहर के आबादी वाले इलाकों में सैकड़ों छुट्टा पशु बने हुए हैं खतरा

छुट्टा पशुओं पर सरकारी तंत्र सिर्फ कागजी खानापूरी में जुटा हुआ है। हालत यह है कि शहर के आबादी वाले इलाकों में सैकड़ों छुट्टा पशु घूम रहे हैं। गायों के अलावा इनमें भारी संख्या में सांड़ भी हैं जिनकी वजह से लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। स्मार्ट सिटी के दायरे में आने वाली शहर की पॉश कॉलोनियां भी इससे अछूती नहीं हैं। इसके बावजूद नगर निगम के अफसर शहर में कोई छुट्टा पशु न होने का दावा कर चुके हैं।

स्कूल संचालक से रंगदारी मांग रहा करणी सेना का पूर्व जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित ने एसएसपी को दिया शिकायती पत्र, दो अन्य पर भी लगाया आरोप
- पूर्व जिला अध्यक्ष के खिलाफ भोजीपुरा थाने में दर्ज है गोकशी की रिपोर्ट

अमृत विचार : करणी सेना का पूर्व जिलाध्यक्ष गोकशी मामले में फरार है। वहीं उसके द्वारा एक स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने और धमकाने का मामला सामने आया है। स्कूल संचालक ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है जिसमें उसके दो अन्य साथियों पर भी आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इज्जतनगर क्षेत्र के बिहारमान नगला निवासी राजेश चंद्रा ने शिकायती पत्र में कहा कि वह पार्वती जूनियर हाईस्कूल चलाते हैं। स्कूल के एक शिक्षक पर दो जनवरी को कुकर्म की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में करणी सेना का पूर्व जिलाध्यक्ष और उसके साथियों ने समझौते के नाम पर रंगदारी मांगी और धमकी दी है। बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने से पहले ही 31 दिसंबर की रात 8.15 बजे एक आरोपी ने फोन कर समझौता कराने की बात कह पैसे की मांग की। इंकार करने पर बदनाम करने की धमकी दी। दो जनवरी को करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल सिंह और उसके दो साथियों ने स्कूल पहुंचकर वीडियो बनाया। विरोध किया तो हड़काकर स्कूल बंद कराने की धमकी दी। इसके बाद 50 हजार रुपये मांगे। इनमें एक आरोपी सीबीगंज का रहने वाला है।

उनके व्हाट्सएप नंबर पर खबर के रूप में वीडियो भेजकर धमकी दी गई। राजेश ने बताया कि शिक्षक ने जो घटना की है उससे उनका कोई लेना देना नहीं है। उनके स्कूल को बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। पूरा परिवार सदमे में है। बता दें कि करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ गोकशी मामले में भोजीपुरा थाने में मुकदमा दर्ज है। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुराने रोडवेज पर निर्माणाधीन भवन में मिला युवक का शव, ठंड से मौत होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में पुराने रोडवेज बस अड्डे के सामने निर्माणाधीन भवन में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

पुलिस की तमाम कोशिश के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुराने रोडवेज बस अड्डे के पास से बुधवार सुबह गुजर रहे लोगों ने देखा कि निर्माणाधीन भवन के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ठंड के कारण युवक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है।

बड़ा बाईपास: मुआवजे के लिए परेशान किसान फिर डीएम से मिले

- डीएम ने एडीएम न्यायिक को एनएचएआई के पीडी और किसानों के साथ बैठक कराने के दिए निर्देश

बरेली, अमृत विचार : कई वर्षों से बड़ा बाईपास के निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे के लिए किसान परेशान हैं। बुधवार को अखिल भारतीय किसान महासभा जिलाध्यक्ष हरिनंदन सिंह पटेल की अगुवाई में तमाम किसान डीएम रविंद्र कुमार से मिले और अपनी बात रखी। डीएम ने भूमि आधिपत्य अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे एडीएम न्यायिक आशीष कुमार को एनएचएआई के पीडी और किसानों के बीच बैठक कराने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, 2013 में रजऊ परसपुर से परसाखेड़ा तक 32.5 किलोमीटर लंबा बड़ा बाईपास बनाया गया था। इसमें 33 गांवों के करीब हजारों किसानों की जमीन अधिग्रहित हुई थी। 600 किसानों को मुआवजा अभी तक नहीं मिला है, जबकि बाकी किसानों ने मुआवजा ले लिया था। मुआवजा अधिक सर्किल रेट के अनुसार किसान मांग रहे हैं। इसको लेकर कई बार उग्र प्रदर्शन हो चुके हैं। मामला कोर्ट में भी गया था। पिछले दिनों किसानों ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य प्रशासन एवं वरिष्ठ आईएएस विशाल चौहान बरेली आए थे। उनकी मौजूदगी में जमीन के मुआवजे को लेकर सर्किट हाउस में बैठक हुई थी, मगर सहमति नहीं बन सकी। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि डीएम से मुआवजे के संबंध में मुलाकात की है।

दस साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : एक व्यक्ति दस साल की बच्ची को बहाने से दुकान पर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता की मां ने बारादरी पुलिस से शिकायत की, मगर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसपर बच्ची की मां ने एसएसपी शिकायत की। उनके आदेश पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की।

बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उनकी बेटी 19 जनवरी को दोपहर में घर पर खेल रही थी। आरोप है कि मोहल्ले का समी राजपूत घर आया और बेटी को दुकान पर खाने का सामान दिलाने के बहाने ले गया। वहां वह बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बेटी के चीखने पर बड़ी बहन मौके पर आ गई। यह देखकर आरोपी भाग गया। पीड़िता ने बताया कि वह तुरंत बच्ची को लेकर थाना बारादरी गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ड्रग हाउस निर्माण पर गलत सूचना देकर फंसे राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समीक्षा बैठक में डीएम ने कार्रवाई के दिए आदेश
- आहार वितरण में लापरवाही पर तीन सीडीपीओ को नोटिस

अमृत विचार : डीएम रविंद्र कुमार ने बुधवार को विकास भवन में विकास कार्यों और सीएम डैशबोर्ड पर डी-ई ग्रेड पाने वाले विभागों के कारणों की समीक्षा की। अफसरों को रैंकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ड्रग हाउस निर्माण को लेकर भ्रामक सूचना देने के मामले में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता पर कार्रवाई के आदेश दिए।

डीएम ने आंकाक्षात्मक ब्लॉकों की समीक्षा में पाया कि गर्भवती महिलाओं के अनुपूरक आहार वितरण में मझगवां, शेरगढ़, बहेड़ी की स्थिति ठीक नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित सीडीपीओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग मामलों की जानकारी नहीं होने पर यूनीसेफ, डब्लूएचओ, स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ट्रेनिंग देने को कहा। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर माह की 29 तारीख तक सभी प्रकार की पेंशन, कन्या सुमंगला समेत लंबित आवेदन अनिवार्य रूप से निस्तारित होना चाहिए। 15वें वित्त आयोग की धनराशि को माह के अंत तक 80 प्रतिशत व्यय करने, राज्य वित्त आयोग का व्यय 90 प्रतिशत तक व्यय करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री आवास, निर्माणाधीन गोशाला की भी समीक्षा की।

विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कुतुबखाना पुल : ठेकेदार को जुर्माने का डर, मजदूरों की जिंदगी दांव पर

पीडब्ल्यूडी मंत्री की चेतावनी के बाद सुरक्षा मानकों को अनदेखा कर अंधाधुंध ढंग से कराया जा रहा है काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जनप्रतिनिधियों को चुनाव से पहले कुतुबखाना पुल का उद्घाटन करना है। इसी कारण पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद चेतावनी दे चुके हैं कि 30 जनवरी तक पुल का निर्माण पूरा न हुआ तो न अफसरों को छोड़ेंगे न ठेकेदार को। नतीजा यह है कि सुरक्षा मानकों की परवाह किए बगैर मजदूरों को अंधाधुंध ढंग से निर्माण में झोंक दिया गया है। बुधवार को साफ नजर आया कि जुर्माने और मंत्री की चेतावनी का इस कदर डर है कि मजदूरों की जिंदगी तक की परवाह नहीं की जा रही है।

बृहस्पतिवार को निर्माणाधीन पुल पर जोखिम भरा काम करने के बावजूद ज्यादातर मजदूर हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। पुल पर लटककर शटरिंग लगाने जैसा खतरनाक काम करते वक्त भी सेफ्टी बेल्ट भी नहीं बंधी थी। नीचे व्यापारियों ने उन्हें खतरा उठाकर शटरिंग की प्लेट लगाते देखा तो दहल गए। उन्होंने मजदूरों को ऐसा करने से मना किया लेकिन वे वैसे ही काम करते रहे। व्यापारियों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी मंत्री की चेतावनी के बाद ठेकेदार ने काम तेज करने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ा दी है, साथ ही सुरक्षा नियमों को भी ताक पर रख दिया है, जबकि ऐसी ही अंधाधुंध तेजी के कारण हुए हादसे में एक मजदूर और ठेकेदार की जान जा चुकी है।

सेतु निगम के डीपीएम अरुण गुप्ता ने बताया कि कुतुबखाना पुल 15 फरवरी तक तैयार हो जाएगा। उनकी ओर से ठेकेदार को सुरक्षा मानकों के पालन की कई बार हिदायत दी जा चुकी है। फिर भी लापरवाही बरती जा रही है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कुतुबखाना पुल निर्माण के दौरान श्रमिकों ने सिर पर नहीं लगाया था हेलमेट।

सुरक्षा मानक ताक पर रखकर शटरिंग की प्लेट लगाते श्रमिक। ● अमृत विचार

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा.शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

बच्चों का स्कूल में प्रवेश करा दिया मगर दो साल से ड्रेस और स्वेटर का पैसा नहीं आया

मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में शिकायत निवारण शिविर में समस्याएं लेकर पहुंचे सैकड़ों लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : साहब, हमारे बच्चे का स्कूल में प्रवेश तो हो गया है लेकिन दो साल से ड्रेस और स्वेटर के पैसे नहीं आए हैं। इस आशय की शिकायत दमखोदा ब्लाक से आई महिला ने शिकायत निवारण शिविर में की। अफसरों ने इसी माह शिकायत का निस्तारण करने और अगले माह खाते में पैसे आने का आश्वासन दिया। भूड़ के कंपोजिट विद्यालय के एक बच्चे ने भी ड्रेस के पैसे नहीं आने की बात कही। राशनकार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनने समेत कई शिकायतें आईं।

महिला कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में शिकायत निवारण शिविर लगाया गया। इसमें तीन ब्लाकों के अलावा सदर तहसील के लोग भी पहुंचे। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रजिस्ट्रार गोमती मनोचा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में 145 शिकायतें आईं। इनमें 93 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

बहेड़ी से आए दिव्यांग अहमद ने प्रमाण पत्र न बनने की शिकायत की तो अफसरों ने संबधित अधिकारी से बात कर प्रमाण पत्र की समस्या को हल कराया। फतेहगंज पश्चिमी से आए राम सिंह ने राशन कार्ड न बनने की शिकायत करते हुए योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की बात कही। शिविर में ही उनका राशन कार्ड बना दिया गया। शिविर में 16 विभागों के स्टाल लगाये गए। सुनने की मशीन, चश्मा, पोषण आहार, श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कन्या-विवाह के लिए 55 हजार की धनराशि व छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन दिए गए।

एसपी यातायात शिवराज सिंह ने किशोरियों को पॉक्सो एक्ट के विषय में जानकारी दी। एसीएमओ डा.सतीश चन्द ,जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, मनोहर भूषण इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डा. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

बच्चों को हियरिंग एड देतीं बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रजिस्ट्रार गोमती मनोचा।

- महिला कल्याण विभाग के शिविर में 145 में 93 शिकायतों के निस्तारण का दावा

किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई
- बीमार होने पर जांच कराई तो हुई थी गर्भवती होने की जानकारी

विधि संवाददाता, बरेली: किशोरी संग दुष्कर्म के आरोपी मुड़िया अहमद नगर निवासी बुन्दन को दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माने में से 20 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिये जायेंगे।

पीड़िता की मां ने थाना इज्जतनगर में 4 मई 2022 को तहरीर दी थी कि उनकी 15 वर्षीया बेटी की तबीयत खराब थी। डॉक्टर को दिखाने ले गयी तो पता लगा कि वह गर्भवती है। पूछने पर बेटी ने बताया कि बुन्दन 4-5 माह से पैसे का लालच देकर नदी की तरफ ले जाकर गलत काम करता था जिससे वह गर्भवती हो गयी। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत चार्जशीट कोर्ट में पेश की। अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए गए।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी बरी

विधि संवाददाता,बरेली : किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी भमौरा के ग्राम सिंघा निवासी उपेंद्र मौर्य को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने दोषमुक्त करार दिया।
आरोपी के वकील बनवारी लाल मौर्य ने तर्क दिया कि गांव में पार्टीबंदी के चलते उपेंद्र को फंसाया गया। 4 मार्च 2021 को थाना भमौरा में तहरीर देकर पीड़िता की मां ने लड़की को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। भमौरा पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये थे।

सिर धड़ से अलग करने की धमकी देकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की शेयर

बरेली, अमृत विचार : एक युवक ने सिर धड़ से अलग करने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट शेयर की है। इसकी शिकायत एक्स के माध्यम से पुलिस से की गई है। हिमांशु पटेल ने एक्स पर आईजी और बरेली पुलिस को टैग करते हुए लिखा कि मोहम्मद समद नाम के युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से राम मंदिर के बारे में भड़काऊ पोस्ट शेयर की है। पोस्ट में सिर धड़ से अलग करने की बात कही गई है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई है।

सड़क हादसे में नवाबगंज के युवा क्रिकेटर और जहानाबाद चेयरमैन के बेटे की मौत

- किच्छा से लौटते समय पुल भट्टा पर हुआ हादसा, तीसरा युवक गंभीर घायल

नवाबगंज, अमृत विचार : किच्छा (उत्तराखंड) के पुल भट्टा पर मंगलवार रात किसी भारी वाहन की टक्कर से फॉर्च्युनर गाड़ी में सवार कस्बे के जमील अहमद के 20 वर्षीय बेटे आसिफ और जहानाबाद (पीलीभीत) नगर पंचायत की चेयरमैन ममता गुप्ता के 25 वर्षीय बेटे शिवा की मौत हो गई। नवाबगंज के ही रमेश गुप्ता के बेटे शिवा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक आसिफ।

जहानाबाद चेयरमैन के बेटे शिवा और नवाबगंज के शिवा आपस ममेरे-फुफेरे भाई थे। आसिफ समेत तीनों युवक फॉर्च्युनर से किच्छा से लौट रहे थे, पुल भट्टे पर किसी अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से उनकी गाड़ी चकनाचूर हो गई । आसिफ और चेयरमैन के बेटे शिवा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि रमेश गुप्ता के बेटे शिवा गंभीर घायल हो गए। किच्छा पुलिस ने घायल शिवा को इलाज के लिए बरेली भिजवाया। हादसे में मारे गए दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए ऊधमसिंह नगर भेज दिए गए। शाम चार बजे आसिफ का शव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम उन्हें कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शुक्ला, रविंद्र सिंह राठौर, आशीष गुप्ता, पूर्व सभासद अब्दुल वहीद समेत कई लोगों ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। घायल शिवा की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे में मारे गए आसिफ की पहचान अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी के तौर पर थी। उनकी मौत से क्रिकेट प्रेमियों में भी शोक का माहौल है। उनके बड़े भाई फिरोज और अनीस की रेडिमेड कपड़ों की दुकान है। तीसरे भाई अलीम का अलग कारोबार है।

ब्रह्मपाल हत्या मामले में पुलिस के हाथ खाली

बरेली, अमृत विचार : भमोरा क्षेत्र में 10 दिन पहले खेत पर गए सेवानिवृत्त सचिव ब्रह्मपाल की हत्या मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। पुलिस की जांच हर दूसरे दिन दिशा बदलती नजर आ रही है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एसओजी को लगाया है लेकिन खुलासे का एक भी छोर हाथ नहीं लगा है। पुलिस अंधेरे में हाथ-पांव मार रही है। बता दें कि भमौरा के बमियाना गांव निवासी 70 वर्षीय सेवानिवृत्त सचिव ब्रह्मपाल सिंह को बाइक सवार बदमाशों ने पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर जांच शुरू की। कई संभावनाओं पर काम करने के बाद भी पुलिस कोई रास्ता नहीं सूझ रहा।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 9412898953

सेंट्रल जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत

बरेली, अमृत विचार : सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में सजा काट रहे हापुड़ के थाना सिंभावली के गांव दरियापुर निवासी कैदी मोर सिंह (70) की मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मामले की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। गांव दरियापुर निवासी भोला ने बताया कि 12 साल पहले गांव के ही एक युवक की हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने उनके पिता मोर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसमें न्यायालय ने उनके पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तब से वह बरेली की सेंट्रल जेल में सजा काट रहे थे। जेल में वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार देर रात उनकी मौत हो गई। जेलर विजय कुमार राय ने बताया कि कैदी को हार्ट संबंधी बीमारी थी। जिसका लखनऊ में भी इलाज चल रहा था। मंगलवार को कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

बच्चे को सोता छोड़कर प्रेमी संग गई महिला

बरेली, अमृत विचार : बच्चे को सोता छोड़कर एक महिला पड़ोस में रहने वाले प्रेमी के संग चली गई। परिजनों ने युवक के खिलाफ बिथरी चैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र में रहने वाले परिजन के अनुसार 14 जनवरी की रात महिला बच्चे को छोड़कर गांव के सुनील के साथ फरार हो गई। आरोप है कि महिला के परिजन जब युवक के घरवालों से पूछताछ करने गए तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला की खोजबीन की जा रही है।

खुद को फंसता देख आरोपी ने वीडियो के जरिए मांगी माफी

बरेली/सीबीगंज: सीबीगंज क्षेत्र में दूसरे समुदाय पर टिप्पणी करने के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वहीं, आरोपी ने टिप्पणी पर माफी मांगते हुए वीडियो सोशल मीडिया पोस्ट किया है। गांव जोगीठेर गोटिया निवासी पवन कश्यप ने मंगलवार को दूसरे समुदाय पर टिप्पणी करते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया था। यह मामला आला हजरत दरगाह तक पहुंच गया था। वहीं, सैकड़ों की संख्या में लोगों ने थाने और आरोपी के घर पहुंचकर हंगामा किया था। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने गांव पहुंचकर गुस्साए लोगों को समझाकर शांत किया था। पुलिस ने बादशाह नगर गांव निवासी समीर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

बाइक चुराते समय सीसीटीवी में कैद हुए चोर

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र के पशुपति विहार कॉलोनी में चोरों ने एक ही रात में दो स्थानों से बाइक, दो बैट्री, एलईडी चुरा ली। इस दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पशुपति विहार कालोनी निवासी चित्रेश गंगवार ने बताया कि कॉलोनी में उनकी बहन का हॉस्टल है। 20 जनवरी की रात दो चोरों ने इन्वर्टर की बैट्री, एलईडी चुरा ली। वहीं चोरों ने पास में ही एक व्यक्ति की बाइक चुरा ली। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

गबन में आरोपियों के विरुद्ध क्रिमिनल रिवीजन को मंजूरी

विधि संवाददाता, बरेली : उत्तरायणी जनकल्याण समिति में धन के गबन मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की अर्जी को सीजेएम कोर्ट द्वारा खारिज करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश देवाशीष ने सीए रिपोर्ट के आलोक में दोबारा आदेश दिये जाने का आदेश दिया है। अब इस मामले में निचली अदालत में 9 फरवरी को सुनवाई होगी। उत्तरायणी जन कल्याण समिति के आजीवन सदस्य विनोद कुमार जोशी ने सीए विनेश अरोड़ा की 7 दिसम्बर 2022 की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीजेएम कोर्ट में अर्जी देकर पीसी पाठक, भाजपा नेता देवेंद्र जोशी, विपिन शर्मा आदि पर फर्जी वाउचरों का प्रयोग कर समिति के धन का गबन करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की अपील की थी। जिसको 6 जुलाई 2023 को सीजेएम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। सीजेएम कोर्ट के इस फैसले को सेशन कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दायर कर चुनौती दी गयी थी।

साक्षात्कार में हज ट्रेनर्स के लिए चार लोगों का चयन

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यालय में बुधवार को हज ट्रेनर्स के चयन के लिए साक्षात्कार हुए। जिसमें चार लोगों को चयन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा ने बताया कि हज ट्रेनर्स के रूप में रहीस अहमद, मो. यासीन कुरैशी, मो .फैजान खान और मो .सोहिल खान साबरी का चयन किया गया है। साक्षात्कार के दौरान डिप्टी डायरेक्टर अल्पसंख्यक कल्याण अंजना सिरोही ,वरिष्ठ सहायक जिला अल्पसंख्यक कल्याण आसिफ सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। आठ लोगों ने हज ट्रेनर्स के लिए आवेदन किया था।

उर्स ए तहसीनी में तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक

बरेली, अमृत विचार : उर्स ए तहसीनी 27 जनवरी से शुरू होगा। इसमें तेज आवाज में डीजे बजाए जाने पर रोक लगा दी गई है। आठ सेक्टर में कमेटी के लोगों को उर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुफ्ती तहसीन रजा खां का उर्स परचम कुशाई के साथ शुरू होगा। 30 जनवरी को कुल शरीफ की रस्म के बाद समापन होगा। इस संबंध में बुधवार को सज्जादानशीन मौलाना हस्सान रजा खां ने दरगाह तहसीनी पर बैठक की। इस दौरान तहसीनी रजाकारों को जिम्मेदारी सौंपते हुए हुए हिदायत दी कि चादरों के जुलूसों में साउंड सिस्टम धीमी आवाज में बचाएं। म्यूजिक वाली नात और मनकबत बिलकुल न बजाएं तो बेहतर होगा। स्टेज, पंडाल, जायरीन, लंगर, साउंड, सफाई व्यवस्था, लंगर ,मेडिकल कैंप की देखरेख कमेटी के लोग करेंगे। बैठक के बाद मुफ्ती ए आजम हिंद के पीरो मुरशिद नूरी मियां का कुल शरीफ हुआ।

अफीम डोडा तस्करी के दोषी को तीन वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली : शाहजहांपुर के थाना कटरा के ग्राम बाबूपुर नगला निवासी बब्लू को अफीम डोडा चूरा की तस्करी का दोषी पाते हुए स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट प्रतिभा सक्सेना ने तीन वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील निशा शर्मा ने बताया कि 9 सितंबर 2002 की रात 11 :50 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर बने ओवरब्रिज की सीढ़ियों पर बब्लू के पास जीआरपी ने 5 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया था। जीआरपी जंक्शन थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

एक नजर

जेईई मेंस परीक्षा शुरू 98 परीक्षार्थी हुए शामिल

बरेली, अमृत विचार : जिले में जेईई मेंस 2024 सेशन 1 की प्रवेश परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट में पहले दिन दूसरी पाली में बीआर्क और बी प्लानिंग की परीक्षा तीन बजे से छह बजे तक हुई। एनटीए के जिला समन्वयक डा. वीके मिश्रा ने बताया कि परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए निरीक्षण किया गया। कुल 154 परीक्षार्थियों में से 98 ने परीक्षा दी, 56 अनुपस्थित रहे। अब 27, 29, 30, 31 जनवरी और 1 फरवरी को बीई और बीटेक की प्रवेश परीक्षा पहली पाली में 9 से 12 बजे तक और दूसरी पाली में तीन से छह बजे तकहोगी।

बालिकाओं की सुरक्षा के प्रयासों की सराहना

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसाइटी की बुधवार को बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सक्सेना ने सरकार की ओर से बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की प्रशंसा की और प्रशासन और पुलिस से ईमानदारी से नियमों को लागू करने की अपील की। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर भी चर्चा की गई। बीएन अग्रवाल, विजय कुमार जौहरी, सैय्यद नसर इमाम, संतोष कुमार गुप्ता, सतीश कुमार सिंह, रमा शंकर सक्सेना, अजय रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर में किया सुंदरकांड का पाठ

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नैनीताल रोड पर गढ़ी चौकी स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के बाबा संतोषीदास महाराज, बार एसोसिएशन के सचिव वीपी ध्यानी, श्याम दास, वीके भोजवाल, तुषार अग्रवाल, प्रेमराज, अजय सेन, राहुल, आशीष, निखिल, विवेक, हर्षित, सर्वेश, नन्दलाल आदि मौजूद रहे।

एमजेपीआरयू से संबद्ध कॉलेजों में खेलों का हाल खराब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निजी और सरकारी समेत एमजेपीआरयू से संबद्ध कालेजों में खेल सुविधाओं पर शोध
- विवि सहित ज्यादातर कालेजों में शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग से संबंधित शिक्षक नहीं

अमृत विचार: महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय व संबद्ध निजी और सरकारी कालेजों में खेलों को लेकर गंभीरता की भारी कमी है। कई कॉलेजों में शारीरिक शिक्षा और खेलों से संबंधित शिक्षक तक नहीं हैं। ऐसे में खेलों को लेकर कोई बड़ी गतिविधियां या उपलब्धियां कम ही नजर आती हैं। खेल सुविधाओं, उनके रखरखाव, उपयोग और बजट निर्धारण पर शोध में यह जानकारी सामने आई।

पूर्व बास्केटबाल खिलाड़ी एसआरएमएस मेडिकल कालेज में खेल अधिकारी नितिन सक्सेना ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, चुरु (राजस्थान) में फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.राजेश कुमार और हिंदुस्तान कालेज आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मथुरा के खेल निदेशक राजेश कुमार कहरवार के मार्गदर्शन में शोध किया। रिसर्च के लिए डा. नितिन ने रुहेलखंड विवि से संबद्ध 125 कालेजों से जानकारी मांगी जिसमें 100 कालेजों ने रिस्पांस दिया, जबकि 80 ने शोध में सहयोग किया। डा. नितिन के अनुसार शोध के दौरान उन्हें खेल सुविधाओं को लेकर चौंकाने वाली जानकारी मिलीं। इसके मुताबिक संबद्ध कॉलेजों के साथ विश्वविद्यालयों में भी खेलों की हालत काफी दयनीय है।

खेल न प्रतियोगिताएं, सिर्फ अव्यवस्थाएं



डा. नितिन ने अपने शोध में पाया कि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध 568 कालेजों में अधिकतर में मिट्टी और घास के मैदान पर सभी तरह के खेल और प्रतियोगिताएं होती हैं। कालेजों में शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग से संबंधित शिक्षक तक नहीं हैं। कुछ कालेजों में ही बास्केट बॉल और बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए सीमेंटेड कोर्ट हैं। कुश्ती के लिए पर्याप्त सुविधाएं और रेसलिंग के गद्दे भी कुछ ही कालेजों में हैं। ज्यादातर कालेजों में खेल मैदान बाउंड्रीवाल से कवर्ड नहीं। तमाम कालेज बजट होने के बाद भी खेलों पर दस हजार रुपये प्रति वर्ष से कम खर्च करते हैं। सिर्फ 30 फीसदी कालेज ही 50 हजार रुपये से ज्यादा का खेल सामान प्रतिवर्ष खरीदते हैं। खिलाड़ियों को स्कालरशिप देने वाले कालेजों की संख्या भी बेहद कम है।

बीटेक छात्र पर मिली इयर बड परीक्षा से रोका तो किया हंगामा

विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने शिक्षक पर अभद्रता का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पांच बैक होने और फीस जमा न होने के बावजूद पहुंच गया था परीक्षा देने

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान बीटेक छात्र के पास इयरबड पकड़े जाने के बाद उसे परीक्षा देने से रोक दिया गया तो उसने जमकर हंगामा करते हुए शिक्षक को धमकी देनी शुरू कर दी। इसके बाद विद्यार्थी परिषद ने भी हंगामा शुरू कर दिया। इस पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह मौके पर पहुंचे और सुरक्षा प्रभारी सुधांशु को बुलाया गया।

कुलपति प्रो केपी सिंह ने विभागाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह से जानकारी कर छात्र का रिकॉर्ड चेक कराया तो पता चला कि छात्र की पांच बैक हैं, जबकि चार बैक होने पर ही अगले सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने का नियम है। छात्र बिना फीस जमा किए गलत तरीके से परीक्षा देने पहुंच गया था। वहीं विद्यार्थी परिषद ने शिक्षक पर अभद्रता कर जूता उठाने का आरोप लगाया है। विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय इकाई से जुड़ा छात्र रजत शर्मा बुधवार को बीटेक परीक्षा देने पहुंचा। इसी दौरान गेस्ट शिक्षक ने उसके पास इयरबड पकड़े। इसके अलावा उसे बैक होने और फीस जमा न होने के बारे में कहा तो छात्र ने विरोध किया।

इसके बाद छात्र को बाहर कर दिया गया। इसके बाद छात्र के बुलाने पर विद्यार्थी परिषद के श्रेयांश बाजपेई, विश्वविद्यालय से निष्कासित छात्र और इकाई अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता विश्वविद्यालय पहुंचे और हंगामा किया। शिक्षक का घेराव किया। विभागाध्यक्ष के समक्ष भी विरोध जताया तो उन्होंने संकायाध्यक्ष के पास जाने को कहा, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी को बुलाया गया। मामला कुलपति तक पहुंचा और फिर छात्र को नियम के तहत परीक्षा में बैठने का निर्देश दिया गया। वहीं, निष्कासित छात्र रवि प्रताप बुधवार को विश्वविद्यालय के छात्रावास में खाना खाते भी पकड़ा गया। इसका दूसरे संगठन के छात्रों ने विरोध जताया है।

इसके बाद विद्यार्थी परिषद ने जल्द विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। श्रेयांश बाजपेई का आरोप है कि छात्र गलती से जैकेट में इयरबड रखकर ले गया था। वह नियम से परीक्षा दे रहा था। शिक्षक ने छात्र के साथ अभद्रता की और जूता उठाकर मारने की भी कोशिश की। चीफ प्रॉक्टर प्रो एके सिंह ने बताया कि छात्र ने हंगामा किया था। उसे नियम के तहत परीक्षा में बैठने के निर्देश दिए हैं।

परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 17 फरवरी से

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा 17 फरवरी से 4 मार्च तक होगी। जिस दिन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा होगी, उस दिन तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा नहीं रखी गई है, ताकि बैक परीक्षा के छात्रों को परेशानी न हो। अभी 28 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। इसके अलावा एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया है। अब परीक्षा का समय 2.30 से 5.30 बजे कर दिया है। ठंड की वजह से सुबह 8.30 बजे से परीक्षा पर कॉलेजों और छात्रों ने परेशानी जताई थी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 26 फरवरी और तृतीय सेमेस्टर की 19 फरवरी से 4 मार्च तक दोपहर 3 से 5 बजे की पाली में होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

अब 600 रुपये विलंब शुल्क से भरे जाएंगे एलएलबी के परीक्षा फॉर्म

विश्वविद्यालय ने एलएलबी और बीए एलएलबी के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एलएलबी और बीएएलएलबी के विषम सेमेस्टर सत्र 2023-24 के संस्थागत, भूतपूर्व, बैक परीक्षा, सुधार, छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा के फार्म भरने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित थी। छात्रहित में विलंब शुल्क 600 रुपये के साथ तिथि 26 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। छात्रों को भरे हुए फॉर्म 27 तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे। परीक्षा एक फरवरी से शुरू होगी।

न्यूट्रीवर्ल्ड चैंपियन, आईके कलेक्शन टीम ने जीते मैच

स्टेडियम में मैच के दौरान शॉट खेलता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईके कलेक्शन की ओर से यूपी टीम के स्टार प्लेयर यश गर्ग ने जड़ा शतक
- शकुंतला देवी टी-20 प्राइजमनी प्रतियोगिता के तहत खेले गए दो मैच

अमृत विचार: पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से स्पोटर्स स्टेडियम में चल रही शकुंतला देवी टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के दूसरे दिन बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला 22 यार्ड पीलीभीत व न्यूट्रीवर्ल्ड चैंपियन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूट्रीवर्ल्ड चैंपियन ने निर्धारित 20 ओवर में 149 रन बनाए जिसमें अभिषेक ने सर्वाधिक 37 रन का योगदान दिया। 22 यार्ड के गेंदबाज अभिजीत ने तीन विकेट लिए। 22 यार्ड की टीम 7 विकेट खोकर 123 रन बना सकी। न्यूट्रीवर्ल्ड चैंपियन ने 25 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अनु छपराना को दिया गया।

दूसरा मैचआईके कलेक्शन व अंबिका उन्नाव के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आईके कलेक्शन ने यश गर्ग के 66 गेंदों में नाबाद 113 रन की बदौलत 202 रन का विशाल लक्ष्य उन्नाव के सामने रखा। उन्नाव की टीम मात्र 82 रन ही बन सकी। यश गर्ग ने 2 विकेट भी लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि गुरुवार को पहला मैच अंबिका उन्नाव व गुर्जर शाहजहांपुर के मध्य वहीं दूसरा मुकाबला एमएलसीसी व एसजी स्पोर्ट्स अमरोहा के बीच होगा।

छात्राओं को बताया- कैसे समस्या को पहचानकर निदान करें

बरेली, अमृत विचार: भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को केंद्रीय विद्यालय आईवीआरआई में कार्यशाला आयोजित की। इसमें 48 छात्राओं ने भाग लिया।

वैज्ञानिक डॉ. श्रुति ने छात्राओं को समस्या को पहचानकर समाधान के बारे में बताया। छात्राओं को ब्रोकन स्कवायर एक्सरसाइज का भी अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त भविष्य के निर्णय लेने में आत्म जागरुकता, प्रबंधन, सामाजिक जागरुकता और कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बर्ड फ्लाइट ने युवाओं की जिंदगी को छुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

यूपीएससी के पूर्व सदस्य प्रो .पुरुषोत्तम अग्रवाल, लेखक सुमन केशरी और सुधीर विधार्थी ने की शुरुआत।

- विंडरमेयर थिएटर एंड लिट्रेचर फेस्टिवल की शुरुआत
- रामलीला डॉक्यूमेंट्री ने मंच के पीछे की मेहनत से कराया एहसास

अमृत विचार : दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बुधवार को 14 वें विंडरमेयर थिएटर एंड लिट्रेचर फेस्टिवल की शुरुआत हो गई। रामलीला डॉक्यूमेंट्री को देखकर दर्शक मंच के पीछे की मेहनत और रचनात्मकता से रूबरू हुए।

इस अद्भुत कला संगम की शुरुआत 20 साल की वान्या सिंह के एकल नाटक बर्ड फ्लाइट से हुई। नाटक में वान्या ने युवाओं की जिंदगी से जुड़े पहलुओं को बेबाकी से रखा। ट्रेजडी और कॉमेडी के संगम बर्ड फ्लाइट को खूब सराहना मिली। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इससे पहले वरिष्ठ लेखक, आलोचक एवं संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने थिएटर के रिश्ते और समाज में उसके स्थान पर बात की। वरिष्ठ लेखिका सुमन केशरी ने अपनी किताब गांधारी के अंश पढ़े। लेखक एवं इतिहासकार सुधीर विद्यार्थी ने थिएटर के महत्व और विंडरमेयर थिएटर के योगदान पर चर्चा की। डॉ. गरिमा सिंह, नवीन कालरा, शिवानी रेखी, डॉ. शालिनी अरोड़ा, वर्जीनिया रॉड्रिगेस आदि मौजूद रहे।

डीएनए से टीकों का विकास समझाएंगे विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

आईवीआरआई में कार्यशाला में कम्पेंडियम का विमोचन किया गया।

अमृत विचार: पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अलावा नये जनरेशन के टीकों को प्रयोगशाला से किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 21 दिवसीय शीतकालीन कार्यशाला 'डवलपमेंट एण्ड ट्रांसलेशन ऑफ न्यू जेनरेशन वैक्सीन्स एण्ड डायग्नोस्टिक फार एनिमल हेल्थ फ्रॉम लैब टू लैण्ड' का आयोजन किया गया। इस दौरान कम्पेंडियम का भी विमोचन किया गया।

मुख्य अतिथि निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि कार्यशाला में मुख्य रूप से पशुओं के रोगों, टीकों एवं नैदानिकों के बारे में जानकारी दी जायेगी। पाठ्यक्रम निदेशक डा. सोहिनी डे ने बताया कि कार्यशाला में जैव प्रौद्योगिकी, पशुचिकित्सा माइक्रोबायलाजी, पशुचिकित्सा पारजैविकी, पशुचिकित्सा दैहिकी, गाइनकॉलॉजी व अन्य के क्षेत्र में कार्यरत 20 सहायक प्राध्यापक व वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को बायोइन्फारमेटिक और रिकाम्बीनेंट डीएनए टेक्नोलॉजी के माध्यम से नये टीकों एवं नैदानिकों के विकास के अलावा उनको किसानों तक कैसे पहुंचाया जाये इसके बारे में बताया जायेगा। विभागाध्यक्ष तथा पाठ्यक्रम समन्वयक डा. सी मदन मोहन ने बताया कि प्रतिभागियों को 25 व्याख्यान तथा 15 प्रयोगात्मक कराये जायेंगे। संचालन डा. फिरदौस व धन्यवाद ज्ञापन डा. आर सरवनन ने किया। संयुक्त निदेशक, प्रसार शिक्षा डा.रूपसी तिवारी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रदेश के स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को बालक और बालिका वर्ग में खो-खो, वालीबॉल, कबड्डी, दौड़ समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मोहित शर्मा प्रथम, मनोज द्वितीय और राजीव चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में भी मोहित शर्मा प्रथम, अंकित राणा द्वितीय व मनोज तृतीय स्थान पर रहे। शॉटपुट में राजकुमार गुप्ता ने प्रथम, साहिलुद्दीन ने द्वितीय और श्लोक गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में अनुष्का प्रथम, अंजलि द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में ईरम प्रथम, खुशबू द्वितीय व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट में प्रियंका प्रथम, अनुष्का द्वितीय और मीरज तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में सिमरा क्लब बहेड़ी ने आंवला की टीम को 10-9 से हराया। खो-खो बालक वर्ग में कंपोजिट स्कूल नगला, आलमपुर जाफारा ने रोड नंबर चार इज्जतनगर को 61-42 के स्कोर से हराया। वालीबॉल में स्पोटर्स स्टेडियम बरेली ने रिठौरा को हराया। मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पदमवीर सिंह, संयुक्त निदेशक कौशल विकास एके राणा रहे। मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

वालीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी देशपाल राणा, जिला एथलेक्टिस संघ के सचिव साहिबे आलम, रेलवे कोच अजय कश्यप, जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष जसवीर सिंह, सचिन कुमार, रोहित, नूरे नजर, कमल तिवारी, ओपी कोहली, आदर्श भारद्वाज, सुमित चौरसिया, राजेश यादव, अभिलाषा यादव, मीनू पांडेय, कमल किशोर, चिंतामन, अनीता यादव, अविनाश कुमार मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

परेड में बरेली का प्रतिनिधित्व करेंगी मानसी, अंशिका

बरेली, अमृत विचार : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर एनसीसी की दो कैडेट्स बरेली का मान बढ़ाएंगी। कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डा. वंदना शर्मा ने बताया कि 8 यूपी गर्ल्स बटालियन की दोनों सीनियर अंडर ऑफिसर मानसी और अंशिका कर्तव्य पथ पर मार्च पास्ट करने वाले एनसीसी के स्क्वायड का हिस्सा बनेंगी। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश शाह वीर चक्र, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव देव मूर्ति, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओपी राय, मेजर इंदु मिश्रा समेत अन्य स्टाफ ने दोनों कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जननायक कर्पूरी ठाकुर को किया याद

बरेली, अमृत विचार : सपाइयों ने बुधवार को कार्यालय पर बिहार के दो बार सीएम रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई। उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने दलित पिछड़ों, और गरीबों की लड़ाई लड़ी थी। जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विजयपाल सिंह, दीपक शर्मा, रविन्द्र यादव, मनोहर पटेल, तनवीरउल इस्लाम, बृजेश श्रीवास्तव, मोहित सक्सेना, सतेंद्र श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर, सीमा श्रीवास्तव, रविंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर बसपा से पूर्व पार्षद प्रत्याशी रहे राकेश श्रीवास्तव ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

सहरसा के किसानों ने आईवीआरआई में लिया बकरी पालन प्रशिक्षण

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में बिहार के सहरसा के किसानों को उन्नत बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण भ्रमण में 15 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (एटीएमए) द्वारा प्रायोजित किया गया। संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बकरी पालन के बारे में प्रेरित करने के साथ-साथ किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए संस्थान की विभिन्न सेवाओं के बारे में बताया। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बकरी पालन के लिए उन्नत नस्लें, बकरी आवास प्रबंधन, आहार प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन, मांस उत्पादन और उसका प्रसंस्करण के अतिरिक्त बकरी पालन पर मोबाइल ऐप के साथ-साथ कई योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। किसानों को संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र, एटिक, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, डेयरी फार्म, मिल्किंग पार्लर, पॉलीक्लिनिक और आईवीआरआई संग्रहालय में एक्सपोजर विजिट भी कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये। समन्वयक डॉ. श्रुति ने सभी का धन्यवाद किया।

भागवत कथा से पहले नवादा शेखान में निकाली कलश यात्रा

बरेली : नवादा शेखान में सात दिवसीय भागवत कथा का आरंभ हो गया। इसके पहले कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 101 महिलाओं ने भाग लिया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल भी यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा सतीपुर होते हुए सैटलाइट बस स्टैंड, ईसाइयों पुलिया व अन्य क्षेत्रों से होते हुए निकली। पार्षद पूनम राठौर, चंद्रपाल राठौर, राजेश पटेल, पूर्व पार्षद हरिओम कश्यप सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कथा का आयोजन बबलू राठौर, कुंवर सिंह राठौड़, देवदास राठौर के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित प्रेम शंकर उपाध्याय कथा का वाचन करेंगे।

स्थानांतरित शिक्षकों का डाटा मानव संपदा पोर्टल पर हो अपडेट

बरेली, अमृत विचार : जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए उन शिक्षक और शिक्षिकाओं की भी कार्यमुक्त करने की राह खुल गई है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से बीएसए को पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार अंतर जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत स्थानांतरिक शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराने संबंधित निर्देश दिए गए है। इसके तहत होने वाले शिक्षकों का विवरण को मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी बीएसए भानुप्रकाश गंगवार ने बताया कि इस संबंध में शासन की ओर से निर्देश मिले है, इसको विभागीय स्तर से पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में भूलवश नाम ABDUL MAJID ANSARI लिख गया है जो गलत है जबकि सही नाम ABDUL MAZID है, जो मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है। मेरे ड्राइविंग लाईसेन्स में सही नाम दर्ज किया जाये। **अब्दुल माजिद पुत्र श्री इरशाद अहमद अंसारी, नि. ग्राम भगवन्तापुर, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली**

सूचना
मेरा नाम अनूप कुमार (ANUP KUMAR) है जो कि मेरे सभी दस्तावेज आधार कार्ड, हाईस्कूल, इंटर में सही है, परन्तु मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में ANOOP अंकित है जो गलत है। मेरा सही नाम अनूप कुमार (Anup Kumar) है। **अनूप कुमार पुत्र हेम सिंह, आवास विकास कॉलोनी, सोरों गेट, कासगंज**

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं. यू.पी.25 20170011334 में मेरे पिता का नाम जितेन्द्र कुमार दर्ज है जो कि गलत है। सही नाम जितेन्द्र सिंह है। मेरे ड्राइविंग लाईसेन्स में मेरे पिता का सही नाम दर्ज किया जाये। **अरविन्द कुमार पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह, निवासी- ग्राम अगरास, तह. मीरगंज, जिला बरेली**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं करन राठौर पुत्र स्व. श्री नन्हे लाल, निवासी-चेत गौटिया, चनेहटा, जिला बरेली का हूँ। यह कि मेरी दुकान अम्बा प्लाजा स्थित, श्यामगंज, जिला बरेली में है। मेरी एक रजिस्ट्री के पेपर, जोकि दिनांक 06.01.2003 बुक नं. 1, 367 व पेज सं. 129-160 जोकि क्र.सं. 17 के अन्तर्गत शारजुद्दीन के द्वारा अमरीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सत्य नारायण अग्रवाल के हाथ बेची गई थी। जिसके पेपर 23.01.2024 को श्यामगंज बाजार में गिर गये।

सूचना
जावेद अख्तर व उवैस अख्तर पुत्र श्री रफीक अहमद निवासी मोहल्ला घेर जाफर खां बरेली का चेन बैनामा जिसकी वही संख्या 354 पृष्ठ संख्या 425-434 क्रमांक संख्या 126 दिनांक 17.02.1979 चैन बैनामा था। जो बरेली से नवाबगंज जाते वक्त कहीं खो गया सूचना प्रेषित है सूचित करें मो. 9412591372

सूचना
हम दोनों पति-पत्नी अपने पुत्र यज्ञ देव कश्यप व पुत्र वधू पूनम देवी को (केवल पूनम देवी) के गलत व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामदेवी पुत्र श्री जोखीराम व रामलली पत्नी रामदेव निवासी ग्राम क्योलडिया तह. नवाबगंज, बरेली

बिकाऊ है
350 वर्गगज प्लाट में, 270 वर्गगज (कवर्ड एरिया) में दो-मंजिला बना हुआ मकान (चारों ओर से खुला) नैनीताल हाईवे से 100 मी. अंदर डिफेंस कॉलोनी इज्जतनगर, बरेली 4-फैमिली के लिए उपयुक्त।
सम्पर्क करें :-
9720413609
3:00 बजे के बाद करें।

आवश्यकता है
मुस्लिम फार्मेसी कॉलेज ककराला बदायूं में डी.फार्मा. हेतु प्रिन्सपल व असिस्टेंट प्रोफेसर/लेक्चरर की योग्यता व अनुभव पीसीआई नई दिल्ली व बीटीई लखनऊ मानकानुसार। सम्पर्क करें:- 8881242424, 8439545336
E-mail: mpckakrala@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

टोल प्लाजा पर चालकों को किया जागरूक

फरीदपुर अमृत विचार : टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक बीपी पाठक ने दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया। साथ ही उनसे सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए नियमों का गंभीरता पालन करने का अनुरोध किया। इस दौरान टोल प्लाजा मैनेजर मिथिलेश राय, संजीव गुप्ता, आकाश उपाध्याय सहित टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

पुलिस ने दो तस्कर पकड़े 30 ग्राम स्मैक बरामद

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज पुलिस ने बुधवार को दो तस्कर पकड़े, उनके पास से 30 ग्राम स्मैक, 8500 रुपये नकद ,एक बाइक बरामद हुई। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार को थाना मीरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुलेमान निवासी ग्राम गुलड़िया और आलिम निवासी निपनिया थाना शहजादनगर रामपुर को ठिरिया खुर्द को जाने वाले मार्ग पर पकड़ा। जिनके पास से 30 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाइकिल और 8500 रुपए बरामद हुए। स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 40 हजार रुपये है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक जयप्रकाश, विशाल त्यागी सहित अन्य रहे।

दंपती पर जानलेवा हमला पुलिस से शिकायत

नवाबगंज, अमृत विचार : क्योलड़िया से घर लौट रही एक दंपती से गांव के ही कुछ लोगों ने गाली देते हुए मारपीट की, महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नवाबगंज के गांव रघुनाथपुर की उर्मिला देवी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह पति बृजलाल के साथ बुधवार को क्योलड़िया से आ रही थी। इस दौरान गांव के बाहर उनके गांव के ही कुछ लोगों ने हथियारों के साथ उन्हें घेरकर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पति पर फरसे से सिर और पैर पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो उस पर तमंचा तान दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसका मोबाइल छीन कर ले गए। उर्मिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मो.अखलाक बने करुआ साहबगंज के नए कोटेदार

क्योलड़िया, अमृत विचार : भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत करुआ साहबगंज में रिक्त चल रही कोटे की दुकान का बुधवार को चुनाव हुआ। चुनाव ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सचिव नरेश सागर के समक्ष तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया जिसमें से सभी प्रत्याशियों के पक्ष में हाथ उठाकर चुनाव हुआ। मोहम्मद अखलाक के पक्ष में 441 मत सलमान के पक्ष में 253 मत और डालचंद के पक्ष में पांच लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। इस तरह अखलाक को चुना गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मोहम्मद अज़ीम, सचिव नरेश सागर, लेखपाल रवि शंकर, सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे।

पालिका की टीम ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को ढहाया

दूसरे दिन मोहम्मदपुर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : नगर पालिका बहेड़ी की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की गई। समाधान दिवस में 20 जनवरी को पालिका परिषद के कुछ सभासदों ने नगरपालिका की संपत्ति पर कब्जा करने की शिकायत की थी।

जिस पर मंगलवार को वार्ड 20 की सभासद सबीना बी की शिकायत पर अमल करते हुए पालिका परिषद की टीम ने शाहगढ़ क्षेत्र में जेसीबी से अवैध निर्माण ढहाया था। बुधवार को सभासद नजमा की ओर से की गई शिकायत के क्रम में जेसीबी ने मोहम्मदपुर चौराहे के निकट अवैध कब्जे के रूप में निर्माण को जमींदोज कर दिया। अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर तारों से फेंसिंग कराई जाएगी, ताकि भविष्य में कोई दोबारा कब्जा करने की सोच न सके। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे हटाने को लेकर उनका अभियान जारी रहेगा और कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की सुरक्षा की जाएगी, उस पर अब कब्ज नहीं होने दिया जाएगा।

मोहम्मदपुर चौराहे के निकट अवैध कब्जे हटवाते ईओ। ● अमृत विचार

जिम्मेदारों की लापरवाही से नगर में हुए अतिक्रमण

बीते दो दिनों में पालिका परिषद की टीम अलग -अलग स्थानों से अवैध कब्जे हटवा रहीं, उन पर कब्जा हाल फिलहाल में नहीं हुआ, बल्कि वर्षों पहले का है। पालिका अध्यक्ष भी थे, सभासदों भी थे और अधिकारी भी। पालिका की संपत्ति पर कब्जा न होने देने की सभी की सामूहिक जिम्मेदारी थी, बावजूद इसके दबंग पालिका की संपत्ति पर कब्जा करते रहे। इसका सीधा अर्थ है कि पूर्व के जिम्मेदारों ने फर्ज नहीं निभाया, इससे पालिका की जमीन पर कब्जा होता गया। पालिका की कितनी और संपत्ति पर अभी माफिया का कब्जा है, इसका कोई आंकड़ा किसी के पास नहीं हैं। पिछले दिनों शाहगढ़ क्षेत्र की पालिका परिषद की जमीन पर कब्जा होने का मामला नगर भर में चर्चा बना। जमीन के समतलीकरण के बाद दुकानों के लिए जमीन की खरीद फरोख्त तक शुरू हो गई थी। हालांकि अब जिम्मेदार इस ओर ध्यान दे रहे हैं, शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जार हा हैं।

निर्माण के चलते 15 दिन के लिए दुनका शेरगढ़ मार्ग बंद

संवाददाता, दुनका

- तीन हिस्सों में सीसी रोड का कराया जाएगा निर्माण
- सीसी रोड निर्माण पूरा होने से लोगों की राह होगी आसान

अमृत विचार : नगरिया शेरगढ़ मार्ग को निर्माण के चलते पीडब्ल्यूडी ने आगामी 15 दिनों के लिए बंद कर दिया है। हेड मेठ अनवार ने बताया कि दुनका जल विभाग की टंकी के पास 132 मीटर लंबी दूरी और नगरिया ईंट भट्ठे के पास 138 मीटर और नगरिया शराब की भट्टी से शेरगढ़ मार्ग को जोड़ती हुई 50 मीटर लंबी आरसीसी रोड बननी शुरु हो गई हैं।

दुनका से नगरिया मार्ग शेरगढ़ मार्ग तक तीन भागों में कुल 320 मीटर लंबी आरसीसी की बनाई जा रही हैं। बाकी सड़क डामर से बनाई जाएगी। दुनका धनेटा मार्ग दुनका से होते हुए नगरिया, बैरामनगर, कुड़का ,शेरगढ़, बसूधर्न और बिहारीपुर दर्जनों गांवों जोड़ती है। वहीं बहेड़ी को जाने वाले छोटे -बड़े इसी सड़क से गुजरता हैं। आरसीसी निर्माण कार्य तेजी से होगा। जरूरत पड़ने पर 15 दिन से अधिक समय तक बंद किया जा सकता हैं। कई वर्ष पहले बहगुल नदी ने दुनका बिहारीपुर पुल की एप्रोच रोड काट दी थी, जिससे स्थानीय लोगों को काफी असुविधा का सामना करना होता है, इस निर्माण के बाद लोगों को राहत मिलेगी।

सड़क निर्माण में जुटे श्रमिक। ● अमृत विचार

भड़काऊ पोस्ट करने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

फरीदपुर अमृत विचार : अयोध्या मंदिर के फोटो में छेड़छाड़ कर भड़काऊ पोस्ट करने और विहिप नेता पर हमला करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। नगर के मोहल्ला परा निवासी सोमपाल राठौर विहिप नेता है, उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर में कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान यासीन निवासी लाइन पार मठिया ने हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाले व्हाट्सएप स्टेट्स वायरल किए, जिससे लोगों में आक्रोश हैं। इस मामले में जब उन्होंने आरोपी से बात की तो वह उन्हें धमकाने लगा। इसी के चलते मंगलवार को रामलीला मैदान के सामने स्टेशन रोड पर उन्हें जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए। शोर शराब सुनकर लोग जमा हो गए, मौका देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। सोमपाल ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया हैं, जिसे पर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

ग्राम समाज की जमीन पर दबंग का फिर कब्जा

संवाददाता, क्योलड़िया

- शिकायत पर एसडीएम बोले फिर से कराएंगे पैमाइश
- भूमि पर अवैध कब्जा मिलने पर की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई

अमृत विचार : तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने अगस्त 2023 में मरगापुर-मरगइया गांव में सरकारी जमीन से कब्जा हटाया था। उस जमीन पर दबंग ने फिर कब्जा कर लिया, जिसकी शिकायत नवाबगंज एसडीएम से की गई तो उन्होंने जांच कराने का आश्वासन दिया।

ब्लॉक भदपुरा की ग्राम पंचायत मरगापुर-मरगइया के गांव माजरा बौरिया भाऊनगला में तहसीलदार नवाबगंज ने नायब तहसीलदार रजनीश सक्सेना के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस बल के सहयोग से 5 अगस्त 2023 को अतिक्रमण हटाया गया था। उस स्थान पर दबंगों ने फिर कब्जा कर लिया। दबंग ने उसमें खड़ी गन्ने की फसल को कटवा कर बेच लिया और उस भूमि पर पुनः कब्जा कर लिया। इस विषय में एसडीएम नहने राम ने बताया मामला उनसे पूर्व का है यदि नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में कब्जा हटवाया गया है और दबंग ने फिर उस जमीन पर कब्जा किया है तो इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। यदि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर दबंग ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी जिसे न्यायालय ने 29 सितंबर 2023 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी ग्राम समाज की भूमि पर पुनः कब्जा होने से हड़कंप मच गया।

गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर हंगामा

संवाददाता,भोजीपुरा

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा क्षेत्र में बुधवार शाम चार बजे संरक्षित पशु के अवशेष मिलने पर पहुंचे हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर दफन करा दिया।

धौराटांडा क्षेत्र में दुनिया नदी के किनारे बुधवार शाम चार बजे समसपुर के ग्रामीणों ने गोवंशीय पशु के देखें। ग्रामीणों की सूचना पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे और चौकी इंचार्ज धौराटांडा और प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा को मोबाइल से गोवंशीय पशु के अवशेष पड़े होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की सूचना पर पशु-चिकित्सक धौराटांडा मौके पर पहुंचे और गोवंशीय पशु के अवशेष होने की पुष्टि की। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि धौराटांडा में संरक्षित पशुओं की हत्याएं की जा रही हैं। पुलिस गोवंशीय पशुओं के वध करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हंगामा कर रहे लोगों को प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने समझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कार्यकर्ता शांत हुए। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर दफन करा दिए। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अधिकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। अधिकारियों के दिशा निर्देश के वाद कार्रवाई की जाएगी।

गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

दिसंबर माह का मानदेय नहीं मिलने से परेशान हैं शिक्षामित्र

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- मानदेय नहीं मिलने की शिकायत संघ ने महानिदेशक से की

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षामित्र मानदेय की राह देख रहे है। दिसंबर माह का मानदेय अभी तक नहीं मिला। जबकि केंद्र सरकार से राशि प्रदेश सरकार को प्राप्त हो गई है। इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने सरकार से बजट देने के लिए महानिदेशक स्कूली शिक्षा को मेल भेजकर ग्रांट जारी करने की मांग की गई है।

शिक्षामित्रों का कहना है कि उनके घर का राशन खत्म हो चुका है। बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से उनकी समस्या और बढ़ गई है। मानदेय कब मिलेगा, इसको लेकर भी स्पष्ट नही हो पा रहा है। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने बताया कि केंद्र से प्रदेश सरकार को बजट मिल गया है। बावजूद इसके शिक्षामित्रों को मानदेय नही दिया जा रहा है। जिसकी वजह से काफी परेशानी हो रही है। संघ की मांग है सरकार जल्द से जल्द बजट जारी करें। महामंत्री कुमुद केशव पाण्डेय, विनीत चौबे, अनिल गंगवार, अरविंद गंगवार, अनिल यादव, सतीश गंगवार, कुंवरसेन गंगवार, सर्वेश पटेल, नरेश गंगवार, भगवान सिंह यादव समेत अन्य ने अपनी समस्याएं सरकार को भेजी मेल में बताई हैं।

वेतन वृद्धि की मांग को लेकर रसोइयों ने किया प्रदर्शन

अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देतीं रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्य।

संवाददाता, शेरगढ़

- प्रधानमंत्री के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र वरिष्ठ सहायक को दिया

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष प्रेमवती मौर्य की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ सहायक देवेंद्र सिंह चौहान को सौंपा गया।

इस दौरान रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक मंगलसेन मौर्य ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में निष्ठा के साथ कार्यों को अंजाम देने वाली रसोइयों का मानदेय आज की महंगाई के दौर में बेहद कम है, इस वजह से रसोइयों को परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। इसके बाद भी उन्हें 6 से 7 माह के बाद मानदेय मिल पाता है । उन्होंने कहा कि आज 70 प्रतिशत विद्यालयों में झाड़ू पोछा के साथ ही फुलवारी में निराई, गुड़ाई आदि रसोईया से कराई जाती है। मना करने पर नौकरी से निकालने को धमकाया जाता है ऐसे में रसोइयों को नियमित किया जाए । उन्होंने कहा कि नियमित नहीं होने तक रुपये 10000 दिया जाए। इस मौके पर संघ की शंकुतला देवी, महारानी, शशि, गीता, प्रेमवती राधा तथा लज्जावती आदि मौजूद रही।

डीएम से बिशारतगंज में भी साप्तहिक बंदी कराने की मांग

बिशारतगंज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई के एक शिष्ट मंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी से भेंट कर नगर में साप्ताहिक बंदी सहित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

शिष्ट मंडल में शामिल अध्यक्ष दीपक मौर्य, संरक्षक रामरतन साहू, कुमार सेन ,शिवराज यादव ने जिलाधिकारी को बताया कि उन्होंने पिछले दिनों जनपद की नगर पालिका और नगर पंचायत में साप्ताहिक बंदी लागू करने का आदेश जारी किया गया था, जिसमें किसी कारण वश बिशारतगंज का नाम नहीं था। ऐसे में उस आदेश में बिशारतगंज का भी नाम शामिल कर बुधवार को साप्ताहिक बंदी लागू की जाए। इसके अलावा बिशारतगंज के पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास एवं बिशारतगंज को इलेक्ट्रिक बस सेवा की सुविधा देने की मांग की।

व्यापारियों ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को बताया कि ई बस सुविधा शुरू होने से बरेली से बिशारतगंज आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, लोगों को डग्गामार वाहनों से मुक्ति मिलेगी।

आंवला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि समेत अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आंवला तहसील सभागार में बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिषा भूषण ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अगर पाल सिंह और महासचिव गजेंद्र कुमार सिंह को शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश शिरिष मेहरोत्रा ने पदाधिकरियों को भारतीय संविधान एवं न्याय की गरिमा का पूर्ण रूप से पालन करने और अपने पद के कर्तव्य एवं दायित्व का पूर्ण निष्ठा से पालन करने की शपथ दिलाई।

नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना, अतुल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बदन सिंह यादव, संयुक्त सचिव प्रशासन कृष्ण पाल सिंह, संयुक्त पुस्तकालय सचिव परमानंद मौर्य, संयुक्त सचिव प्रशासन राधा कृष्ण सहित पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में बरेली बार अध्यक्ष मनोज हरित, फरीदपुर बार अध्यक्ष प्रवीण सिंह, फरीदपुर महासचिव कृष्ण पाल, तहसीलदार अर्चि गुप्ता और महेश तिवारी, सतीश चंद्र शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

परिवार की दूसरी बच्ची की फीस माफ करने को मांगा डाटा

बरेली, अमृत विचार : शासन ने विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं का डाटा मांगा है, ताकि एक ही परिवार की पढ़ने वाली दो बेटियों में एक की पढ़ाई मुफ्त हो सके।

इस संबंध में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने सभी संबद्ध स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक, सचिव और निदेशकों से सूचना मांगी है। इसके तहत मुख्यमंत्री घोषणा के तहत शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा से नीचे जीवन यापन करने वाली किसी परिवार की एक से अधिक बच्चियां किसी विद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान में पढ़ रही हैं तो दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। इस संबंध में पहले विश्वविद्यालय ने 23 जनवरी तक सूचना मांगी थी, लेकिन कई विद्यालय ने सूचना नहीं दी। इसके बाद दोबारा रिमाइंडर भेजा गया है।

सार-संक्षेप

देवेंद्र ने यूपीपीसीएस में हासिल की 38वीं रैंक

गुलड़िया, अमृत विचार : आंवला के गांव गुरुगांव मुश्किल निवासी देवेंद्र कुमार ने यूपीपीसीएस 2023 में 38वीं रैंक प्राप्त की। उन्हें एसडीएम का पद मिला है। देवेंद्र कुमार ने बताया उनकी प्रारंभिक शिक्षा बाबा हरदेव सिंह इंटर कॉलेज लाभरी से हुई, ग्रेजुएशन राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय आंवला से किया, इसके बाद बरेली कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद दिल्ली में रहकर तैयारी की। इसके साथ ही वह यूट्यूब से पढ़ाई थे। देवेंद्र कुमार ने पांचवीं बार में सफलता प्राप्त की। वह बुधवार को वह दिल्ली से चलकर लगभग 2 बजे जब गुरुगांव मुश्किल गांव पहुंचे तो गांव वालों ने उनका स्वागत किया। देवेंद्र के पिता शेर सिंह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते है।

केयरटेकर को 17 माह से नहीं मिला मानदेय

बिशारतगंज, अमृत विचार : ग्राम पंचायत शाहबाजपुर सामुदायिक शौचालय पर पर कार्यरत केयरटेकर को 17 माह से वेतन नहीं मिला परेशान होकर उसने बुधवार को मझगवां ब्लॉक के बीडीओ से शिकायत की। केयर टेकर सीता ने शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव के सामुदायिक शौचालय और गांव के स्कूल में सफाई करती है। उसे 17 माह से मानदेय नहीं मिला, जिस कारण वह परेशान हैं। वह अपना मानदेय गांव के नारी उद्यान समूह की अध्यक्ष गुड़िया देवी एवं ग्राम पंचायत सचिव अजय कुमार से लगातार मांगती आ रही है जो केवल उसे आश्वासन दे रहे हैं। इस विषय में बीडीओ आनंद विजय यादव ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, सचिव को अति शीघ्र भुगतान करने को निर्देश दिए हैं।

इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से

मीरगंज, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मिली सूचना के अनुसार गुरुवार से बरेली मंडल में प्रयोगात्मक परीक्षाएं आरंभ हो जाएंगी। दो फेस में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। बरेली मंडल को प्रथम फेस में रखा गया है। संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में 25 को इंटर कृषि वर्ग, जंतु विज्ञान, 28 को जीव विज्ञान, 29 को रसायन विज्ञान और कृषि वर्ग भाग 1 शस्य विज्ञान, 30 को विज्ञान वर्ग भौतिक विज्ञान ,पशुपालन की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित होगी। यह जानकारी प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता ने दी।दिव्य कृपाल इंटर कॉलेज में 25 को खेल एवं शारीरिक शिक्षा, 27 को होम साइंस, 28और 29 को इंटर रसायन विज्ञान, 30 को भौतिक विज्ञान, 31 को भूगोल और 1 फरवरी को जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र गंगवार दी।

मतदाता जागरूकता की छात्रों को दिलाई शपथ

मीरगंज, अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एसडीएम देश दीपक सिंह ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यदि छात्र -छात्राएं 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं तो आगामी लोकसभा चुनाव में वोट अवश्य करना चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र में वोट का महत्व बहुत ज्यादा है।आप जैसा भी सांसद चाहते हैं वह वोट से ही आप चुन सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने कहा कि जो नए वोटर बने हैं उन्हें अवश्य वोट करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद गंगवार, अरविंद उपाध्याय स्नेह कुशवाहा,थानेश्वर शर्मा,सर्वेश शाक्य,विनोद कुमार,हेमंत सिंह भानुप्रताप यादव आदि सही तमाम स्टाफ उपस्थित रहा।

लोगों को शुद्ध जल का महत्व बताने को प्रचार वाहन रवाना

शेरगढ़,अमृत विचार : जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को गांव- गांव जागरूक किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को बीडीओ सीपी पांडेय ने कर्मचारियों के साथ हरी झंडी दिखाकर एलईडी प्रचार वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत गांव- गांव टंकियों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। एलईडी प्रचार वाहन दो महीने तक गांव-गांव भ्रमण कर स्वच्छ पेयजल की उपयोगिता बताते हुए उन्हें शुद्ध पेयजल प्रयोग में लाने के लिए जागरूक किया जाएगा। ग्रामीणों को अशुद्ध जल से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर एडीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद,एडीओ पंचायत राजीव शर्मा,खंड प्रेरक प्रेम प्रकाश शर्मा,वरिष्ठ सहायक देवेंद्र सिंह चौहान,पूर्व प्रधान ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

किशोर घर से लापता, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

कैंट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चनेहटी की रहने वाली गुंजन पत्नी रामबाबू ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा वंश 8 दिसंबर को घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी खोजबीन की, मगर उसका सुराग नहीं लगा। महिला ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए मंगलवार देर रात थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरूक

बिशारतगंज, अमृत विचार : कंधरपुर गांव के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय और विद्यालय के परिसर में छात्रों और ग्रामीणों को डाक्टर संजीव शर्मा ने मतदाता जागरूकता के लिए मतदान की शपथ दिलाई। लोगों को मतदान करने के महत्व को बताया गया। इस मौके पर एनपीआरसी सुरेंद्र कुमार रेखा, प्रियंका, जयप्रकाश, कयूम अली आदि मौजूद रहे।

अभद्र टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : आंवला के गांव खनगांवा श्याम निवासी अंकित नाम के युवक ने श्री राम मंदिर को लेकर अभद्र टिप्पणी पोस्ट की जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इससे लोगों में काफी आक्रोश हैं। इस वायरल पोस्ट को लेकर बजरंग दल पदाधिकारियों ने विरोध जताया। आशीष पाठक ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। पुलिस आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

मेले में 65 युवाओं को मिला रोजगार

रामनगर,अमृत विचार : विकास खंड कार्यालय रामनगर में रोजगार मेले का अयोजन किया गया। दीन दयाल उपाध्याय के जिला कार्यक्रम के डायरेक्टर अवनीश कुमार ने बताया । इस मेले में 165 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया था, जिसमें से 63 लोगों का चयन हुआ। रोजगार मेले में नोएडा, देहरादून, बरेली, की कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुखपाल सिंह ब्लाक प्रमुख मझागमा यशवंत सिंह एडीओ एमआई धुरेंदर सिंह एडीओ पंचायत करन सिंह आदि मौजूद रहे

रिटायर्ड नर्स की मौत, अंतिम संस्कार को लेकर हंगामा

संवाददाता, न्यूरिया (पीलीभीत)

अमृत विचारः सेवानिवृत्त नर्स की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। मृतका कई वर्षों से दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ रह रही थी। इसकी सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी पहुंचे। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करने, महिला की संपत्ति को ट्रस्ट बनाकर उसी के नाम करने की मांग की गई। सीओ सदर ने समाधान कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज से कर दिया गया।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला यार खां निवासी सुशीला देवी पत्नी स्व. देवकी नंदन सेवानिवृत्त नर्स थीं। उनके पुत्र की मौत हो गई थी, जबकि पुत्रवधु कहीं चली गई। पति की मौत के बाद से ही वह क्षेत्र के एक गैर समुदाय के व्यक्ति के साथ रह रही थी। महिला ने एक बच्चे को गोद लिया था। वह भी साथ रहता था। महिला का मकान खाली था। महिला की मंगलवार शाम को मौत हो गई। आरोप है कि दूसरे समुदाय का युवक शव महिला के मोहल्ला यार खां स्थित मकान पर छोड़ गया। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, महामंत्री केशव वैश्य टीम के साथ पहुंच गए। न्यूरिया इकाई के कार्यकर्ता भी आ गए। उनका आरोप था कि उक्त युवक ने बच्चे का भी धर्म परिवर्तन करा दिया था। यह मांग की गई कि महिला ने धर्म परिवर्तन नहीं किया था।

> महिला लंबे समय से दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ रह रही थी। बच्चे का धर्म परिवर्तन कराने की बात गलत है। वार्ता के बाद शव को हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया था। संपत्ति को लेकर प्रशासन की ओर से अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराया था। –प्रतीक दहिया, सीओ सदर

किशोरी को अगवा करने की कोशिश

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को अगवा करने की कोशिश की गई। किशोरी के शोर मचाने पर परिवार वाले जाग गए और उन्होंने ग्रामीणों की मदद से दो आरोपियों को दबोच लिया। उनकी जमकर पिटाई की गई। बाद में कोतवाली सदर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। किशोरी के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सदर कोतवाली की पुलिस चौकी एलआरपी क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीया किशोरी ने बताया कि वह बुधवार को अपनी मां के साथ घर पर थी। इसी बीच शहर के करीब छह युवक उसके घर में घुस आए। इनमें कुछ के पास असलहे थे। आरोप है कि युवकों ने उसे पकड़ लिया और जबरन घर के बाहर खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगे। उसके और मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए।

किराना की दुकान में चोरी

बरखेड़ा। क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी रामऔतार ने बताया कि उनके बेटे संदीप कुमार की दौलतपुर चौराहा पर किराना की दुकान है। वह मंगलवार शाम को दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात दुकान में नकब लगाकर चोरी की गई। पान मसाले, सिगरेट की रैक, चीनी की बोरी, तेल के टिन और नकदी चोरी कर ली गई। बुधवार सुबह सात बजे वह दुकान पहुंचते तो चोरी का पता चला। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर सीओ बीसलपुर सतीश शुक्ला, इंस्पेक्टर मृदुलकांत शुक्ला मौके पर पहुंचे। फिंगर प्रिंट और डॉग स्क्वायड व एसओजी टीम को बुलाया गया। काफी देर पड़ताल करने के बाद भी दुकान में पुलिस को कोई साक्ष्य नहीं मिल सका। दुकान से कुछ दूर एक खेत में चोरी कुछ सामान मिला।

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, बरेली

पत्रांक : 2753/सह.–निर्वा./2023–24 दिनांक 24.01.2024

निर्वाचन सूचना

मा. मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उ.प्र., राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के आदेश पत्रांक सी–57/रा.स.नि.आ./(69/3–सहकारिता) लखनऊ दिनांक 22.12.2023 के द्वारा सहकारिता एवं आवास विभाग की कतिपय प्रारम्भिक समितियों के क्षेत्र अवधारण के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि तक कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने पर दैनिक समाचार पत्र, अमृत विचार दिनांक 13.01.2024 के अंक में प्रकाशित अनन्तिम क्षेत्र अवधारण को ही अन्तिम क्षेत्र अवधारण घोषित किया जाता है।

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत देवकली वि.खं.बण्डा, तहसील पुवायां, शाहजहांपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवकली में बहुउद्देशीय, प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. देवकली वि.क्षे. बण्डा तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर समिति भवन प्रांगण में गिरे पड़े युकेलिप्टस के 3 पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया समिति भवन कार्यालय पर दिनांक 31.01.2024 को दिन बुधवार कार्यालय पर दिनांक 31.01.2024 को दिन बुधवार सुबह समय 11:00 बजे नियमानुसार सम्पन्न की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक तक सुबह 11:00 बजे तक अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। नियम व शर्तें समिति कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

सचिव – कार्यालय समिति भवन
वी–पैक्स–देवकली
वि.क्षे. बण्डा तह. पुवाया जिला शाहजहांपुर

Telephone : 0581-2510628
Fax : 0581- 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली–243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

दिनांक: 24.01.24

विज्ञप्ति

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेन्सनरों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने हेतु दिनांक 29.01.2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थल की जानकारी:–

जनपद	कार्यक्रम स्थल
बरेली	केसर इंटरप्राइजेज, बहेड़ी, बरेली
मुरादाबाद	राजन ओवरसीज, लकरी फजलपुर, मुरादाबाद
जे.पी. नगर	लिटल स्कॉलर अकैडमी, जे.पी.नगर
संभल	मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, चंदोसी, संभल
पीलीभीत	बजाज हिन्दुस्तार शुगर लिमिटेड, बरखेरा, पीलीभीत
रामपुर	अग्रवाल एक्सपोर्टस, बी./6–9, रोशन बाग, रामपुर
शाहजहांपुर	रोजा पावर, शाहजहांपुर
बदायूं	वेल्गा फूड्स लिमिटेड, श्याम नगर, बदायूं

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिल्सी (बदायूँ)

पत्रांक : 398/2023–24 दिनांक : 24.01.2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद, बिल्सी में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक 05.02.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.01.2024 से 05.02.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिल्सी पर नकद धनराशि जमा करके क्रय किये जा सकते हैं। समस्त कार्यो की निविदायें/कुटेशन नगर पालिका परिषद, बिल्सी में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 05.02.2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदायें/कुटेशन दिनांक 05.02.024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय दोपहर 03 बजे से इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आंगणन राशि	धरोहर राशि 05 प्रतिशत	निविदा पत्र का मूल्य मय जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में परिसर में स्थित आवासीय भवन में मरम्मत कार्य	495115	24750	634	01 माह
2.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में स्थित गौशाला में टीन शेड लगाने एवं अन्य मरम्मत कार्य।	458409	22920	587	01 माह
3.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में दो नग शौचालयों का निर्माण कार्य	243431	12173	312	01 माह
4.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड सं. 24 में हरि कन्टक के मकान से सत्यप्रकाश के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य	231267	11563	296	01 माह
5.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में परिसर में स्थित आसवासीय भवन में शौचालय का निर्माण कार्य।	220794	11040	283	01 माह
6.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी वार्ड नं. 18 मोहल्ला नं. 01 में सर्वेश के मकान से वीरेन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य	145882	7295	187	01 माह
7.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 24 में बनवारी लाल के मकान से अनुज वार्ष्णेय के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य	145473	7274	186	01 माह
8.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 01, 07, 02 में पुलिया की मरम्मत एवं लोहे का जाल लगाने का कार्य।	143351	7168	183	01 माह
9.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में अम्बिकापुर चौराहे पर पार्क के पीछे साइड पटरी पर रंजना हॉस्पिटल के सामने साइड पटरी पर रोड किनारे मिट्टी भराव का कार्य।	77024	3851	99	15 दिन
10.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 23 में नाले के पुलिया मरम्मत एवं लोहे के जाल लगाने का कार्य।	76602	3830	98	15 दिन
11.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 24 में नाले के पुलिया मरम्मत एवं लोहे के जाल लगाने का कार्य।	46327	2317	59	15 दिन
12.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 08 में नाली की मरम्मत एवं लोहे का जाल लगाने का कार्य।	40077	2004	51	15 दिन
13.	नगर पालिका परिषद, बिल्सी में वार्ड नं. 16 में विनोद मास्टर से शिवम उपाध्याय नाली निर्माण एवं जाल लगाने का कार्य।	22947	1148	29	15 दिन

नियम व शर्ते :–

1. निविदादाता को निविदा 05 साथ 05 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफ.डी.आर. जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. ठेकेदार का पालिका में पंजीकरण न होने की दशा में निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार को पालिका में नियमानुसार पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा जिस हेतु ठेकेदार को हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र जी.एस.टी. व श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र आदि व निर्धारित धरोहर राशि पालिका में जमा करना अनिवार्य होगी।
3. निविदा स्वीकृत हो जाने पर आदेश प्राप्ति के दिनांक से तीन दिन के अन्दर नियमानुसार सहायक आयुक्त स्टाम्प बदायूँ द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार स्टाम्प पेपर पर कार्य का अनुबंध पत्र सम्पादित कराना होगा।
4. स्वीकृत निविदा का कार्य निविदादाता को नियत समय सीमा के अन्दर मानक/गुणवत्ता के अनुसार कराना होगा।
5. निविदादाता की निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त ठेकेदार को जमानत राशि नकद जमा करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता का निर्माण कार्य पूर्ण होने के दिनांक से छः माह की अवधि में 05 प्रतिशत तथा एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर शेष 05 प्रतिशत जमानत राशि वापसी की जायेगी।
7. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रू. के स्टाम्प पर स्व घोषणा पत्र//शपथ पत्र संलग्न करना होगा। जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
8. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, मध्य एवं कार्य पूर्ण करने के बाद कार्यस्थल की फोटोग्राफी कराकर फोटो प्राप्त करने के उपरान्त ही भुगतान कार्यवाही की जायेगी।
10. सशर्त निविदा/डाक के माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
11. एक कार्य की निविदा/कुटेशन अथवा समस्त निविदायें/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
12. अधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिल्सी, बदायूं
(ज्ञान देवी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बिल्सी, बदायूं

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर–खीरी (उ0प्र0)

अल्प–कालीन निविदा सूचना

केवल अनुभवी संविदाकारों से इस मिल समिति में निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा निर्धारित तिथि को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्रम0 सं0	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई–निविदा की अन्तिम तिथि
1	गेस्ट हाउस के रंगाई पुताई का कार्य	रू0 4000/-	रू0 118/-	31.01.2024
2	सामान्य कार्यालय की छत का वाटर प्रुफिंग कार्य	रू0 10000/-	रू0 118/-	31.01.2024
3	आसवानी परिसर में रोड निर्माण का कार्य	रू0 27000/-	रू0 590/-	14.02.2024

उपरोक्त कार्य हेतु विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। समस्त निविदा प्रक्रिया ई-निविदा के माध्यम से पूर्ण की जायेंगी आवश्यकतानुसार निगोशिएसन भी किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्वसुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 260/ई–टेण्डर/23–24 दिनांक 15.01.2024

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 27.01.2024 से दिनांक 06.02.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 06.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

क्रम सं0	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख रू0)	निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0)	टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	फर्म/ ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (मार्ग कार्य)
1	2	3	4	5	6	7	8
	वित्तीय वर्ष 2024–25 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण के कार्य						
1	कलक्टरबकगंज से जोगीठेर मार्ग 25/27 (ओ.डी.आर)	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	18.40	1.84	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
2	मानपुर चकटिया रूरिया मार्ग (ओ.डी. आर)	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	27.50	2.75	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
3	पिपलसाना खानपुर से ठईया मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	24.00	2.40	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
4	फरीदपुर जागीर से अभयराजपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	20.00	2.00	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
5	ग्राम मकरन्दपुर गौटिया से ग्राम जटऊ पटटी मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.40	1.24	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
6	शाही धौरा मार्ग से नारा फरीदपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.60	0.56	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
7	भोजीपुरा मार्ग से मझौआ गंगापुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.60	0.56	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
8	नवादा वाया गगरी चुरैला डाम मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	10.00	1.00	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
9	रिछा जहानाबाद से भैरपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	15.20	1.52	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
10	भूड़ा फरीदपुर मार्ग से गुलरिया होते हुए खजुरिया सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.80	1.68	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
11	जहानाबाद रिछा मार्ग से मंगतपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	23.70	2.37	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
12	एस०एच० 37 से पृथ्वीपुर से बिल्लौर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	21.65	2.17	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
13	बरेली नैनीताल मार्ग से परोही फाटक नजर गंज मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	3.00	0.30	767.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
14	बहेड़ी बंजरिया से मकसूदनपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.50	0.75	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
15	गागूनगला सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	9.00	0.90	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
16	न्योला सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.00	0.50	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
17	बहेड़ी वाहपुर नदेली मार्ग के किमी0 16 से पडरा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	4.00	0.40	767.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
18	शीशगढ़ से पंडरी मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.80	0.68	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
19	शीशगढ़ बहेड़ी से कैमरिया सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.40	0.64	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
20	मानपुर से परशुरामपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	15.50	1.55	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
21	बहुदनपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	10.00	1.00	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
22	शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग के किमी0 17 से बरगवा मार्ग से लखनपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.00	1.20	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
23	शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग से टांडा मीरनगर होते हुए भोजपुर तक सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.20	0.72	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
24	प्रेमनगर गौटिया प्राथमिक विद्यालय से उड़ला जागीर तक	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.60	0.56	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
25	गूंगा सम्पर्क मार्ग से म्यूढ़ी खुर्द तक मार्ग कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	4.00	0.40	767.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
26	भोजपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	4.40	0.44	767.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
27	कमुआ सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	1.35	0.14	679.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
28	कमुआ कटैया से सहुआ मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
29	कमुआ कटैया मार्ग से ग्राम कमुआ खुर्द (कमुईया) सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
30	रा0मा0–24 से परतासपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
31	धारूपुर से परतासपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
32	नरियावल से ठिरिया निजावत खां मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
33	बरेली बीसलपुर मार्ग से हरूनगला मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.60	0.56	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
34	बरेली बीसलपुर मार्ग से गूंगा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
35	सारीपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	10.00	1.00	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
36	काशीपुर से जसरथपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
37	बिथरी चौनपुर से उडला जागीर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
38	बरेली बीसलपुर मार्ग किमी0 13 में तालाब से होते हुये हरि धर्मकांटा तक	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
39	कमुआ कटैया मार्ग से ग्राम कीरतपुर तिवरिया (अवशेष भाग)	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	10.00	1.00	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
40	चनहेटी मस्जिद से कब्रिस्तान होते हुए परगंवा भूड मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.80	0.68	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
41	काधरपुर इचौलिया मार्ग से नवीनगर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.85	1.69	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
42	रसुईया रेलवे स्टेशन सिमरा बोरीपुरा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	33.30	3.33	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
43	बाकरगंज से मरउपुरा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.00	0.80	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
44	सिमरा बोरीपुरा रसुईया रेलवे स्टेशन से मानपुर अईयापुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.00	1.20	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
45	चनहेटी परगवां से लखौरा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.00	1.60	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
46	बुखारा फरीदपुर मार्ग से लालपुर /जल्लापुर रामदयाल सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.60	0.76	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
47	सूदनपुर से गुजराई मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.00	1.20	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
48	बरेली बदायूँ मार्ग से महगवां उर्फ ऊचां गांव सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	24.00	2.40	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
49	रिठौरा मण्डसर से चौनामुरार मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.00	1.20	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
50	डोहरा लालपुर केसरपुर मार्ग किमी0 4 से कलारी	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.80	1.68	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
51	खजुरिया से कुम्हरा का शेष भाग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.80	1.28	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
52	मलपुर कलारी सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	13.60	1.36	856.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

UP – 201360 दिनांक 23.01.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नारायण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
सिविल लाइन्स, बदायूँ।

सर्व साधारण को सूचना

परिषद की सिविल लाइन्स यो.सं.–2, भाग–2, बदायूं में स्थित भूखण्ड सं.–बी–39 श्री ओम प्रकाश आहूजा पुत्र श्री किशन लाल आहूजा को आवंटित किया गया था। श्री ओम प्रकाश आहूजा पुत्र श्री किशन लाल आहूजा द्वारा भूखण्ड के मूल्य का पूर्ण भुगतान कर अपने पक्ष में दिनांक 18.10.2022 को विक्रय विलेख डीड निष्पादित कराने के उपरान्त भूखण्ड का दान विलेख दिनांक 09.12.2022 को श्रीमती नीलू गम्भीर पत्नी श्री रंजन गम्भीर के पक्ष में निष्पादित करा दिया गया। श्री ओम प्रकाश आहूजा पुत्र श्री किशन लाल आहूजा की मृत्यु दिनांक 14.05.2023 को हो चुकी है। अब श्रीमती नीलू गम्भी पत्नी श्री रंजन गम्भीर द्वारा उक्त भूखण्ड का अन्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु परिषद नियमानुसार प्रपत्र प्रार्थना पत्र के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अतः एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिविल लाइन्स यो.सं.–2, भाग–2, बदायूं में स्थित भूखण्ड सं.–बी–39 का अन्तरण श्रीमती नीलू गम्भीर पत्नी श्री रंजन गम्भीर के पक्ष में किया जाना है। भूखण्ड सं.–बी–39 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तद्नुसार सम्पत्ति का अन्तगरण श्रीमती नीलू गम्भीर पत्नी श्री रंजन गम्भीर के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज्ञा ये–सम्पत्ति प्रबन्धक

कार्यालय ग्राम पंचायत नगला पिपरिया वि.खं. मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नगला पिपरिया विकास खंड मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2023–024 ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार 15वां वित्त, राज्य वित्त एंव मनरेगा की धनराशि से नाडेफ निर्माण, आर आर सी सेंटर निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, हैण्डपम्प के प्लेटफार्म निर्माण, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, कूड़ा बाहन (ई–रिक्शा) क्रय, सफाई कर्मी ठेली क्रय, बॉल पेटिंग, पेटिंग, विद्यालय शौचालय का निर्माण/मरम्मत, कूड़ादान का निर्माण/क्रय, पंचायत घर में निर्माण काय/मरम्मत, मिड डे मील शेड निर्माण, पशु शेड निर्माण, सी सी निर्माण, इंटरलाकिग निर्माण/मरम्मत, खडण्जा निर्माण/मरम्मत आदि कार्यो हेतु आवश्यक वस्तुओं ईट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, बजरी, मौरग, रेता, सरिया, टिनशेड, लोहे के पाइप, टोंटी, टंकी, सीट, टायल, इंटरलाकिग, प्रचार–प्रसार बोर्ड इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.01.2024 समय अपरान्ह 2बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत नगला पिपरिया विकास खण्ड मिर्जापुर जिला शाहजहाँपुर पर सीलबंद लिफाफे में एवं 29.01.2024 को ही अपरान्ह 3बजे निविदाएं खोली जाएंगी। नियम शर्ते लागू

प्रधान नीलम देवी
सचिव चंद्रशेखर सागर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुबक्किल आई.सी.आई.सी.आई. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड के समक्ष रोहित पटेल एवं श्रीमती गोमती देवी पत्नी श्री वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सिंघाई कायस्थान ने प्राईवेट प्लाट नं.– 05 स्थित शेरपुर जो खसरा नं. 155 व 156 में से आराजी तादादी 192.30 वर्ग मीटर पर मकान बनाने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड में गृह ऋण हेतु आवेदन किया है उपरोक्त सम्पत्ति के चेन दस्तावेजों में मूल बैनामा दिनांकित 17.01.2002 फोटो स्टेट प्रति पुस्तक सं. 1 खण्ड नं. 1509 के पृष्ठ 399 से 410 पर क्रमांक 416 स.र.स. बरेली में निष्पादित हुआ था जो योगेश कुमार मुख्त्यारेआम रेखा देवी के द्वारा रमेश चन्द्र तिवारी के हक में वास्ते प्राइवेट प्लाट नं. 05 खसरा नं. 155 व 156 आराजी तादादी 192.30 वर्गमीटर का बैनामा कहीं खो गया है जिस सम्बन्ध में से थाना इज्जतनगर में दिनांकित 23.01.2024 को सूचना दर्ज करायी गयी उक्त आराजी एवं उक्त मूल बैनामें के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति है या उक्त बैनामा किसी बैंक या वित्तीय संस्थान में बंधक है तो वह प्रकाशन की तिथि दिनांक से 07 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय जिसका पता नीचे दिया गया है, पर लिखित आपत्ति दर्ज करा सकता है। गुजरने म्याद 7 दिन यह समझा जायेगा किसी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्थान को उपरोक्त बैनामें दिनांकित 07.01.2002/416 सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है ऐसी परिस्थितियों में आई.सी.आई.सी.आई. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को यह अधिकार होगा कि वह रोहित पटेल एवं गोमती देवी के गृह ऋण प्रार्थना पत्र को अग्रसारित कर गृह ऋण स्वीकार कर दें।

कुलदीप गुप्ता (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 10 सिविल कोर्ट
बंगलिया, कचहरी, बरेली
मो. 9359112743

कार्यालय ग्रा.पं. मन्सूरपुर, वि.ख. ददरौल, शाहजहांपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त GST में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मन्सूरपुर, विकास खण्ड ददरौल में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्न कार्य कराया जाना है, इन कार्यो हेतु प्राक्कलन के अनुसार निर्माण सामग्री की आपूर्ति दिनांक 30.01.2024 तक सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, निविदाएं दिनांक 31.01.2024 को 11 बजे समस्त निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आवश्यक निर्माण सामग्री	अभियुक्ति
1.	कैलाश मिश्रा के मकान से श्री निवास के मकान तक नाली व इण्टरलॉकिंग निर्माण 84.00X3.00 मीटर	रेता, बजरी, मौरंग, ईट, सीमेन्ट, इण्टर लॉकिंग टाइल, रोड़ा, इत्यादि	मात्रा एवं सामग्री की पूर्ण जानकारी ग्रा.पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा

श्रीमती विजय रानी प्रधान
श्रीमती कोमल शर्मा सचिव–ग्राम पंचायत

कार्यालय ग्राम पंचायत नगला, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नगला की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023–24 में मनरेगा व ग्राम निधि आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार–प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 25.01.2024 से दिनांक 29.01.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे 29.01.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लागत
1.	सी.एस.सी. से दसवां स्थल तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य	3,85,000/–

चन्द्रभान सिंह (ग्राम प्रधान)
तुषार राज (सचिव)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिल्सी (बदायूँ)

पत्रांक : 395/2023–24 दिनांक : 24.01.2024

अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंजीकृत समस्त अर्ह ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्यो को कराये जाने हेतु पालिका द्वारा ई–निविदायें (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) दिनांक 25.01.2024 समय दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे तक ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई–निविदायें उसी दिनांक 07.02.2024 को सायं 4:00 बजे से खोली जायेंगी।

E-tender Reference	395/nppbil/2023-24
Publish Date and Time for Ref	25.01.2024 at 12:00 PM
Last Date and Time for Submission for e bid	07.02.2024 upto 3:00 PM
E Tender Opening Date	07.02.2024 from 04:00PM
Place of Opening of E-Bid	Nagar Palika Parishad Bilsi
E Tender Document Processing	टेन्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें
E-tender Tender Fee	टेन्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा में देखें
E-Tender Security	10 प्रतिशत

नोट : सम्बन्धित निविदा शर्ते व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई–टेण्डर वेबसाइट etender.up.nic.in पर की जायेगी।

(डा. शैलेन्द्र कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिल्सी
(ज्ञान देवी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बिल्सी

रथ : शरीरं पुरुषस्य राजत्रात्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्चा : ।
तैरप्रमत्त : कुशली सदश्वैर्दान्तै : सुखं याति रथीव धीर : ॥

यह मानव शरीर रथ है, आत्मा (बुद्धि) इसका सारथी है, इंद्रियां इसके घोड़े हैं, जो व्यक्ति सावधानी, चतुराई और बुद्धिमानी से इनको वश में रखता है वह श्रेष्ठ रथवान की भांति संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है।

संपादकीय

भारत का विश्वास

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध शीघ्र समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ तीन महीने पहले शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मिस्र की सीमा से लगे रफाह शहर और इसके आसपास करीब 15 लाख लोग आश्रयगृहों तथा तंबुओं के शिविरों में रह रहे हैं। यह संख्या गाजा की आबादी की करीब दो-तिहाई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इजराइल को आगाह किया कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का द्वि-राष्ट्र समाधान से इनकार यकीनन संघर्ष को बढ़ाएगा जो पहले ही वैश्विक शांति के लिए खतरा है। उधर भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर भारत के ऊर्जा एवं आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। भारत के साथ ही विभिन्न असफलताओं से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह खबर चिंताजनक है। ध्यान रहे युद्ध की शुरुआत में ही आशंका जताई गई थी कि यह संघर्ष मध्य पूर्व में व्यापार और कच्चे तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकता है जिससे इस क्षेत्र के कई देश एवं उनके व्यापारिक भागीदार प्रभावित होंगे।

विश्व की 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है, इस क्षेत्र में संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें 150 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति लगभग 6.7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसके अलावा भारत और अमेरिका जैसे देशों के लिए गंभीर प्रभाव के परिणामस्वरूप संभावित वैश्विक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है जिसमें भारत से जुड़े जहाजों पर हुए कुछ हमले भी शामिल हैं और इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष को लाभ नहीं पहुंचाएगी। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय है। अनेक देश चाहते हैं कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध मानवीय आधार पर रुकना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को भोजन, पानी और दवाएं आदि पहुंचाई जा सकें। भारत का दृढ़ विश्वास है कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान ही अंतिम विकल्प है और यही स्थायी शांति प्रदान करेगा जिसकी इजराइल और फलस्तीन के लोग इच्छा रखते हैं और इसके हकदार हैं।

अर्थव्यवस्था, आत्मविश्वास, आवश्यकता, असलियत और आंकड़े

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है।

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ सब कुछ अर्थव्यवस्था के आसपास है। आम आदमी से जुड़े बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों की व्याख्या अपनी-अपनी आस्था के अनुसार हो रही है। इस बीच दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर 15 से 19 जनवरी तक हुई चर्चाओं के दौरान आर्थिक असमानता पर भारत के संदर्भ में आक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी कुल संपत्ति के 40 फीसदी से अधिक हिस्से पर काबिज है। रिपोर्ट में 2012 से 2021 तक इससे नीचे की आधी आबादी की कुल संपत्ति में हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत बताई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 के बाद दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हो गए हैं।

अगले दिन आनन-फानन जारी नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2013-14 से 2022-23 तक 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला गया है। इस अवधि में गरीबी 29.17 फीसदी से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका महत्वपूर्ण कारक 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बताया गया। नीति आयोग के सीईओ बीवी सुब्रह्मण्यम ने आत्मविश्वास से कहा कि 2030 से पहले गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। देश में 2004-05 में 37 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे,जो 2011-12 में अनुमानित 21.9 फीसदी रह गए थे। बाकी 15 करोड़ लोगों को भी गरीबी से निकालने के लिए अर्थव्यवस्था का गतिशील रहना आवश्यक है। इसमें आत्मनिर्भरता नहीं है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों की खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में 74.1 प्रतिशत भारतीय या 104.3 करोड़ लोग स्वस्थ आहार लेने में असमर्थ थे। रिपोर्ट भारत सरकार के 81.35 करोड़ लोगों को ही खाद्य सहायता देने पर सवाल उठाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती रहीं हैं कि 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ की हो जाएगी। उधर,केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांवों और शहरों के मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा से दो महीने में 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र के 9541 स्थानों तक पहुंच चुकी है और इससे 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। आयुष्मान कार्ड के मानकों से पता चलता है कि ये कौन सी श्रेणी के लाभार्थी हैं।

> इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24 .82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

विंग्स इंडिया 2024 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत ने बोइंग और एयरबस को एक साल में 1120 जहाजों के लिए ऑर्डर दिए हैं। 2030 तक हवाई अड्डे 149 से बढ़ाकर 200 करने का लक्ष्य है। तब तक देश 30 करोड़ एयर ट्रैफिक वाला और विमानों की संख्या डेढ़ से दो हजार हो जाएगी। 2042 तक 2500 नए विमानों और 20 वर्षों में 41 हजार पायलटों की जरूरत होगी। स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो के मिशन डायरेक्टर कुणाल कुमार ने भी बता दिया कि देश में 100 स्मार्ट शहरों में 40 हजार करोड़ की 383 परियोजनाएं चल रही हैं। 1300 पूरी हो चुकी हैं जिनमें 76 हजार सीसीटीवी कैमरे, 50 लाख से अधिक सौर और एलईडी लाइट लगाना और 89 हजार किमी से अधिक भूमिगत बिजली केबल का निर्माण प्रमुख है। 6855 स्मार्ट क्लास रूम और 40 डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई हैं। दूसरी ओर 140 करोड़ के देश में 12 करोड़ युवक-युवतियां बेरोजगार के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटबंदी और जीएसटी के कारणों के अलावा कोरोना काल में संगठित-असंगठित क्षेत्र में 17 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। फिर भी दावा है कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत रह गई। 2020 में बेरोजगारी दर 8, 2021 में 5.98 और 2022 में 7.33 फीसदी रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्तूबर 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 के आंकड़े बताते हैं कि 20-24 आयुवर्ग में भयावह बेरोजगारी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की श्रमबल एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने आशंका जताई कि 2024 में बेरोजगारी वैश्विक स्तर पर विकराल होगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। 2024 में दुनिया में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी,जो 2023 में 5.1 प्रतिशत थी। 2022 में यह 5.3 फीसदी रही थी। मान्यता है कि बेरोजगारी एक प्रतिशत बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी की कमी आ जाती है।

गूगल ने साल के शुरू में एक हजार से अधिक कर्मचारी निकाल दिए। सीईओ सुदंर पिंचाई ने और कर्मचारियों को भी छंटनी के लिए तैयार रहने को कहा है। 2022 में भी गूगल ने सबसे अधिक 12 हजार कर्मचारी बाहर कर दिए थे। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोग निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआई के कारण भारत जैसे विकासशील देश में औसतन 40 प्रतिशत नौकरियां खत्म होने की आशंका जताई है। बीते साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग निकाल दिए। बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां भारत के 36 हजार कर्मचारी निकाल चुकी हैं। नौकरी डॉट काम की मानें तो आईटी, बीपीओ, शिक्षा, खुदरा कारोबार, स्वास्थ्य देखभाल और सतर्कता के क्षेत्र में दिसंबर 2023 में पेशेवरों की नियुक्ति में 16 फीसदी की कमी आई है।

यही नहीं, जोर-शोर से कहा जा रहा है कि 2014-15 से 2023-24 के दौरान महंगाई दर 5.5 प्रतिशत रही। 2009-14 के बीच यह 10.04 प्रतिशत थी। आईएलओ की रिपोर्ट का महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेरोजगारी बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ेगी। देश में महंगाई दर दिसंबर 2023 में 5.69 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2023 में थोक महंगाई नौ महीने में सबसे ज्यादा बढ़ी। दिसंबर 2002 में यह 5.02 प्रतिशत थी। महंगाई के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन ने दावोस में ही चेतावनी दी है। कहा, 2024 में दुनिया इसमें राहत की उम्मीद न करे।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24.82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

व्यंग्य

अपने लिए यही तो चाहते हैं

जो लोग खासकर हिंदुस्तानी लोग, सास को लेकर रोने रोते हैं मुझे उनसे कतई इत्तेफाक नहीं है। सास को समस्या,सिरदर्द बताने को लेकर बने सारे ही चुटकुले झूठे हैं। सच तो ये है कि जब पूरी दुनिया आपको नकारा समझकर लतियाने में जुटी हो ऐसे दुर्दिनों में भी आपकी मां के अलावा दुनिया में सास ही आपकी वो इकलौती रिश्तेदार होती है जिसके हिसाब से आप दुनिया के सबसे होनहार,लायक और नजर उतारने के काबिल खूबसूरत इंसान होते हैं।

सास ही है,जो आपके आने का इंतजार करती है। आपको देखते ही खुश हो उठती है। आपको देखकर गदगद होकर अपनी बहुओं को छप्पन भोग बनाने के लिए रसोई की तरफ रवाना कर देती है। वह दुनिया की इकलौती औरत होती है,जो अपनी गैरशादीशुदा बेटियों को देर रात तक आपसे गपियाते देख नाराज नहीं होती,जो आपकी खातिरदारी में अपने पति और लड़कों सहित पूरे घर को जुटा दे,आपके आने की खबर भर से पुराने सोफे पर नए कवर चढ़वाने लगे,शैल्फ में बहुत दिनों से बंद नई क्राकरी खनकाने लगे,आपकी जेब को अपनी बचत के नोटों से भर दे,जो आपको अपने बेटों से ज्यादा तवज्जो दे,आपकी हां में हां मिलाए,आपकी सारी घिसी पिटी बातों को ध्यान से सुनें,वह आपकी सास के अलावा और कौन हो सकता है?

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं ,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है।

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है। इसी भरोसे के चलते वो बहुत बार आपकी जब भी अपनी बीबी से तनातनी होती है,वो आप की तरफदारी करती है। अपनी बेटी से ज्यादा आपको सराहती है। आपको और क्या चाहिए? सास का होना ही ससुराल के आतिथ्य की गारंटी है,उसका होना भर आपके मन में अपने वीआईपी होने की गलतफहमी पैदा कर देता है, जो आप वाकई होते नहीं है। यदि आपके दामाद होने के पहले ही आपकी सास दुनिया छोड़ चुकी हो तो मेरे ख्याल से आप एक बदनसीब इंसान हैं, आप कभी जान ही नही पाएंगें कि सास का सुख क्या होता है,आप खुद को कभी खास महसूस ही नहीं कर सकेंगे। हमारे देश का पिलपिला से पिलपिला आम आदमी जब अपनी सास के सानिध्य में होता है तो खास बना रहता है। जहां तक खास होने की बात है तो यकीन मानिये आपका ये रुतबा सास के होने भर तक का है,उसके जाते ही आपकी ससुराली दुनिया उजड़ जाएगी और आप वहां अचानक अलफांसो से दशहरी आम हो सकते हैं। उसका जाना आपका डॉलर से रुपया हो जाना है। आपका शेयर मार्केट धड़ाम से मुंह के बल आ गिरता है और आप मुद्रास्फीति का मतलब समझने लगते हैं। हां यदि आप बहुत सी बहनों की सबसे छोटी बहन के पति हैं तो आपका यह सौभाग्य अक्षुण्ण रह सकता है। यह दुर्लभ संयोग है, जो आपको अतिरिक्त ममतामयी सासें दिलवा सकता है,वे भी बलिहारियां जाएंगी आप पर। आप अपनी पत्नी की बड़ी बहनों के घर में भी दामादों सी ठसक से तर माल उड़ा सकते हैं,पर ऐसा हो ही यह जरूरी नहीं,ससुराल की दुनिया में बस सास की ही शुद्धता की गारंटी है।

यदि आप कुंवारे हैं,आप की शादी की बात चल रही हो तो होने वाली सास से जरूर मिल लें। आपका ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि आपकी होने वाली बीबी पच्चीस -तीस साल बाद कैसी दिखेगी? कैसे बोलेगी बतियाएगी? कैसा व्यवहार करेगी,यह भावी सास से मिलकर आसानी से जाना जा सकता है।

मां के अलावा वो ही है,जो आपकी किसी छोटी सी उपलब्धि को भी वो समुद्र पर बना पुल मान लेती है। जब भी आपका थोड़ा बहुत नाम हो जाए तो आप पर गर्व होता है उसे। हर आने जाने वाले से वो आपकी चर्चा करती है और सच्चे मन से खुश हो जाती है। लिहाजा अपनी सास की इज्जत कीजिए। उसकी इज्जत करेगें तो उनकी बेटी आपकी इज्जत करेगी। वो आपकी इज्जत करेगी तो दुनिया आपकी इज्जत करेगी। सास का होना ही आपका इज्जतदार बने रहने के लिए काफी है। मेरा ख्याल है आप अपने लिए यही चाहते हैं।

भारत-मालदीव संबंध: वर्तमान और भविष्य

भारत द्वारा कोरोना के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए 250 मिलियन यूएस डॉलर की दी गई,मदद हेतु संयुक्त राष्ट्र में धन्यवाद देते मालदीव के विदेश मंत्री के वक्तव्य को अभी तीन वर्ष भी नहीं हुए थे कि मालदीव के जनप्रतिनिधियों, विपक्ष और सरकार की मंशा में चीनी मिलावट होते दिखने लगी है।

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया। चीन के वन बेल्ट वन रोड योजना का भी खुलकर समर्थन करने वाले मालदीव में चीन की यह उपस्थिति सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है। न केवल हिंद महासागर,बल्कि भारत के निकटवर्ती राष्ट्रों में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिंता का कारण है। इसी बात को समझते हुए हमारे नीतिगत निर्णयों में शानदार प्रयास विगत वर्षों में होते दिखाई दिए हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही भारत और मालदीव के बीच वाणिज्यिक,सांस्कृतिक आर्थिक, संबंधों का दूसरा दौर शुरू होता है। भारत उन आरंभिक देशों में से एक है जिसने मालदीव के मुक्ति संघर्ष और स्वतंत्र मालदीव को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की। औपनिवेशिक शासन के अधीन रहे भारत और मालदीव दोनों के ही बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान संबंधों में प्रगाढ़ता आई। वर्ष 1974 में मालदीव के तत्कालीन प्रधानमंत्री अहमद जैकी की भारत यात्रा इस संदर्भ में प्रासंगिक है। इसी बैठक के बाद भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र को शांति क्षेत्र के रूप में स्वीकृत करते हुए इस क्षेत्र को बड़ी महा शक्तियों और सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखने का संकल्प लिया था। शिक्षा, मत्स्य पालन, वायु और समुद्री संचार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय सहयोग को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर दोनों पक्ष सहमत हुए। इसी क्रम में भारत द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु मालदीव के 19 एटोल में 19 विद्यालयों की स्थापना और मत्स्य के डिब्बाबंद उद्योग को बढ़ावा देने की समुचित व्यवस्था भारत द्वारा की गई।

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया।

80 के दशक के दौरान मालदीव की सत्ता पर आसीन मोमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिशों को निरस्त करने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' चलाया गया। इसके बाद के वर्षों में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। भारत की मालदीव के प्रति विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में आया। लगभग एक दशक के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी का मालदीव दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुआ। वर्ष 1995 के बाद इतने वर्षों के अंतराल के बाद अटल जी की यात्रा कई मायनों में वर्ष 2023 में महत्वपूर्ण रही। हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मालदीव में, "इंडिया फर्स्ट" की नीति अपनाने वाले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराकर,निर्वाचित नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और जेल से छूटकर आए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने उन सभी सकारात्मक पहलों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है,जो इतने वर्षों तक मालदीव के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक,पर्यावरणीय विकास के लिए भारत द्वारा की गई हैं। हालांकि भारत के लिए यह ऐसा पहला अनुभव नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2008 के चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और वर्ष 2013 चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भी चीन के प्रति झुकाव को प्राथमिकता देते थे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न विकास प्रोजेक्ट से लेकर कैंसर हॉस्पिटल निर्माण तक भारत ने एक अच्छे पड़ोसी और समावेशी विकास की नीति के चलते मालदीव को हर संभव मदद की है। बंदरगाहों के निर्माण से लेकर, मजबूत कनेक्टिविटी तक, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्र के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान हालातों में केवल मालदीव का विरोध नहीं,बल्कि सार्थक चर्चाओं और कूटनीति के आधार पर इसका समाधान होना चाहिए। लक्षद्वीप के विकास में पर्यटन,इस मॉडल को मालदीव के मॉडल से भलीभांति अध्ययन कर, वहां से काफी कुछ सीखा जा सकता है। भावावेश में विरोध की राजनीति के इतर हमें बातचीत द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से मालदीव से खराब रिश्ते किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किए जा सकते।

सोशल फोरम

आसान है अच्छा इंसान बनना

जिंदगी में सब कुछ हुआ मेरी, मगर मैं कभी कुंठित नहीं हुआ। कुंठा और मेरा, वैसा ही साथ रहा जैसे ओस और धूप। मुझे लगता है कि अगर मुझमें कुंठा जन्मी,तो हम खत्म हो गए। नाराजगी में तो बात की गुंजाइश रहती है, कुंठा में बात की गुंजाइश को ही तो घुन लग जाता है।

हफीज किदवई
लेखक

सैकड़ों बातें मेरे मन की नहीं होती। मेरे बहुत करीबी लोग,बहुत बार मेरे ठीक उल्टा सोचते हैं। तो क्या करें,उन्हें उलट-पुलट करके अपने जैसा ही बना दें या कहिए उनसे मन में गंदगी पाल लें। हमसे यह दोनों नहीं होता,सबसे बड़ी बात न मक्कारी होती है और न ही हम कुंठित होते हैं।

एक बात जान लें,दुनिया की बड़ी से बड़ी लड़ाई, कुंठा से नहीं लड़ी जा सकती है। कुंठित व्यक्ति हमेशा अपने पक्ष की दीमक ही बनता है। हमें न लोगों से चिढ़ है और न ही उनके बदलते रवैय्ये से कोई कुंठा। एक बात और मेरा अगर कोई दुश्मन भी है तो हम यह कतई नहीं चाहेंगे कि सब उससे लड़ने लगे। मेरा दुश्मन मेरा दुश्मन है। हमें उससे लड़ना है, न कि उसे अकेला करने का कुंठित प्रयास करना है।

हमसे बहुत गलतियां होती हैं। लोगों को समझने में गलती करते हैं,मगर कभी इस बात पर कुंठित नहीं होते। सब मेरे ख्याल के नहीं हो सकते और न ही हम सबके ख्याल के हो सकते हैं। एक अंतिम बात, हमने जिंदगी में इतना एहतियात हमेशा बरता है कि दुश्मन से लड़ते लड़ते,दुश्मन जैसे न बन जाए।

बाकी आपका जो जी चाहे, वह समझें। हमें जो पसंद है,वह किसी का भी दुश्मन हो,मेरा नहीं होगा। मैं उसके खिलाफ हो सकता हूं,मगर उसके प्रति कुंठित नहीं होऊंगा। हमें यह व्यवहार ही सबसे बुरा लगता है कि जो हमारा सगा नहीं,वह दुनिया का सगा नहीं। दुनिया बहुत बड़ी है, लोग बहुत खूबसूरत हैं। जमाना अच्छे लोगों से खाली नहीं है। हो सकता है अच्छा दोस्त,अच्छा इंसान मिलना बहुत मुश्किल हो,मगर अच्छा दोस्त या अच्छा इंसान बनना तो बहुत आसान है। इसकी पहली शर्त है कुंठा छोड़ दो...

-फेसबुक वॉल से

राम का विवेक

अयोध्या कांड को पूरी कथा का मर्म कहा गया है। उसका एक कारण यह है कि पूरी कथा संरचना में यहां पर एक बहुत ही रोचक मोड़ आता है और दूसरा यह है कि समाज में संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से संप्रेषित होता है,पर यहां पर अधिकांश संदेश राम और भरत ही देते हैं। चित्रकूट प्रसंग जो उदात्तता की चरम सीमा को दर्शाता है उसमें किसी महिला पात्र का कोई विशेष योगदान नहीं दिखता है। पूरे संवाद रचना में प्रमुख रूप से राम, भरत, लक्ष्मण,निषादराज,वशिष्ठ ही दिखते हैं। कैकेयी का पश्चाताप तो है,पर वह मुखर नहीं होता। कई बार लगता है,यह सायास है। कैकेयी का पश्चाताप इतना घोर है कि वह अभिव्यंजित नहीं हो सकता शब्दों से। कैकेयी का मौन संभवतः भरत की तीव्र प्रतिक्रिया के कारण आया। वरदान देने के बाद पति विमुख पहले ही चुके थे,राम के शोक में प्राण त्याग दिए,पुत्र ने त्याग दिया- पश्चाताप मात्र मौन से ही हो सकता था जितनी आक्रामक कैकेयी दशरथ के साथ वचन लेते समय होती हैं,उसकी तुलना में पश्चाताप पर उनकी मौन अभिव्यक्ति है। किसी भी महिला पात्र की भूमिका पूरे प्रसंग में कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय नहीं है।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

राम के चरित्र निर्माण पर गोस्वामी जी ने विशेष ध्यान दिया है। इंद्र पुत्र जयंत के दुस्साहस पर राम ने सीता के सम्मान को ध्यान में रखते हुए उस पर प्रत्यंचा का प्रयोग किया। उसने सीता के चरणों में एक कौए का वेश धरकर आक्रमण किया। सीता के पैर से हुए रक्तस्त्राव पर राम इतने कुपित हुए कि राम के बाण ने उसका पीछा तीनों लोक में किया और अंत में उसके द्वारा क्षमा मांगने पर भी उसको एक नेत्र से हीन कर दिया,पर जब सूपनखा ने सीता पर आक्रमण का प्रयास किया तब राम का रोष लक्ष्मण के माध्यम से निकला।

राम के चरित्र में स्त्री पर हमले का अंश नहीं था। वह स्त्री का बहुत सम्मान करते थे। चाहे वह राक्षसी ही क्यों न हो?

वह परशुराम के क्रोध पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण के रोष को नियंत्रित करते हैं। राम महिलाओं , ज्ञानियों एवं मुनियों पर न तो वचन से और न ही पौरुष से कोई आक्रमण करने में विश्वास रखते हैं। लक्ष्मण प्रायः अपने आप पर से नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनके संवादों से उनके अहम का भी अहसास होता है। वह अकसर यह कहते हुए दिखते हैं कि अगर प्रभु की आज्ञा हो तो वह कुछ भी कर सकते हैं,पर राम ऐसा कहते हुए कभी नहीं दिखते। राम में नम्रता का अपार सागर है। वह सिंधु राज पर भी क्रोध करने के पूर्व उससे विनती करते हैं।

'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।।' यह पंक्ति राम की नम्रता के बारे बहुत सुंदर अभिव्यक्ति देती है। वह कोप करने के पहले भी तीन दिन तक विनय करते हैं। उनका रोष अकारण हो ही नहीं सकत,पर जब सिंधुराज प्रकट होकर क्षमा याचना करते हैं तो राम उसे स्वीकार करते हैं। राम का विवेक अयोध्याकांड से लेकर लंका कांड तक पूरी घटनाक्रम को संचालित करता है। वह किसी भी अवसर पर अधीर नहीं होते। राम के पराक्रम का ही नहीं उनके वंदनीय विवेक का युग भी सघन जंगलों में गतिशील है।

समृद्धि की वाहक शिक्षित नारी

नारी शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है,क्योंकि एक समर्पित, ज्ञानवान और आत्मनिर्भर महिला समाज की स्थिति को सुदृढ़ करती है। नारी शिक्षा का महत्व इसलिए भी बहुत है,क्योंकि यह महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वतंत्रता का एहसास दिलाती है। संस्कृत में कहा गया है "नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समो गुरुः" अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है।

शालिनी मिश्रा
बरेली

बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पहली अध्यापक होती है। बालक का प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थाई आधार बन जाता है। समाज में बाल अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। यदि मां शिक्षित नहीं होगी तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा। पुरुष और स्त्री इस समाज के एक सिक्के के दो पहलु हैं तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरुष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देश के हित के लिए आवश्यक है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच इस समाज के विकास का रोड़ा बन सकती है। आज के इस युग में स्त्री पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर एक क्षेत्र में नारी आज कुशल है,वह घर की देखभाल के साथ-साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग है। भारत में महिला साक्षरता की अहम जरूरत है।

महिलाओं के शिक्षित हुए बिना हम देश के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। परिवार, समाज और देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के लोकतंत्र को सफल बनाने का एकमात्र रास्ता यही है कि महिलाओं तथा पुरुषों को शिक्षा हासिल करने के लिए बराबरी का हक दिया जाए। शिक्षित महिलाएं ही देश,समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

दूसरे दिन 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

चार पंक्तियों में बनाई गई दर्शन की व्यवस्था, चाक-चौबंद रही सुरक्षा

जन्मभूमि पथ से श्रद्धालुओं का प्रवेश और गेट नंबर तीन से कराई गई निकासी

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर और मंदिर में प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में राम भक्त बुधवार सुबह से ही लंबी कतार में खड़े हो गए। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भीड़ कम रही। दूसरे दिन बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन के लिए मंगलवार को अचानक सैलाब के बाद प्रशासन ने आज चाक-चौबंद व्यवस्था रखी। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए चार लाइन बनाई गईं। जिनके माध्यम से अलग-अलग लाइनों में पुरुष व महिलाओं को प्रवेश कराकर बाहर निकाल गया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में मंदिर दर्शन का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। मंगला आरती के साथ ही दर्शन प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गृह सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम नितीश कुमार समेत सभी स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि रामपथ से लेकर जन्म भूमि पथ तक चार अलग-अलग लाइन के माध्यम से राम भक्त दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचे। आज सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए दर्शन कराए गए। सभी आने वाले श्रद्धालु आसानी से सुरक्षा के बीच होते हुए परिसर पहुंचे जहां दर्शन के बाद गेट नंबर 3 से बाहर निकाला गया।

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का जत्था। ● प्रशांत शेखर

मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गया बंदर

राम मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद एक बंदर मंदिर परिसर में भी पहुंचते ही रामलला के मुख्य द्वार से मूर्ति तक चला गया। मंदिर परिसर में रखें किसी भी सामान का नुकसान नहीं किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंगलवार शाम श्रीराम के गर्भ ग्रह में हुई एक अद्भुत घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आज शाम लगभग 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में प्रवेश करके उत्सव मूर्ति के पास तक पहुंचा। बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर यह सोच कर भागे कि कहीं वो उत्सव मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे। जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, वैसे ही बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने के कारण पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और दर्शनार्थियों के बीच में से होता हुआ, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि ये हमारे लिए ऐसा ही है, मानो स्वयं हनुमान जी रामलला के दर्शन करने आये हों।

समर्थकों के साथ प्रवीण तोगड़िया ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को समर्थकों के साथ रामनगरी पहुंचे। मंदिर निर्माण की संकल्प की पूर्ति के बाद उन्होंने सरयू में स्नान किया और रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रवीण तोगड़िया ने मोदी और अमित शाह पर विश्वास जताते हुए कहा कि अब मथुरा और काशी के लिए आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर बन गया है, यह आनंद का विषय है। जैसे राम मंदिर बना हुआ है वैसे काशी और मथुरा भी बना दिखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समृद्ध हिंदू, सम्मानित हिंदू का देशव्यापी समृद्ध अभियान चलाने जा रही है। जो देश भर में चला जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए राम मंदिर खुशी का विषय है।

भीड़ नियंत्रण की रात भर चली कवायद

▸▸ अब भी मोर्चा संभालें हैं गृह सचिव व एसडीजी

▸▸ निगरानी में जुटे एडीजी, आईजी व एसएसपी मुख्य मार्ग पर डाइवर्जन अब भी लागू

जन्मभूमि पथ पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामजन्मभूमि परिसर में मंगलवार रात भर चली कवायद के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन-पूजन की व्यवस्था को बुधवार को सुचारु कर लिया। अब भी प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने परिसर में मोर्चा संभाल रखा है। एडीजी, आईजी व एसएसपी निगरानी में जुटे हैं। रामनगरी के मुख्य मार्ग रामपथ पर अभी भी रुट डाइवर्जन लागू है। स्थानीय लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन की अनुमति दी गई है। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण योजना सख्ती से लागू किये जाने के बाद बुधवार को सारी व्यवस्थाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण में दिखीं। रामपथ पर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर आरएएफ के जवानों ने मानव शृंखला बना रखी थी। दूसरी पटरी पर बज्र व दंगा नियंत्रण वाहन तथा उस पर तैनात सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाल रखा था। एसएसएफ और सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान और अधिकारी पूरे पथ पर मुस्तैद रहे। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर बाएं तरफ स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल कैनोपी वाले पत्थर जड़ित मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा था। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाबलों की निगरानी में बैरियर और स्कैनर सक्रिय रहे, जबकि निकास दाएं स्थित वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्ग से कराया गया। आसपास के मंदिरों में दर्श-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को अमावां मंदिर-राम गुलेला मार्ग से भी निकलने की अनुमति दी गई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने परिसर स्थित कंट्रोल रूम में मोर्चा संभाल रखा था तो प्रशासन की ओर से लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जमे थे। वहीं एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर घूम-घूमकर हालात और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत विशेष ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारी निगरानी में जुटे दिखे। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि सुचारु रूप से दर्शन-पूजन कार्यक्रम जारी है। सभी को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं।

पहले दिन रामलला को 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

अयोध्या, अमृत विचार: राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने तीन करोड़ 17 लाख रुपये का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्री राम को भेजा है। डॉ. मिश्रा के अनुसार मंगलवार 23 जनवरी को पांच लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किए हैं। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

रामोत्सव में रंगोत्सव के रंग में रंगी रामनगरी

▸ 12 जनवरी से रामलला के दर्शन को कई प्रदेश के लोग रामनगरी में रहे डटे

रामपथ पर उतर आई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक, पारंपरिक परिधानों में पहुंच रहे श्रद्धालु

अयोध्या धाम में आस्था के जनसैलाब के संग सांस्कृतिक विरासतों का संदेश दे रहे भक्त

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : सुंदर सजी रामनगरी में आस्था के आवेग के बीच भारतीय संस्कृति का समावेश एक भारत श्रेष्ठ भारत का संवाहक बन गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक और पारंपारिक विरासत रामपथ पर नए युग के आरम्भ का प्रतीक बन गई है। अब यहां रामलला के दर्शन के लिए आने वाले राम भक्त अपने-अपने प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं अयोध्या धाम में मन रहे रामोत्सव में श्रद्धाभाव के भी जुदा-जुदा रंग दिख रहे हैं।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार की तरह बुधवार को भी रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। मंगलवार को दर्शन को लेकर हुई असहजता भी प्रशासनिक व्यवस्था से बुधवार को सहज हो गई। जन्मभूमि मार्ग पर रैपिड एक्शन फोर्स जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन की व्यवस्था बना रहे थे। श्रद्धालु भी अनुशासन की डोर स्वयं से बांधे हुए आते-जाते रहे। 12 जनवरी से यहां डटे नेपाल के आशाराम और मध्य प्रदेश के निरंजन सिंह बोले ऐसी व्यवस्था यहां कभी नहीं दिखी। हर जगह प्रसाद और राम नाम की चाय के साथ अन्य इंतजाम से हृदय प्रसन्न हैं। कश्मीर से आए श्रीनिवास बोले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन सरलता के साथ रामलला के दर्शन प्राप्त हुए।

हनुमानगढ़ी मार्ग पर बुधवार को हनुमंतलला का रूप धरे कर्नाटक का श्रद्धालु। अमृत विचार

111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का किया दर्शन-पूजन

रामलला के दरबार में महाराष्ट्र के पुणे से आए केशव शंखनाद पथक के 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का दर्शन-पूजन किया। जिसमे ज्यादातर महिलाएं थीं। केशव शंखनाद पथक के सदस्य केसरिया व सफेद वस्त्र पहनकर अयोध्या की सड़कों पर शंखनाद करते हुए राम जन्मभूमि पथ पहुंचे। वहां से राम के दरबार पहुंच शंखनाद किया। इस दौरान केशव शंखनाद पथक के सदस्यों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से हमें अयोध्या आने होता दिया गया था, मंगलवार को हम अयोध्या पहुंचे थे। हमारी सात पीढ़ीयों नें जो संघर्ष किया उसका आनंद आने वाली पीढ़ी के लोग लेंगे। कहा कि इतने सालों का जो सपना था आज भगवान श्री राम के दर्शन कर पूरा हो गया। रामलला की मूर्ति देखने के बाद बहुत ही सुंदर लगी। उन्होंने कहा यह केशव शंख नाद पथक विश्व का पहले पथक है जो एक साथ और एक आवाज में शंख बजाते हैं।

मुंबई की श्रद्धालु 56- अनारकली में तो लाल कोट में दिखे बादशाह

मुंबई से अपने पति राहुल सांबे के साथ दर्शन के लिए पहुंचीं शक्ति भी विशेष परिधान में रामलला के दर्शन के लिए आईं। उन्होंने बताया कि जो परिधान वह पहने हैं उसे महाराष्ट्र में 56-अनारकली कहा जाता है। बोलीं सुंदर अयोध्या धाम में सुंदरता के साथ आना अच्छा लगा। राहुल बोले रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामपथ पर भ्रमण कर रहे सूरत के लाल बादशाह सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाल कोट - लाल पैंट और लाल जूते के साथ ऊपर से नीचे तक लाल रंग में रंगे दिखे। पूछा तो बोले सूरत गुजरात में भी इसी वेशभूषा में रहते हैं। अयोध्या में भी इसी में रामलला के दर्शन के लिए आएं हैं। बताया सूरत में 10 हजार बच्चों को अब तक दीक्षा दे चुके हैं। वह श्रद्धालुओं को लाल रंग का पेन भी वितरित करते रहे।

मुंबई से आए दंपती।

सिर पर आस्था की गठरी लादे अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा

रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में राजस्थान के अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा भी रहे। सिर पर बड़ी सी गठरी लादे बाबा रामपथ पर पैदल बढ़े जा रहे थे।बताया अलवर से आ रहे हैं, फिर उन्होंने सरयू नदी की राह पूछी और आगे बढ़ गए।

तेलंगाना से पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में पहुंचा श्रद्धालु।

तेलंगाना के श्रद्धालु देवोवस्त्र तो आंध्र के राम रेड्डी पारम्परिक अंगवस्त्र में दिखे

रामपथ पर बुधवार को तेलंगाना से आया रामभक्तों का समूह अपनी पूरे पारम्परिक परिधान में रामलला के दर्शन कर आह्लादित दिखे। समूह के साथ मौजूद राकेश ने बताया कि हमारे परिधान को देवोवस्त्र कहा जाता है। प्रभु रामलला के दर्शन के लिए इसीलिए इस परिधान में आएं हैं। बताया कि यह साउथ का पारंपरिक परिधान है। जो देवों के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पहना जाता है। उनके साथ आए महाकाली, शिवा, बालाजी, महेश, सुरेश आदि मौजूद रहे। रामपथ पर दर्शन के लिए जा रहे आंध्र प्रदेश के राम रेड्डी कड़ाके की सर्दी के बाद भी धोती अंगवस्त्र में मिले। पूछा सर्दी नहीं लग रही है? बोले कुछ नहीं दोनों हाथ जोड़ प्रभु की ओर इशारा किया। इसी तरह बिहार के शैलेन्द्र विष्णु भी अपने पारंपरिक परिधान में दर्शन के लिए पहुंचे।

संकल्प हुआ पूरा तो राम की वेशभूषा में पहुंचे अयोध्या धाम

राजस्थान के रहने वाले राज दास भी अयोध्या कोतवाली के निकट भगवान राम की वेशभूषा धारण किए आकर्षण का केंद्र रहे। बताया भव्य राम मंदिर बनने पर यह संकल्प लिया था कि उन्हीं की वेशभूषा में दर्शन करने जाएंगे। बोले रामलला विराजे तो आतुरता के साथ चला आया। उनके साथ श्रद्धालु भी सेल्फी लेते रहे। राज ने बताया कि मूलरूप से वह शेफ हैं। रंगमंच में भी सहभागिता रहती है।



आस्था



रामनगरी में अपनी बेटी को रामलला का दर्शन करा लौटता पिता।

खरीदारी

दर्शन-पूजन के बाद रुद्राक्ष खरीदती युवती।

रामपथ पर तिरंगा लहराता युवक।

रामोत्सव

तीन मूर्तिकारों ने अलग-अलग बनाई थी रामलला की मूर्ति, एक हुई गर्भगृह में प्रतिष्ठित

बाल रूप रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी आईं सामने

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पांच वर्षीय बाल रूप में रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्रतिष्ठित हो गए। यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामलला की दो अन्य मूर्तियों की भी तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि ट्रस्ट ने इस मूर्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया है। दावा किया है कि इन दोनों मूर्तियों को भी उचित सम्मान दिया जाएगा।

राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन अलग-अलग मूर्तिकारों से 51 इंच ऊंची रामलला की बाल स्वरूप मूर्ति तैयार करने को कहा था। ट्रस्ट के अनुमति पर मैसूर के अरुण योगीराज, कर्नाटक के कृष्ण शिला पर गणेश भट्ट व राजस्थान के मकराना संगमरमर के पत्थर पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाने का काम शुरू किया था। मूर्ति तैयार होने के बाद ट्रस्ट ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के अरुण योगीराज की मूर्ति चयन किया और उसे 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठ के तीसरे दिन बुधवार को मूर्तिकार गणेश भट्ट व सत्यनारायण पांडेय की ओर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि मंदिर के प्रथम तल पर लगने वाले राम दरबार के साथ इन दोनों मूर्तियों का प्रयोग किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि दोनों अन्य मूर्तियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। अभी तक ट्रस्ट ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जल्द ही मंथन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मूर्तिकार गणेश भट्ट की द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति।

मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे द्वारा बनाई की गई रामलला की मूर्ति।

▸▸ मूर्तिकार गणेश भट्ट ने कृष्ण शिला व सत्यनारायण पांडेय ने मकराना संगमरमर की बनाई मूर्ति - मूर्तियों को राम मंदिर उचित स्थान देने पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

महाराष्ट्र से आए रामभक्तों ने भेंट की स्वर्ण जड़ित तलवार।

रामलला को समर्पित की स्वर्ण जड़ित तलवार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद रामभक्त अपने आराध्य को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए 20 सदस्यीय राम भक्तों की टोली ने बुधवार को स्वर्ण जड़ित तलवार रामलला को समर्पित की है। तलवार सात फीट लंबी और 80 किलो वजनी है। जिस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसके साथ ही इस तलवार पर विष्णुजी के 10 अवतारों के चिह्न भी अंकित हैं। निलेश अरुण ने कहा कि तलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। यह तलवार प्राचीन नंदन तलवार को देखकर बनाया गया है, इसे एक गाड़ी में रखकर अयोध्या लाया गया है।

पहले वेतन देने के लाले पड़ते थे आज हो रहा करोड़ों का निर्यात

मुख्यमंत्री ने की 7वें उत्तर प्रदेश दिवस की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : साल 2017 के पहले खराब आर्थिक स्थिति, वेतन के लाले और अव्यवस्था के तांडव का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश की तरक्की के कई उदाहरण साझा किए।

इस क्रम में उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में उप्र. का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपये का था। वहीं आज 2 लाख करोड़ रुपये का ओडीओपी निर्यात हो रहा है। उन्होंने बताया कि, कि यहां 96 लाख एमएसएमई यूनिट क्रियाशील हैं, जिन्होंने कोरोना कालखंड में दूसरे राज्यों से वापस आए 40 लाख लोगों को रोजगार दिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अवध शिल्पग्राम से 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत की। उन्होंने उप्र. गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल भी लांच किया। उप्र. दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ निवासी वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उप्र. गौरव सम्मान दिया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कानपुर के नवीन ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान आदि मौजूद रहे।

कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी।

साहुवाला रेंज में मिला हाथी का शव दोनों दांत सुरक्षित

बिजनौर, अमृत विचार : वन विभाग की साहुवाला रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में नर हाथी का शव मिला है। हाथी के दोनों दांत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशु चिकित्सकों की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। नजीबाबाद डिवीजन की साहुवाला रेंज में मंगलवार की रात कक्ष संख्या 11 शाहनगर कुराली में नर हाथी का शव मिलने की रेंजर आरपी ध्यानी को सूचना मिली। हाथी का शव गड्ढे में पड़ा था। ऊपर से शव के पिछले दोनों पैर ही दिखाई दे रहे थे। हाथी का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे वन विभाग नजीबाबाद के एसडीओ राजीव सिंह ने बताया कि रेंज की बीट शाहनगर कुराली में एक गड्ढे के भीतर मुंह के बल गिरे नर हाथी का शव मिला है।

खेत की रखवाली कर रहे किसान पर भालू ने किया हमला, ली जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर एक घंटे तक लगाया जाम
- रेंजर के आश्वासन पर माने पीटीआर की बराही रेंज से 200 मीटर की दूरी पर था खेत

अमृत विचार : जंगल किनारे खेत की रखवाली कर रहे किसान को भालू ने हमला कर मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर जाम लगा दिया। रेंजर के मुआवजा दिलाने के आश्वासन के करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोला।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष निवासी किसान लालाराम (26) पुत्र राममूर्ति गेहूं के खेत की रखवाली करने गए थे। लालाराम का खेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। बुधवार सुबह लालाराम का खून से लथपथ शव खेत में मिला। बताते हैं कि रात में किसी समय खेत की रखवाली के दौरान उस पर भालू ने हमला कर दिया था। घटना की जानकारी परिजनों को बुधवार सुबह हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग का कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव और महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और मृतक किसान के परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तब करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोला।

सार-संक्षेप

गांवों में बिजली आपूर्ति में पश्मिांचल निगम फिसड्डी

लखनऊ, अमृत विचार : गांवों में बिजली आपूर्ति के मामले में पश्मिांचल विद्युत वितरण निगम पूरे देश में फिसड्डी साबित हुआ है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) की ओर से जारी अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 30 लाख बिजली उपभोक्ता हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ही केवल 80 प्रतिशत उपभोक्ता हैं। आरईसी ने वर्ष 2022-23 में ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति के घंटे का अध्ययन किया, जिसमें पश्चिमांचल विद्युत वितरण कंपनी देश की सबसे कम बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी पायी गई है। मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 17.61 घंटे, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 18.57 घंटे, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 19.11 घंटे व प्रदेश की निजी घराने की नोएडा पावर कंपनी 19.16 घंटे ही बिजली आपूर्ति कर पाई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरईसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सबसे ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम बिजली आपूर्ति करने वाली गुजरात की बिजली कंपनी है।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे: राजभर

लखनऊ, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि विपक्ष जातिवार जनगणना और पीडीए की बातें जितनी भी कर ले परंतु एनडीए के सामने कोई नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों, पिछड़ों और वंचितों का काम कर रहे हैं। होने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 से अधिक सीटों के साथ जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। राजभर बुधवार को पार्टी कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के फैसले को उचित बताते हुए उन्होंने कहा है कि कर्पूरी ठाकुर ने अति पिछड़े, दलित व वंचित समाज की लड़ाई को आगे बढ़ाया। वह पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने बिहार में पिछड़ों को 26 फीसदी आरक्षण दिया। भारत रत्न दिए जाने से देश का दलित, वंचित समाज आज एनडीए के साथ खड़ा है।

पोस्टमार्टम में लापरवाही पर बदायूं के दो डॉक्टर निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : बदायूं में पोस्टमार्टम के बाद शव की आंखें गायब होने के मामले में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बाद पोस्टमार्टम करने वाले दोनों डॉक्टर भी निलंबित कर दिए गए हैं। साथ ही दोनों डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बुधवार को दोनों डॉक्टरों को निलंबित कर अपर निदेशक कार्यालय बरेली से संबद्ध कर दिया गया है। मामला 10 नवम्बर, 2023 का है। बदायूं के थाना अलापुर के कुतरई गांव निवासी पूजा की ससुराल वालों ने दहेज न मिलने पर हत्या कर दी थी। पिता गंगाचरण ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। डॉ. मोहम्मद उबेश एवं डॉ. मोहम्मद आरिफ हुसैन की संयुक्त टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों ने शव का बैग खोला तो पूजा की दोनों आंखें गायब थीं। जिसके बाद परिवारीजनों ने पोस्टमार्टम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से संबन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वाष्णेय को निलंबित कर स्वास्थ्य महानिदेशालय में सम्बद्ध किया कर दिया था।

ओलावृष्टि से प्रभावित 1250 किसानों को मिलेंगे 66 लाख

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने ओलावृष्टि से फसलों के होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए कृषकों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 65 लाख 75 हजार 178 रूपये की धनराशि स्वीकृति की है। इस संबंध में बुधवार को शासनादेश जारी किया गया है। यह धनराशि 1250 कृषकों में वितरित होगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बुधवार को बताया कि जिस मद में शासन द्वारा राहत सहायता धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में धनराशि का उपयोग किया जायेगा। राज्य आपदा मोचक निधि की धनराशि का व्यय वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त निर्धारित अवधि के अंदर किया जायेगा। इस माह के अंत में जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा और मदवार विवरण ,निर्धारित प्रारूप पर पांच फरवरी तक उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बड़े पैमाने पर हुआ आबकारी निरीक्षकों का तबादला

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बुधवार को बड़े पैमाने पर प्रदेश में तैनात आबकारी निरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया। आबकारी आयुक्त प्रयागराज की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश में विभिन्न जिलों में तैनात 91 आबकारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। जारी आदेश में स्थानांतरित किए गए आबकारी निरीक्षकों को कर्मचारी आचरण नियमावली का हवाला देते हुए तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

गेहूं की खरीद अवधि में बदलाव

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं की खरीद अवधि में बदलाव किया गया है। इसमें अब एक अप्रैल की जगह 15 मार्च से खरीद शुरू की जाएगी। शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये की बढोत्तरी की है जो समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

मीरानपुर कटरा में झंडों के अपमान पर तनाव, पुलिस व पीएसी तैनात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव बतलैया में बिजली के खंभों पर लगे धार्मिक झंडों को उतार कर अपमान किए जाने की घटना के दूसरे दिन भी तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में एक बटालियन पीएसी व पुलिस बल तैनात है। वहीं इस घटना में शामिल बाल अपचारी सहित सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। पकड़े गए लोगों का पुलिस ने चालान कर दिया।

मीरानपुर कटरा के गांव बतलैया में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उत्साह में सनातन धर्म मानने वालों भगवा झंडा खंभों आदि स्थानों पर लगाए थे। आरोप था कि राम पताका उतारकर कर फेंक दिया और उनका अपमान करने के साथ ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया था। मंगलवार को संगठन के लोग भड़क गए थे और कटरा थाने पर पहुंचकर तहरीर दी थी। पुलिस ने पांच नामजद व अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करी थी। इधर कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास में बतलैया गांव के ईट भट्टे के पास गांव के तज्जू, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शाहिद, अमन, दिल पुकार व दो बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं: नंदी

लखनऊ, अमृत विचार: औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ यह एकदम स्पष्ट होता जा रहा है कि इंडी गठबंधन केवल और केवल नकारात्मकता व नफरत की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। जनता द्वारा सिरे से नकार दी गई पार्टियां अपने-अपने परिवार का राजनीतिक अस्तित्व बचाने को लेकर एकजुट हुई हैं। न कोई नेता, न कोई एजेंडा, न कोई जनहित की बात। बस एक बात पर इन सबकी आम सहमति है।

शोहदों ने छात्रा को पीटा फिर पीड़िता और ग्रामीणों ने एक शोहदे की लगाई धुनाई

संवाददाता, विजय नगला

- शोहदे ने छात्रा को दिया था अपने दोस्त का मोबाइल नंबर लिखा कागज, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : एक छात्रा के साथ शोहदे ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने छात्रा को पीटा। शोर होने पर ग्रामीण पहुंचे और शोहदे की चप्पलों से पिटाई लगाई। जिसका वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा के पिता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दूसरे आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय छात्रा बुधवार को कॉलेज से लौटकर घर जा रही थी। कॉलेज से कुछ ही दूरी पर एक शोहदे ने कागज पर अपने दोस्त का मोबाइल नंबर लिखकर छात्रा को दिया। कहा कि इस नंबर पर फोन कर लेना। छात्रा ने विरोध किया तो उसने अपने दोस्त को बुला लिया।

दोनों शोहदों ने छात्रा से अपशब्द कहे और छात्रा को लात-घूसों से पीटा। छात्रा चिल्लाई तो आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। एक शोहदे को पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग गया। छात्रा और ग्रामीणों ने पकड़े गए युवक की चप्पल से जमकर पिटाई लगाई। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शोहदा तीन महीने पहले भी छात्रा से छेड़छाड़ कर चुका है। पुलिस ने उसे पकड़ने के बाद छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

फाइलेरिया मुक्त जिलों की संख्या बढ़ेगी, सात जिलों में नहीं चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली, पीलीभीत व शाहजहांपुर सहित 17 जिलों में चलेगा अभियान

अमृत विचार : प्रदेश में छह जिले अंबेडकरनगर, जालौन, मऊ, भदोही, चित्रकूट और महोबा भी फाइलेरिया मुक्ति हो जाएंगे। इन जिलों में पिछले साल फरवरी में सर्वजन दवा सेवा (एमडीए) राउन्ड के बाद नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) हुआ। सकारात्मक रिपोर्ट मिलने के बाद प्रस्तावित एमडीए राउन्ड में इन जिलों को बाहर कर दिया गया है। फाइलेरिया मुक्ति के लिए 10 फरवरी में 17 जिलों में अभियान चलेगा। अभियान संचालित जिलों में अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, हमीरपुर, जौनपुर, जालौन, लखनऊ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी हैं।

संयुक्त निदेशक, फाइलेरिया डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बुधवार को बताया कि 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए राउन्ड की तैयारियां चल रही हैं। स्वास्थ्य टीम और फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत यह टीम घर-घर जाकर अपने सामने दवा खिलाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल फरवरी में 18 जिले अमेठी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, हमीरपुर, जालौन, लखनऊ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मऊ, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही, चित्रकूट और महोबा मे अभियान चला था। इनमें से सर्वे रिपोर्ट के आधार पर छह जिले निकाल दिए गए हैं, जबकि जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, उन्नाव और वाराणसी नए जिले जोड़े गए हैं।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस बार के एमडीए राउन्ड में बाहर होने वाले छह जिलों में अब ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास) किया जाएगा। इसमें भी नेगेटिव रिपोर्ट आने पर जिलों को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में फाइलेरिया प्रभावित 50 जिले हैं। जिनमें लिम्फ़ोडिमा के 95 हजार 97 मरीज हैं। इसमें 24 हजार 207 मरीज हाइड्रोसील के हैं।

किसान संगठन करेंगे 16 फरवरी को भारत बंद : राकेश टिकैत

नोएडा, एजेंसी : किसान नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को कहा कि किसानों से देश में विभिन्न मुद्दों को लेकर 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया गया है। इन मुद्दों में फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून को लागू नहीं करना शामिल है।

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत ने कहा कि किसान समूहों के अलावा, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टर से भी भारत बंद का समर्थन करने और 16 फरवरी को हड़ताल पर रहने को कहा गया है। उन्होंने मुजफ्फरनगर में संवाददाताओं को बताया, हमने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा समेत कई किसान समूह इसका हिस्सा हैं। किसान उस दिन अपने खेत पर नहीं जाएं और हड़ताल पर रहें। इससे पूर्व किसानों ने अमावस्या के दिन खेतों में काम नहीं किया था। टिकैत ने कहा, इसी प्रकार 16 फरवरी का दिन केवल किसानों के लिए अमावस्या है।

उत्तराखंड

सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को 4 फीसदी आरक्षण

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों पर फैसला लिया। कैबिनेट ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

बैठक के बाद मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह सन्धु ने बताया कि उत्तराखंड में खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार फीसदी क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए उत्तराखंड लोक सेवा विधेयक 2024 को विधानसभा में रखने की कैबिनेट ने अनुमति दे दी। वहीं, बाल्य देखभाल अवकाश की पूरी अवधि में महिला कार्मिकों या एकल अभिभावक को अवकाश पर जाने से पहले मिल रहा पूरा वेतन देने के प्रस्ताव भी पास हो गया। दो से अधिक जीवित संतान वाले व्यक्तियों के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों की सदस्यता के लिए कैबिनेट ने उत्तराखंड पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2024 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित किया है। यदि चुनाव से पहले एक बच्चा होगा और यदि जीत के बाद जुड़वां बच्चे होते हैं तो संबंधित प्रतिनिधि अयोग्य नहीं होगा।

इन प्रस्तावों पर भी फैसले

- व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति के लिए अब 4800 का नया ग्रेड।
- सहायक अभियंताओं को वाहन भत्ता 4000 रुपये प्रति माह मिलेगा।
- पुराना वाहन भत्ता अब 1200 से 4000 रुपये तक हुआ।
- 6 नंबर पुलिया दून में बनेगा परिवहन मंत्रालय का कार्यालय, मिलेगी 0.0266 हेक्टेयर भूमि।
- भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में 7 अतिरिक्त पद होंगे सृजित।
- 6 डिस्ट्रिक्ट माइनिंग ऑफिसर, एक पीएस टू डीजी, हर जिले में एक ऑफिसर।
- उत्तराखंड रिवर ड्रेजिंग नीति, 2021 में होगा आंशिक संशोधन।
- व्यवसाय संघ (उत्तराखंड संशोधन) विधेयक, 2020 सदन के पटल से वापस होगा।
- साहसिक पर्यटन : अहर्ता में शिथिलता, कुछ पदों पर भर्ती आसान, विषय विशेषज्ञ की अहर्ता बदली।
- वाइब्रेंट विलेज : सीमान्त गांव जादुंग उत्तरकाशी होम स्टे कलस्टर बनेगा, ज्यादा सरकारी मदद मिलेगी।
- हाउस ऑफ हिमालयाज : सरकार बनाएगी कंपनी, निजी कंपनी मार्केटिंग करेगी।
- पुलिस विभाग में समस्त संवर्ग के आरक्षियों की सेवा नियमावली में एकरूपता लाई जाएगी।
- पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना मूल्य में 20 प्रति क्विंटल की वृद्धि, 5.50 रुपये क्विंटल कमीशन निर्धारित।
- एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का कार्यकाल 1 साल बढ़ा।
- गहरा खनन रोकने को खनन मशीनों की वीडियोग्राफी होगी।
- पुराने जेल परिसर दून में बार एसो. को पांच बीघा भूमि 30 साल को एक रुपया सालाना मिलेगी।
- मत्स्य पालन को जलाशयों की बोली अब 10 साल के लिए होगी।
- पशु चिकित्सा अधिकारी की नियमावली में संशोधन।
- लखवाड़ व्यासी जैसे डैम में अब 10 लाख तक के काम लोकल सोसाइटी बनाकर होंगे।

बच्चे को हरकी पैड़ी लेकर पहुंचे परिजन डुबाकर ले ली जान

हरिद्वार, अमृत विचार : बुधवार को हरिद्वार में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। एक परिवार ने अपने ही पांच साल के बच्चे को हरकी पैड़ी पर गंगा में डुबाकर मार डाला। पुलिस के अनुसार, बुधवार दोपहर एक परिवार बच्चे को लेकर हरकी पैड़ी पर पहुंचा। बच्चे की मां के अलावा अन्य परिजन भी साथ थे। उन्होंने बच्चे को ब्रह्मकुंड में ले जाकर डुबो दिया और उसे लगातार डुबोते रहे। आस-पास के लोगों ने जब ये देखा तो बच्चे को तुरंत बाहर निकाला। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला, हरकी पैड़ी चौकी इंचार्ज संजीव चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान, मेरा अपमान:धामी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। जिला स्तर पर इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में प्रत्येक जिले और विकासखंड स्तर पर प्रथम आने वालीं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन देने के साथ ही वर्ष 2022 और 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को पुरस्कृत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास कर रही हैं। प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान उनका अपमान है।

बेटियां शान, मान और अभिमान

सीएम ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से प्रारंभ होने वाली हमारे प्रदेश की वीर नारियों की सूची में टिंचरी माई, गौरा, चन्द्रप्रभा, गंगोत्री और बछेंद्री तक ऐसे अनेकों नाम हैं, जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए कुप्रथाओं को तोड़ने और आत्मसम्मान से जीवन जीने की राह समाज को दिखाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में एक अलग मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मुक्तेश्वर में माइनस डिग्री पहुंचा पारा

नैनीताल, अमृत विचार : पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालांकि हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन धूप निकलने की वजह से ठंड से कुछ राहत मिली है लेकिन शाम होने के साथ ही हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। हल्द्वानी में मंगलवार को 0.1 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ था। बुधवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और यह 6.5 डिग्री दर्ज किया गया। साथ ही अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री रहा। हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन धूप निकली है। जिससे लोगों को दिन में ठंड से राहत मिल रही है। लोग गुनगुनी धूप का आनंद ले रहे हैं लेकिन शाम होने के साथ ही तापमान में गिरावट आ रही है और कंपकंपाने वाली ठंड पड़ रही है।

नैनीझील में छोड़ी छह हजार महाशीर और सिल्वर कार्प

नैनीताल, अमृत विचार : नैनीझील की पारिस्थितिकी को बनाए रखने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से छह हजार सिल्वर कार्प व गोल्डन महाशीर मछली के बीच डाले गए। जो जलीय पारिस्थितिकी में सुधार लाने का काम करेंगी। साथ ही पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंन्द्र बनेंगी।

बुधवार को पंतनगर विश्वविद्यालय मत्स्य विभाग के विशेषज्ञों व कर्मचारियों की टीम नैनीताल पहुंची। टीम ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ मिलकर तल्लीताल फांसी गधेरा, तल्लीताल बोट स्टैंड, मल्लीताल क्षेत्र से झील में एक हजार सिल्वर कार्प व पांच हजार गोल्डन महाशीर मछली छोड़ी। इस दौरान डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2007 में झील की जलीय पारिस्थितिकी का स्तर बेहद गिर गया था। इस कारण झील में मछलियां भी मरने लगी थीं। एरिएशन के बाद झील की पारिस्थितिकी में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रजातियों की मछलियां डाली गई थीं। मगर कुछ ही वर्षों में झील में कॉमन कार्प मछली की संख्या बढ़ने लगी।

26 करोड़ से संवरेगा बाबा नीब करौरी का कैंची धाम

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : फेसबुक और एप्पल के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और स्टीव जॉब्स को राह दिखाने वाले बाबा नीब करौरी महाराज के दर पर आने वाले श्रद्धालुओं को अब बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। बाबा द्वारा स्थापित कैंची धाम को 26 करोड़ की लागत से संवारा जाएगा। पहले चरण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

इसके साथ ही कई अन्य सुविधाओं को जोड़ने और सुंदरीकरण कार्य किए जाएंगे।

बाबा नीब करौरी का कैंची धाम। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी आई है। फोर कंसलटेंट के सहयोग से पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट को टीएसी के लिए लोनिवि से मंजूरी मिल गई है। एक सप्ताह के भीतर वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा। बता दें कि बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित कैंची धाम की ख्याति में हर रोज विस्तार हो रहा है। कुछ वर्षों पूर्व तक हजारों की संख्या तक रहने वाली श्रद्धालुओं की संख्या अब लाखों तक पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने के कारण सुविधा विस्तार के साथ ही पार्किंग की जरूरत महसूस होने लगी है। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल होने के बाद शासन स्तर पर अनुबंधित फॉर कंसलटेंट को प्रोजेक्ट निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। बीते माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद मंदिर माला प्रोजेक्ट में तेजी आई है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में दिखे चार दुर्लभ पक्षी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कार्बेट टाइगर रिजर्व में पक्षियों की गणना के दौरान चार दुर्लभ प्रजाति के पक्षी दिखायी देने से पार्क प्रशासन उत्साहित है।

कार्बेट में लगभग 600 प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं। बीते हफ्ते कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा 13 रेंजों में चिन्हित 26 लोकेशनों में पूरे देश से आए 100 से ज्यादा बर्ड वाचरों के माध्यम से विंटर सीजन में की जाने वाली पक्षियों की गणना का कार्य किया गया था। इसमें लगभग 200 से ज्यादा विंटर सीजन में पाए जाने वाली पक्षियों की प्रजातियों का आंकड़ा सामने आया था। इसमें चार दुर्लभ पक्षी कॉर्बेट पार्क में पहली बार दिखाई दिए। ढेला रेंज में पहली बार बर्ड वाचर अशोक मित्रा, करमजीत व सुमित जोशी की टीम को बर्ड वाचिंग के दौरान पहली बार उस क्षेत्र में दुर्लभ कॉमन चैफिंच दिखाई दी। इसी के साथ पार्क के अलग-अलग क्षेत्रों में 3 अन्य दुर्लभ पक्षी दिखे। इसमें साइबेरिया रूबी थ्रोट, सिल्वर इयर मेसिया, चाइनीज रूबी थ्रोट पक्षी हैं, जो लेह लद्दाख में पाई जाती है।

कानपुर के नौबस्ता में बंदर की एयरगन से हत्या, तीन पर रिपोर्ट

कानपुर ,अमृत विचार : नौबस्ता थानाक्षेत्र में 16 जनवरी को मोहल्ले में उछलकूद कर रहे एक बंदर की एयरगन चलाकर हत्या कर दी गई। घटना का विरोध करने वाले से मारपीट भी की गई। बुधवार को स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया तो पुलिस ने मृत बंदर को गड्ढा खोदकर बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वाई-ब्लॉक किदवई नगर निवासी अंजनी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाले सुरेंद्र सिंह चौहान ने 16 जनवरी को अपनी एयरगन से बंदर की हत्या कर दी थी। पता चलने पर 22 जनवरी की शाम को वह इस संबंध में उनसे बात करने गए तो सुरेंद्र सिंह चौहान व उनके पुत्र सोनी चौहान व सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप ने घर में घुसकर मारना पीटना शुरू कर दिया। शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें टरका दिया। जिसके बाद डीसीपी दक्षिण रविद्र कुमार से शिकायत की गई। इस पर अंजनी मिश्रा की तहरीर पर सुरेंद्र सिंह चौहान, सोनी चौहान, सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप के खिलाफ जानवर की एफआईआर दर्ज की गई है।

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई से न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने खुद को किया अलग

मामले को अन्य पीठ के समक्ष नामित करने को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) करने की मांग को खारिज करने वाले वाराणसी जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष की ओर से न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ के समक्ष अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने बहस की। अधिवक्ता को सुनने के बाद न्यायमूर्ति ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया, साथ ही मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष नामित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया। मामले की सुनवाई आगामी 31 को होने की संभावना है।

लांकि न्यायमूर्ति ने अपने को सुनवाई से अलग क्यों किया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मालूम हो कि वाराणसी के जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने 21 अक्टूबर 2023 के आदेश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

को ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने संबंधी निर्देश देने से इनकार कर दिया था। जिला अदालत में पक्षकार राखी सिंह ने प्राथमिक तर्क उठाया था कि संपत्ति (ज्ञानवापी परिसर) के धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए वजूखाने का सर्वेक्षण आवश्यक है। हालांकि उनका आवेदन खारिज करते हुए जिला जज ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई 2022 के अपने आदेश के जरिए उस क्षेत्र की विधिवत सुरक्षा करने का आदेश दिया है, जहां शिवलिंग पाए जाने की बात कही गई है, इसलिए एएसआई को सर्वेक्षण करने का निर्देश देना उचित नहीं है। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल पुनर्विचार याचिका में याची ने इस बात पर जोर दिया कि वजूखाने का सर्वेक्षण न्याय के हित में आवश्यक है। इससे वादी और प्रतिवादियों को समान रूप से लाभ होगा। इसके साथ ही याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि जिला जज ने अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग ठीक से नहीं किया है। आगे यह भी बताया गया कि अपने आदेश में उन्होंने जानबूझकर विधिवत संरक्षित क्षेत्र को सर्वेक्षण के दायरे से बाहर कर दिया है, क्योंकि जिस आवेदन पर उक्त आदेश पारित किया गया है, उसमें संरक्षित क्षेत्र के सर्वेक्षण की मांग करने वाली कोई प्रार्थना नहीं की गई थी। गौरतलब है कि एएसआई पहले ही ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर चुका है।

सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाएगी

वाराणसी,अमृत विचार : वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज ए के विश्वेश ने अपने आदेश में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाए। मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान जिला जज के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे, उसे सार्वजनिक न किया जाए। इस पर जिला जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक न करने का बंध पत्र अदालत में जमा करा कर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें। यादव ने बताया कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) प्रशांत सिंह की अदालत में आज ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल कर दी, जिसके बाद जिला जज ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया है। यह रिपोर्ट शाम चार बजे तक उपलब्ध होने की संभावना है। जिला अदालत के पिछले साल 21 जुलाई के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।

कारोबारी के 8 साल के बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या

अयोध्या, अमृत विचार: थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के आठ वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी गई। बालक का शव जंगली क्षेत्र स्थित एक गड्ढे में घास-फूस से छिपा दिया गया था। वह मंगलवार की देर शाम से लापता था और पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपी जय प्रकाश यादव की तलाश में जुटी है। मूल रूप से थाना क्षेत्र के किछूटी निवासी और बेलगरा में आवास और दुकान बनवा कारोबार करने वाले सूर्यदेव कसौधन का पुत्र राज कसौधन(8) मंगलवार शाम अपने घर के बगल झोला लेकर दाना भुनाने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीण बुधवार सुबह करीब 10 बजे जलौनी लकड़ी एकत्र करने मिश्राने के जंगल पहुंचे तो वहां एक गड्ढे को घास-फूस (सरपत) से ढंका देखा। ऊपर ताज़ी मिटटी पड़ी देख माजरा जानने के लिए सरपत हटाई तो गड्ढे में बालक की रक्तरंजित लाश मिली। उसके पेट पर चाकू के ताबड़तोड़ प्रहार के निशान थे, आंत बाहर निकली हुई थी।

समितियों में 767.78 अरब का गबन दबाए हुए है विभाग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : सहकारिता अनुभाग में 767.78 अरब रुपये का गोलमाल दबा है। इसमें 2010 के पहले से गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के कुल 38,292 मामले (प्रस्तर) हैं जो सहकारी समितियां एवं पंचायत (लेखा परीक्षा) ने पिछले वर्ष तक सहकारी समितियां, दुग्ध डेयरी, गन्ना व चीनी मिलें, आवास समितियां, ग्रामीण आवास, मत्स्य समितियां व उद्योग बुनकर की कुल 17,419 समितियों के ऑडिट में पकड़े हैं। मनमानी इस कदर है कि हर वर्ष मिले करोड़ों के गबन की संबंधित विभाग वसूली नहीं कर पाए हैं और यह मामले ऑडिट की फाइलों तक सीमित हैं। इन समितियों में मुख्य रूप से व्यवसाय के नाम पर खरीद-बिक्री और किसानों को ऋण वितरण में जमकर धांधली हुई है। ऑडिट में पुष्टि होने के बाद कार्रवाई न होना यह बड़ा सवाल है।

1954 की समितियां, ज्यादातर कर्ज में डूबकर हो गई बंद : इनमें कई समितियां 1954 के आसपास की हैं। कई बंद हो चुकी हैं तो अधिकांश के अभिलेख नहीं हैं। वहीं, धांधली के कारण सैकड़ों समितियां कर्ज में डूबकर बंद हो गई हैं तो बहुत सी कर्जदार हैं। कार्रवाई के लिए समितियों में गबन के मामले पटल पर रखने का प्राविधान नहीं है। इसलिए वसूली करना मुश्किल है। ऐसे में ऑडिट का भी कोई महत्व नहीं है। अभिलेख न मिलने के कारण समितियों का 100 प्रतिशत ऑडिट करना लेखा परीक्षा विभाग के लिए मुश्किल रहता है। और आनाकानी के कारण यह प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें गन्ना समितियों की स्थिति ज्यादा खराब बताई जाती है। इन्हीं अव्यवस्थाओं के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिर्फ 4403 समितियों का ऑडिट हो पाया है।

पंचायतों में भी 421.91 अरब वसूलना बाकी

ग्राम पंचायतें भी विकास के नाम पर धांधली करने में पीछे नहीं हैं। 2012 से अब तक अरबों रुपये का गबन ऑडिट में पकड़ा गया है और वसूली भी विभाग ने की है। फिर भी 41588 प्रस्तर में 421.91 अरब रुपये पंचायती राज विभाग को वसूलना बाकी है। यहां त्वरित कार्रवाई न होकर प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद होती है। इस कारण वसूली नहीं हो पाती है।

मोदी आज बुलंदशहर और मेरठ को देंगे हजारों करोड़ की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बुलंदशहर दौरे पर आ रहे हैं, इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित मोदी के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित मंडलीय और जनपदीय अधिकारीगण मौजूद रहे। प्रधानमंत्री बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं।

अपनी बहन से मिलने गाजियाबाद पहुंचे योगी

लखनऊ। बुलंदशहर में गुरुवार को होने वाली प्रधानमंत्री की रैली से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद स्थित राजनगर एक्सटेंशन की एमजीआई घरौंदा सोसाइटी में रहने वाली बहन के घर बुधवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां लगभग 15 मिनट तक बहन का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने बहनोई को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बहनोई राजेंद्र सिंह की मृत्यु बीते साल कारण हो गई थी।

कांशीराम को भी मिले भारत रत्नः मायावती

लखनऊ,अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा पार्टी संस्थापक रहे कांशी राम को भी भारत रत्न दिया जाय। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष कर उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत है। उन्होंने देश के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए उनके परिवार व सभी अनुयाइयों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दीं।

आगरा में नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास, 11 गिरफ्तार

एजेंसी

आगरा : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां ताजगंज में जुलूस निकालने के दौरान एक धर्मस्थल के बाहर नारेबाजी करने और उस पर झंडा फहराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-सिटी) सूरज राय ने बताया कि जहीरउद्दीन नामक एक व्यक्ति ने शिकायत दी है कि ताजगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर तीन बजे एक धर्मस्थल के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुट गये और उसके ऊपर चढ़ने की कोशिश की। धर्मस्थल पर इकट्ठा हुए लोगों के हाथों में झंडे थे और उन्होंने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उनमें से कुछ ने इस घटना का वीडियो बनाकर

▸▸ धर्मस्थल पर इकट्ठा हुए लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की

सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। ताजगंज थाने के प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनमें वे दो युवक भी हैं जिन्होंने वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर बाद में उसे डिलीट किया था। उन्होंने बताया कि वीडियो बनाने वाले युवकों की पहचान हिमांशु और सोनू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ताजगंज में कुछ युवकों द्वारा धार्मिक जुलूस निकाले जाने के दौरान रास्ते में एक धर्मस्थल के पास नारेबाजी की घटना हुई। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने धर्मस्थल पर झंडा फहराने का प्रयास किया। थाना प्रभारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

सरकारी अस्पतालों में एक ही दिन में पूरा इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को दिक्कतें नहीं आएंगी। एक ही इलाज के लिए मरीजों को कई दिन अस्पताल में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पतालों में ओपीडी टाइम दो बजे तक पैथोलॉजी में सैंपल लिए जाएंगे और यथा संभव रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि ओपीडी में आने वाले मरीजों को एक ही दिन में पूरा इलाज उपलब्ध हो सके। इस संबन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने सभी अस्पताल के प्रभारियों को आदेश जारी किये हैं।

▸▸ पैथोलॉजी में दो बजे तक लिए जाएंगे सैंपल, रिपोर्ट भी मिलेगी

स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी में 12 बजे तक ही खून के सैंपल लिए जाते हैं, जिसकी वजह से दो बजे तक ओपीडी में उपचारित मरीजों को अगले दिन सैंपल देने और उसके अगले दिन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आना पड़ता है, जिसकी वजह से संपूर्ण इलाज प्राप्त करने में तीन दिन व्यतीत हो जाते हैं। मरीजों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर अस्पताल की पैथोलॉजी में दो बजे तक सैंपल लेने के साथ ही एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाए और यथासंभव जांचों की रिपोर्ट भी उसी दिन दी जाए। शासन के निर्देश को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अस्पताल के प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

फुल ड्रेस रिहर्सल के जाम ने करा दी आमजनों की परेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यातायात विभाग की डायवर्जन व्यवस्था और सुझाए गए वैकल्पिक रास्तों के तमाम दावे बुधवार सुबह उस समय धरे रह गए जब हर प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं। हाल यह रहा कि वाहन अपनी जगह से टस से मस न होते देख फंसे लोगों ने इंजन बंद कर दिया और खडे.होकर व्यवस्था को कोसने लगे।

सुबह से लेकर अपराह्न तक हालात सामान्य नहीं हो पाए। गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण राजधानी के तमाम प्रमुख रास्ते चोक रहे। इसका असर यह पड़ा कि प्रमुख मार्गों से जुड़ी गलियों तक में जाम के हालात बने रहे।

विधानसभा के सामने गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) की महिला टीम रिहर्सल करती हुईं। ● अमृत विचार

दरअसल, मंगलवार को गणतंत्र दिवस पर फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर लखनऊ यातायात पुलिस ने एक ट्रैफिक प्लान तैयार किया था। जिसमें यह दर्शाया गया था कि अगर जाम से बचने के लिए राहगीर वैकल्पिक मार्गों का चयन कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं, लेकिन सुबह वाहनों की कतारों ने यातायात विभाग के ट्रैफिक प्लान की कमर तोड़ दी। रिहर्सल में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) की महिला टीम के अलावा अन्य बलों ने भी भाग लिया।

परेड में इस बार रामलला चलेंगे साथ-साथ

लखनऊ, अमृत विचार : गणतंत्र दिवस परेड में इस बार लखनऊ और दिल्ली में निकलने वाली झांकियों में इस बार यह समानता होगी कि दोनों जगहों की झांकियों में राम मंदिर की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली प्रदेशों की झांकियों में उत्तर प्रदेश की झांकी राम मंदिर पर आधारित होगी। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से काफी पहले ही यह तय कर लिया गया था कि इस बार गणतन्त्र दिवस परेड में भी रामलला के मंदिर मॉडल को शामिल किया जाएगा। पिछले एक महीने से कलाकार इस झांकी को तैयार करने में जुटे हैं। राम मंदिर का विशाल मॉडल पहियों पर सवार होकर जब झांकी में चलेगा तो सभी के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। परेड में 22 झांकियां इस बार शामिल हो रही हैं। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान श्रीराम मंदिर की झांकी पर होगा। अध्यात्मिक और सांस्कृतिक बोध कराने के लिए परेड में पर्यटन विभाग की नैमिषारण्य तीर्थ की झांकी भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर बुधवार को विधानसभा के सामने फुल ड्रेस रियल टाइम रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में यूपी पुलिस, सेना-अर्द्धसैनिक बलों के जवान के अलावा होमगार्ड शामिल हुए। परेड में सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड और स्कूली बच्चों ने कदमताल किया। रिहर्सल के दौरान सेना के पराक्रम को दर्शाया गया। परेड में सबसे आगे टी-90 भीष्म टैंक सेना की ताकत को दर्शा रहा था। परेड में सेना की आकाश मिसाइल भी शामिल रहीं। रविंद्रालय से निकलकर परेड विधानभवन के सामने पहुंची।

वर्ग पहेली-323

बाएं से दाएं

1.1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।

4.1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।

6.1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।

7.1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री

8.1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

ऊपर से नीचे

2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।

3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बाँस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।

4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली, एक गर्भनिरोधक उपकरण।

5. मोटी तह

7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



वर्ग पहेली - 322 का हल

1 ल			2 मू	3 स	ली
हु		4 घ		ज	
रा		ह		वा	
	5 नि	र	ख	ना	
6 काँ	ख	ना			7 के
	र		8 लं	ब	क
	ना				ड़ा

सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							2	
4		3		6	1		8	
5		7	8	2				9
		9			5		1	
	5		3		8		7	
	8		4			5		
8				5	2	1		3
	6		7	3		4		8
	3							

सुडोकू - 39 का हल

5	3	2	4	8	6	1	7	9
7	8	9	1	2	5	3	4	6
6	1	4	9	3	7	8	5	2
8	9	3	6	4	2	5	1	7
4	6	5	7	1	8	9	2	3
1	2	7	3	5	9	4	6	8
9	5	8	2	6	4	7	3	1
2	7	1	5	9	3	6	8	4
3	4	6	8	7	1	2	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-पूर्णिमा 23 .23 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .57-12 .40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10 .31-11 .14, 14 .50-15 .33 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 08 .16 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज घर में नकारात्मकता हावी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। जितना शांत0 रहेंगे उतना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

वृष — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप काफी शान्त रहेंगे। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारु रूप से पूर्ण होंगे। इससे आपकी आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

मिथुन — आज धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा।

कर्क — आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। शोध कार्यों से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — आज कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्च करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए।

कन्या — आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

तुला — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। ऑफिस आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक — आज निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रिनया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

धनु — आज अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाने वाली यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

कुंभ — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मीन — आज नया कार्य शुरू करने से बचें। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुरे लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

आज की फिल्में

इंसानियत — सुबह : 11 .40

ब्लैकमेल — रात : 07 .20

दीवाना मैं दीवाना — सुबह : 08 .49

भूल भूलैया 2 — रात : 07 .00

सिसु — सुबह : 10 .21

जॉम्बीलैंड — रात : 09 .00

दस्तक — दोपहर : 01 .30

हाईवे ड्रीम्स — रात : 10 .00

चेन्नई एक्सप्रेस — सुबह : 09 .52

हम्टी शर्मा की दुल्हनियां — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया।
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका?
एक औरत ने गुस्से से कहा -फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,060.31	21,453.95
फायदा	689.76	215.15
प्रतिशत में	0.98	1.01

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1150, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200 । चीनी - डालमियां 4060

बाजार में तेजी, सेंसेक्स 690 अंक उछला

धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में आई तेजी, टाटा स्टील का शेयर 3.77 फीसदी मजबूत

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ।

मानक सूचकांक कारोबार के दौरान ऊंचे में 71,149.61 अंक तक गया और नीचे में 70,001.60 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

सेंसेक्स के कुल 30 में से 25 शेयर लाभ में रहे जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मंगलवार की बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,115.39 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 1,053.10 अंक टूटा था और निफ्टी 330.15 अंक नुकसान में रहा था।

यूको बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपये : अश्वनी

कोलकाता । यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (सीईओ) अश्वनी कुमार ने बुधवार को बैंक के तृतीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसका प्रसारण यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। इसमे यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या से अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़ा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार ने बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 1119.00 करोड़, नेट प्रॉफिट 503.00 करोड़ एवं नेट एनपीए 0.98 प्रतिशत रहा है।

सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया ज्ञापन

भारतीय उद्योग मंडल (सीआईआई) ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है। सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए।

सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,200
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	718 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,875
चांदी आभूषण	73,000।

हल्द्वानी मंडी

शरबती स्टीम	- 63
मंसूरी	- 45
बासमती	- 108
काला चना	-67
मूंग दाल	- 96
मूंग धोवा	- 110
राजमा चित्रा	- 112-136
राजमा भूटान	-90
मलका लाल	- 73
दाल उड़द	- 100-110
मसूर दाल छोटी	- 94
उड़द साबुत	- 115
उड़द धोवा	- 122
दाल चना	- 73
काबुली चना	-165
अरहर -	116-140

कंपनियों को पंजीकरण के तीस दिन के अंदर देना होगा बैंक ब्योरा

नई दिल्ली। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा है कि कंपनियों को निलंबन से बचने के लिए जीएसटी पंजीकरण के 30 दिन के भीतर जीएसटी अधिकारियों को वैध बैंक खाते का ब्योरा देना होगा। जीएसटीएन ने जीएसटी-पंजीकृत कंपनियों के लिए एक परामर्श में कहा कि सभी पंजीकृत करदाताओं को माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर या जीएसटीआर-1/आईएफएफ दाखिल करने की तय तारीख से पहले, जो भी पहले हो, अपने बैंक खाते का ब्योरा देना जरूरी है।

महीनों बाद भी खरीफ फसलों के क्लेम का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवंबर में कटी थीं धान समेत अन्य खरीफ फसलें

▸▸ जिलों से समय पर नहीं मिले क्रॉप कटिंग के आंकड़े

अमृत विचार : प्रदेश में खरीफ 2023-24 की फसल कटे काफी समय हो गया है लेकिन, बीमित फसलों के क्लेम का पता नहीं है। विभाग समय पर उपज के आंकड़े नहीं जुटा पाए तो कंपनियां नुकसान का आकलन नहीं कर पाईं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि प्रदेश में कितने किसानों को कितनी क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलेगी। जबकि नवंबर तक धान समेत अन्य फसलें कट गईं थीं और इधर खेतों पर रबी की फसलें खड़ी हैं। दरअसल, बीमित फसलों का क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर तय होता है। यानी फसल की कटाई के दौरान निकली उपज का पॉलिसी के अनुसार आकलन कर क्षतिपूर्ति निकाली जाती है और उपज कम होने पर कंपनियां भरपाई करतीं हैं। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि आंकड़े बीमा कंपनियों को दिए गए हैं। इस बार जल्द किसानों को क्लेम मिलेगा।

15 दिसंबर तक जुटाए थे आंकड़े

कृषि विभाग इस बार क्रॉप कटिंग और उपज का आकलन जल्द होना बता रहा है। जबकि जिलों से समय पर उपज के आंकड़े न मिलना भी बताया जा रहा है। हालांकि 15 दिसंबर तक उपज के आंकड़े जिलों से जुटाए गए और 15 जनवरी तक बीमा कंपनियों को पॉलिसी के अनुसार मैचिंग यानी क्षतिपूर्ति की तुलना कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिए गए। जिसकी केंद्र के पोर्टल पर फीड करने की जा रही है।

पांच हजार किसानों का 3 करोड़ बाकी

खरीफ में व्यक्तिगत व मध्य अवधि के कुल 13 हजार किसानों को 9 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना तय हुआ था। इनमें कंपनियों ने 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें व्यक्तिगत दावे कितने आए और कितने निरस्त हुए इसकी रिपोर्ट कंपनियों ने नहीं दी है।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री बोले-इस बार की गणतंत्र दिवस परेड महिला शक्ति को समर्पित

कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपनाएं युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उत्साहित एनसीसी/एनएसएस कैडेट। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड इस बार और विशेष होगी क्योंकि यह देश की महिला शक्ति को समर्पित है और साथ ही यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस भी होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के एक समूह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बारे में जानने और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी कहा कि वे राष्ट्र प्रथम के मंत्र को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'जेन जेड' (जेड पीढ़ी) कहा जा सकता है लेकिन वह उन्हें (युवाओं को) अमृत पीढ़ी कहना पसंद करेंगे। पिछड़े समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न दिए जाने से युवा पीढ़ी उनके बारे में जानेगी और उनके जीवन से सीख लेगी जो कि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता के बीच पैदा हुए, लेकिन वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता हमेशा विनम्र रहे और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा। मोदी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी को एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाकुर गरीबों के कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने कार्यों में उनकी सरकार के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है और युवाओं की ऊर्जा से देश की गति तेज होगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए की पीएम की प्रशंसा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या में राम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री की सराहना की। कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार ने उन्हें जन नायक के रूप में स्थापित किया है। मंत्रिमंडल की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि राम मंदिर के लिए जन आंदोलन ने एक नया विमर्श शुरू किया और मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया। वहीं, कैबिनेट बैठक में मोदी ने अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को फिलहाल अयोध्या राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री की अगुवाई में सोमवार को संपन्न कार्यक्रम में अयोध्या के नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

भाजपा और विपक्ष में ठाकुर की विरासत पर दावा करने की होड़ तेज

नयी दिल्ली/पटना, एजेंसी

पटना में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राज्य मंत्री तेज प्रताप यादव। ● एजेंसी

जननायक' कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों में दिग्गज समाजवादी नेता की राजनीतिक विरासत पर दावा करने की होड़ बुधवार को तेज हो गई। भाजपा ने जहां उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रधानंमत्री मोदी की सराहना की, वहीं विपक्षी नेताओं ने उनके (ठाकुर के) एजेंडे पर काम करने की केंद्र को सलाह दी और जाति आधारित गणना की फिर से वकालत की।

ठाकुर की 100वीं जयंती पर मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है।

▸▸ जयंती पर मोदी, शाह, नीतिश व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने ठाकुर के योगदान को स्वीकार नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करने के भाजपा के प्रयास से सशंकित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद ने अपनी राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर के प्रभाव और उनके लिए भारत रत्न' की अपनी मांग को भी रेखांकित किया है।

एक नजर

जवान ने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या की

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या कर ली। घटना में छह जवान घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात को साजिक तमपक इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर गोलियां चलाने के बाद खुद को गोली मार ली। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को जातीय संघर्ष से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

आपत्तिजनक पोस्ट करने में कई लोगों पर केस

जम्मू। अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आपत्तिजनक सामग्री' पोस्ट करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी और रियासी जिलों में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर' संवेदनशील सामग्री' पोस्ट की जिससे माहौल खराब' होने की आशंका थी।

गणतंत्र दिवस परेड: उत्तर-प्रदेश की झांकी में देखने को मिलेगी नमो भारत ट्रेन की झलक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की नमो भारत ट्रेन की प्रतिकृति इस गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झांकी में साहिबाबाद स्टेशन से शुरू होने वाली क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) ट्रेन का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा, "इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में नमो भारत ट्रेन आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। इसकी झलक उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। इसमें साहिबाबाद स्टेशन से चलने वाली आरआरटीएस ट्रेन की लघुकृति प्रदर्शित की जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार

राजगढ़ (मप्र)। मध्यप्रदेश में भाजपा के एक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े 'आपत्तिजनक' पोस्ट साझा करने के आरोप में राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भ्याना गांव के रहने वाले आरोपी सईद खान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों द्वारा उनकी पोस्ट को लेकर लीमाचौहान पुलिस थाना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद की गई। लीमाचौहान पुलिस थाना के प्रभारी अनिल कुमार राहोरिया ने बताया कि मंसूरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दिग्विजय सिंह ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर संदेह जताया और मांग की है कि मतदाताओं को मतपेटी में डालने के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियां सौंपी जाएं। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चुनाव के नतीजे इन पर्चियों की गिनती कर घोषित किए जाने चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह कर्नाटक और तेलंगाना में उनकी पार्टी की जीत के साथ-साथ मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत पर सवाल उठा रहे हैं।

भगवा झंडे हटाने पर हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

मुंबई। अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन के दिन एक इमारत के प्रवेश द्वार पर लगाए गए भगवा झंडों को कथित तौर पर हटाने के लिए हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुंबई पुलिस ने विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में तीनों लोगों पर केस दर्ज किया है। परेल इलाके में स्थित सिद्धि अहमद कोआपरेटिव समिति के सचिव और दो अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को भोईवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता सोसायटी का ही निवासी है।

कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यंत वंचितों के लिए काम किया : जोशी

प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र सौंपते लोग।

जयपुर, एजेंसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, कूर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

जोशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवन पर्यंत वंचित और पिछडे.वर्ग के उत्थान के का काम किया।

खरगे ने असम में राहुल की सुरक्षा पर शाह को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी की तिथि वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

जितने भी केस करें, हम डरेंगे नहीं : राहुल

बारपेटा (असम), एजेंसी

▸▸ राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन असम में की जनसभाएं

असम के बोंगाईगांव जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी। ● एजेंसी

भीड़ को उकसाने के आरोप में गुवाहाटी पुलिस द्वारा राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद बुधवार को भाजपा शासित राज्य को चुनौती दी कि वे जितना संभव हो उतने मामले दर्ज करें, लेकिन फिर भी वह डरेंगे नहीं।

बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। साथ ही गांधी ने अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछली प्रक्रिया के तहत जिन डेढ़ लाख युवाओं को नियुक्ति का वादा किया गया था, वे आज तक बेरोजगार हैं।

राहुल को लोस चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी को लोसचुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा जिनके खिलाफ यहां हिंसा भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। असम पुलिस ने कांग्रेस की न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार को यहां हिंसा भड़काने के आरोप में राहुल गांधी और पार्टी के अन्य कई नेताओं के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।

सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर

आईसीसी ने लगातार दूसरी बार घोषित किया साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

दुबई, एजेंसी

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है।

आईसीसी ने उन्हें टी-20 प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में करीब 50 के औसत और 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टी-20 मैचों में रन बनाए थे। इस समय सूर्यकुमार यादव जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहेबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

आईसीसी ने सूर्या को बताया भारतीय मध्यक्रम की रीढ़

आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। आईसीसी के मुताबिक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। सूर्या ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 7 रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

कप्तानी का बोझ होने पर भी की अच्छी बल्लेबाजी

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

अंडर-19 विश्व कप : आज अच्छी बल्लेबाजी के अभ्यास पर होगी नजर

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा।

बल्लेबाजों को शैली में कराना होगा सुधार

भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए थे लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश : 79 और 68 रहा, जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण बीच में ब्रेक लेना पड़ा था।

भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

12 साल का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

साल 2012 से अपनी सरजमीं पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में अजेय है भारतीय टीम

हैदराबाद, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को इंग्लैंड की टीम अपनी बैजबॉल शैली से चुनौती देने के लिए उतरेगी तो बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा ब्रिगेड इसका जवाब स्पिन बॉल से देना चाहेगी। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। इसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें 7 में क्लीन स्वीप किया है।

विराट के न खेलना से राहत

इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे, जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं।

कोहली की जगह रजत पाटीदार टीम में

मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से हराया था लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी थे।

44 टेस्ट में से सिर्फ 3 में हारा है भारत

भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट मैच खेले और सिर्फ 3 में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए तो भारत के सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।

अश्विन और जडेजा पेश करेंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम खासतौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। अश्विन 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक है।

बैजबॉल से इंग्लैंड को मिली कामयाबी

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर इकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे, जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

भारत ए ने पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर कसा शिकंजा

अहमदाबाद, एजेंसी। आकाशदीप के 4 विकेट के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत ए ने बुधवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। आकाशदीप ने चार, जबकि यश दयाल और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके।

आकाशदीप ने झटके 4 विकेट, देवदत्त ने बनाए नाबाद 92 रन

ओलिवर प्राइस 48 रन बनाकर इंग्लैंड लायंस के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राइडन कार्स ने 31 रन बनाए। इंग्लैंड के 7 बल्लेबाज 10 रन से ऊपर नहीं जा सके। प्राइस और कार्स के बीच सबसे बड़ी भागीदारी 43 रन की रही। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 53) की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। भारत ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 150 रन बना लिए।

खेल डायरी

सुमित नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे मिला प्रवेश

बेंगलुरु। सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए कट-ऑफ 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

जका अशरफ की जगह शाह खावर बने पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

लाहौर। जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी। खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

मंदीप इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो से भिड़ेंगे

मुक्केबाजी

नई दिल्ली। भारत के पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को अमेरिका के वाशिंगटन में टोपेनिश सिटी में इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो इस्क्विवेल से भिड़ेंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार रॉय जोन्स जूनियर से ट्रेनिंग लेने वाले जांगड़ा ने अपने सामान्य 75 किग्रा वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है और अब वह 59 किग्रा वजन वर्ग में भिड़ेंगे। यह उनके कॅरिअर का सबसे बड़ा मुकाबला होगा। जांगड़ा ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत हासिल की है, जिसमें से चार नॉकआउट जीत रही हैं। जांगड़ा ने अपना पहला मुकाबला 2021 में जीता था और अंतिम जीत अगस्त 2023 में दर्ज की थी।

सेमीफाइनल में पहुंचे बोपन्ना सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

मेलबर्न। भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिंझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

किरण-लक्ष्य दूसरे दौर में

प्रणय और श्रीकांत पहले दौर में हारकर बाहर

जकार्ता, एजेंसी। लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलयेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। किरण जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया। किरण जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी।

अल्काराज को हराकर ज्वेरेव सेमीफाइनल में

आस्ट्रेलियाई ओपन

मेलबर्न (आस्ट्रेलिया), एजेंसी। एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार रात दूसरी रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना दो बार फाइनल में पहुंचे दानिल मेदवेदेव से होगा। अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन जीता था और वह 2023 में ग्रैंडस्लैम मैच में 10 बार के आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच को हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह ज्वेरेव की ग्रैंडस्लैम में शीर्ष पांच रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी पर पहली जीत है। तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी मेदवेदेव ने हुबर्ट हुर्काक्ज को हराकर तीसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना यानिक सिनर से होगा। झेंग किनवेन और यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का ने क्वार्टरफाइनल जीत लिए और अब दोनों एक दूसरे के खिलाफ ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलेंगी। आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ दूसरे सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी।

भारत ने फ्रांस से ड्रा खेला

हॉकी टूर्नामेंट

केपटाउन, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फ्रांस से 2-2 से ड्रा खेला। भारत के लिए मंदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा, जबकि फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट और बी गैस्पर्ड के गोल से बराबरी हासिल की। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया, जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन फ्रांस ने वापसी करने के लिए हमले तेज किए और उसकी बराबरी हासिल करने की कोशिश सफल साबित हुई जब क्लेमेंट ने गोल कर अंतर कम किया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के लिए प्रयासरत थीं लेकिन भारत को हूटर बजने से एक मिनट पहले गहरा झटका लगा जब फ्रांस के लिए गैस्पर्ड ने बराबरी गोल लगाया।

एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को दी शिकस्त

मस्कट, एजेंसी

पूल सी के मैच में 5-4 से हराया
दीपिका- मुमताज ने किए 2-2 गोल

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के 2-2 गोल की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। पोलैंड के लिए जूलिया, कप्तान मारलेना रिबाचा, पाउला स्लाविंस्का और मोनिका पोलव्जाक ने गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली थी। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी।

बॉलीवुड हलचल

12वीं फेल ऑस्कर की दौड़ से बाहर, टू किल अ टाइगर लिस्ट में हुई शामिल



ऑस्कर्स 2024 के लिए हाल ही में फिल्मों का नॉमिनेशन शुरू हुआ था। अब नॉमिनीज की लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट से 12वीं फेल और 2018 दोनों फिल्में बाहर हो गई हैं। उम्मीद की जा रही थी कि विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल को इस लिस्ट में जगह मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इन दोनों बड़ी फिल्मों को मात देकर इंडिया की निशा पाहूजा की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म टू किल अ टाइगर ने एंट्री मारी हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। साल 2024 में टू किल अ टाइगर अकेली ऐसी फिल्म हैं, जिसे ऑस्कर्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के नॉमिनेट होने के पर इंडियन फैंस की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। इस फिल्म को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के अलावा 4 और फीचर फिल्मों को इस लिस्ट में जगह मिली है।

कैसी है टू किल अ टाइगर की कहानी

निशा पाहूजा की फिल्म टू किल अ टाइगर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां लोगों ने इसे काफी पसंद किया था। इस फिल्म की कहानी इंडिया के एक छोटे से गांव पर बनी है। इसमें एक पिता की कहानी है जो अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाना चाहता है, जिसके साथ तीन लोगों ने अपहरण करके दुष्कर्म किया था।

रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फाइटर पर लगा बैन

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है मगर खाड़ी देशों से इस फिल्म के लिए बुरी खबर है। इस फिल्म पर रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। भारतीय वायु सेना के पायलट की जिंदगी पर बनी इस फिल्म को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। इससे गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। फिल्म को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

फिल्म फाइटर रिलीज होने से पहले ही एडवांस बुकिंग में धमाल मचा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स में शाहरुख खान की एंट्री



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की साल 2024 में एक भी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक नहीं देने वाली है लेकिन उनका नाम एक कई फिल्मों से जुड़ रहा है। धूम 4 से लेकर इंशाअल्लाह तक उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इसी बीच शाहरुख खान के हाथ एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म लगी है। यह डॉक्यूमेंट्री एक्टर-फिल्ममेकर राकेश रोशन की जिंदगी पर बन रही है। इसका नाम द रोशन्स है। शाहरुख खान इस डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा होने वाले हैं, इसका खुलासा राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर किया है। राकेश रोशन ने खान के एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वो शाहरुख करते साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर हुए राकेश रोशन ने द रोशन्स में योगदान करने के लिए शुक्रिया कहा है।

अजय देवगन की फिल्म शैतान का नया पोस्टर जारी

अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें अजय देवगन के साथ ही आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान का नया पोस्टर शेयर किया है। नया पोस्टर फैंस का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म का टीजर 25 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका हैं। इसे अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

समय की यही मांग कि यूएनएससी में हो सुधार

▸▸ भारत दौरे पर आए फ्रांसिस ने कहा- यूएनएससी आज की जमीनी हकीकत को नहीं दर्शाती

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना विश्व की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है, हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में असमर्थ रहा है। भारत पहुंचते ही उन्होंने यूएनएससी में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में यह मुद्दा उठा था। गौरतलब है कि वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता कम हुई है। जिसके बाद से लगातार इसमें सुधार की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने से भारत नाराज है। खास बात है कि पूरी दुनिया से उठ रही सुधार की मांग में भारत को स्थायी सदस्य का प्रबल दावेदार माना जाता है। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पांच स्थायी सदस्य(रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका)। वहीं 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थायी सदस्य किसी भी देश के प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका खारिज नहीं कर सकते: फ्रांसिस

संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि लाल सागर में स्थिति बेहद परेशान करने वाली है, इसके और बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को खारिज नहीं कर सकते। फ्रांसिस ने गाजा में संघर्ष पर समाधान के लिए भारत के आह्वान की सराहना की, और नई दिल्ली की स्थिति को अत्यधिक जिम्मेदार, व्यावहारिक, समझदार और आवश्यक बताया। लाल सागर में हो रहीं घटनाओं पर कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि लाल सागर में हूतियों द्वारा की जा रही कार्रवाई में तीसरे पक्ष मदद कर रहे हैं, यह बहुत हानिकारक और बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, तीसरा विश्व युद्ध आशंका के दायरे से बाहर नहीं है।

आईएसआईएस से जुड़े युवक को एटीएस ने नासिक से किया गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बुधवार को नासिक शहर से 32 वर्षीय एक इंजीनियर को कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस का समर्थन करने और वित्त पोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के साथ, महाराष्ट्र एटीएस ने आईएसआईएस समर्थन और फंडिंग के अंतर्राष्ट्रीय लिंक का खुलासा किया है। अधिकारी के अनुसार, इंजीनियर मुंबई से लगभग 200 किमी दूर नासिक शहर में एक इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस चलाता है। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि कई राज्यों में आरोपियों के कुछ सहयोगियों की जांच की जा रही है।

शीर्ष कोर्ट: हाई कोर्ट ने की गलती, वधावन की जमानत रद

▸▸ कर्ज घोटाला मामला डीएचएफएल के कपिल, धीरज को दी गई जमानत रद कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटरों कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को दी गई जमानत रद कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है।

पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी आरोपियों के खिलाफ निर्धारित समय सीमा में आरोप पत्र दायर किया गया है और उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों पर विशेष अदालत द्वारा संज्ञान लिया गया है। उत्तरदाता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार का दावा इस आधार पर नहीं कर सकते थे कि अन्य आरोपियों की जांच लंबित थी। सीबीआई ने पहले कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को निचली अदालतों द्वारा दी गई वैधानिक जमानत का शीर्ष अदालत में विरोध किया था। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा था कि मामले में आरोप पत्र 90 दिनों की वैधानिक अवधि के भीतर दायर किया गया था और फिर भी आरोपी को वैधानिक जमानत दी गई थी।

आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत, यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर किसी आपराधिक मामले में जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है, तो एक आरोपी वैधानिक जमानत देने का हकदार हो जाता है। इस मामले में, कानून अधिकारी ने कहा था, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के 88वें दिन आरोप पत्र दायर किया और ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को डिफॉल्ट जमानत दे दी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा।

उमर खालिद को अभी जमानत नहीं, 31 जनवरी को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका पर 31 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्राथमिकता के आधार पर इस मामले की सुनवाई का आदेश पारित किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस प्रशांत कुमार ने पिछले साल नौ अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। गौरतलब है कि उमर खालिद के साथ अन्य लोगों पर फरवरी, 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया गया है। बता दें कि हिंसा में 53 लोग मारे गए थे, जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे। दंगों की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में खालिद लंबे समय से जेल में बंद हैं। उनकी जमानत की अपील करते हुए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा, वह बहस के लिए तैयार हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पीठ भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई नहीं करेगी। कोर्ट की पीठ उन मामलों की एक साथ सुनवाई कर रही है, जिनमें यूएपीए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

एक नजर

अमेरिका: जबरन मजदूरी कराने पर भारतवंशी को 20 साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे। मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

पंजाब में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धर्म और नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 23 जनवरी को अमृतसर के सुल्तानविंड थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है और सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगा दिया है। पन्नू ने सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर दावा किया कि अमृतसर के श्री दुर्गियाना मंदिर का हिंदू धर्म में कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं है।

रूसी विमान क्रैश, 74 की मौत

बेलगोरोद में हुआ हादसा, चालक दल और गार्डों समेत 65 यूक्रेनी युद्धबंदी थे सवार

मॉस्को, एजेंसी

रूस के बेलगोरोद में बुधवार को एक सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी सरकारी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि विमान में 65 यूक्रेनी युद्धबंदी सवार थे, जिसकी अदला-बदली होनी थी। रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों और तीन गार्डों सहित 74 लोग मौजूद थे, दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के पीछे का कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। रूसी सांसद और सेवानिवृत्त जनरल आंद्रेई कार्तपोलोव ने संसदीय सत्र के दौरान कहा कि विमान को तीन मिसाइलों से मार गिराया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसकी पुष्टि किस स्रोत से की गई है।

फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान में कौन-कौन सवार थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच नियमित रूप से युद्धबंदियों की अदला-बदली होती रहती है।

बता दें कि रूसी सुरक्षा सेवाओं से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और उससे आग की लपटें उठ रही है। रूसी सैन्य आईएल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को ले जाने के लिए उपयोग करते हैं। इस विमान में आमतौर पर पांच लोगों का दल होता है और यह 90 यात्रियों तक को ले जा सकता है।

रूस ने यूक्रेन पर लगाए गंभीर आरोप

हादसे के बाद रूस ने यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूस की सेना ने यूक्रेन पर उसके परिवहन विमान को मार गिराने का आरोप है। विमान में क्रू के सदस्यों समेत 74 लोगों की मौत हो गई है। रूस के गवर्नर ने कहा है कि यूक्रेन के पास दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

कनाडा: श्रमिकों को ले जा रहा विमान क्रैश, 6 लोगों की मौत

कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया के मुताबिक, विमान में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है। स्टॉशोल्म ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है। नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

मालदीव: दो विपक्षी दलों ने भारत विरोधी रुख पर जताई चिंता

माले। मालदीव के दो मुख्य विपक्षी दलों ने बुधवार को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के भारत विरोधी रुख पर चिंता जताई है। इन दलों ने नई दिल्ली को सबसे पुराना सहयोगी बताया। विपक्षी दलों मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने भारत का खुला समर्थन तब किया है।

बता दें, मालदीव सरकार की ओर से चीनी जहाज को अनुमति ऐसे समय में दी गई है, जब नई दिल्ली और माले के संबंध तनावपूर्ण हैं। दोनों विपक्षी दलों ने मालदीव की मौजूदा विदेश नीति को लेकर कहा, ऐसा लगता है कि मुइज्जू सरकार भारत विरोधी माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सहयोगी, खासतौर पर सबसे लंबे समय से सहयोगी (भारत) को अलग-थलग करना देश के विकास के लिए बेहद हानिकारक होगा। उन्होंने कहा, मालदीव की सरकार को लोगों के हित में सभी विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जैसाकि मालदीव पारंपरिक रूप से करता आया है। एमडीपी के प्रमुख फैयाज इस्माइल, डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष हसन और सांसद अली अजीम ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इजराइल-हमास संघर्ष से भारत के आर्थिक हितों पर पड़ रहा असर

▸▸ संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत ने कहा- हिंद महासागर में समुद्री व्यापार असुरक्षित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में अब तक 25 हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। गहराते मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी संकट मंडरा रहा है।

मध्य पूर्व में इस संकट के बीच हिंद महासागर में व्यापार से जुड़े खतरों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने ठोस बयान दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि लंबे समय से जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संकट में है।

रवींद्र ने मंगलवार को यूएनएससी में ओपन डिबेट के दौरान कहा, समुद्र में वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत के आसपास भी कई हमले हुए हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बहुत चिंता का कारण है। इससे भारत के ऊर्जा और आर्थिक हित सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। गाजा में 100 से अधिक दिनों से जारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को भयावह बताते हुए उन्होंने कहा कि भयावह स्थिति को देखते हुए हालात की गंभीरता को स्पष्ट तौर पर रेखांकित किया जाना जरूरी है।

भारत का ठोस पक्ष पेश करते हुए राजदूत रवींद्र ने इस्राइल और हमास का नाम लिए बिना दोनों के टकराव पर स्पष्ट संकेत दिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय से ही भारत ने कहा है कि पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्ध को रोकना काफी अहम है। मानवीय संकट की गंभीरता पर ध्यान देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने जिस तत्परता से मदद की है, भारत इन प्रयासों की सराहना करता है। रवींद्र ने बताया कि गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी लोगों के बीच राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी रहा।

गणतंत्र दिवस पर उभरते भारत की दिखेगी छवि, नारी शक्ति प्राथमिकता

श्रीनगर में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करती जम्मू और कश्मीर महिला पुलिस।

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ 26 जनवरी को पथ पर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी।

बता दें, पहली बार ऐसा होगा जब कोई विदेशी बैंड परेड में शामिल होगा, फ्रांसीसी सैन्य दल के बैंड में 130 लोग शामिल है। फुल ड्रेस रिहर्सल से पता चला कि विशेष रूप से पहली बार परेड की शुरुआत भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाली 100 महिला कलाकारों द्वारा की जाएगी।

परेड की शुरुआत महिला कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले शंख, नादस्वरम, नगाड़ा आदि संगीत के साथ होगी। कुल 25 झांकियां जिसमें 16 राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मंत्रालय और विभाग शामिल हैं।

इमरान खान की दो टूक- सुस्त नेताओं का करूंगा टिकट रद

इस्लामाबाद। बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों को चेतावनी देते हुए चुनावी अभियान शुरू करने को कहा।

इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रत्याशियों को चेतावनी दी कि चुनावी अभियान की शुरुआत करें अन्यथा आपके टिकट रद्द कर दिए जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, इमरान खान ने सिफर मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की।

फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय बल के साथ संदेशखाली पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय बल के साथ मिलकर बुधवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास पर फिर एक बार छापेमारी की। राशन घोटाला मामले के तहत टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी की जा रही है। शाहजहां शेख के खिलाफ एक नोटिस भी जारी किया गया है। इसमें टीएमसी नेता को 29 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने मीडिया को बताया, 'हम आज शेख के आवास की तलाशी लेंगे।

हम वहां के निवासियों से बात करने की भी कोशिश करेंगे।' घर में प्रवेश करने के बाद अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी।

बता दें कि पांच जनवरी को ईडी ने शाहजहां के आवास पर छापेमारी की थी। जहां कुछ स्थानीय समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

शिमला : हिप्र में पहला पश्चिमी विक्षोभ 25-27 जनवरी को सक्रिय होने की संभावना है। कई हिस्सों में छह दिनों तक बारिश-बर्फबारी के आसार है। नौ जगह न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। कुकुमसेरी में माइनस 10.6 डिग्री सेल्सियस, नारकंडा में -1.4 समेत अन्य हिस्सों में भी तापमान गिरा है। गुरुवार को बारिश-बर्फबारी हो सकती है। ● एजेंसी

मिजोरम से म्यांमार के 92 सैनिकों को वापस भेजा

आइजोल। इंजन में खराबी के कारण मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर म्यांमार का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

एक दिन बाद पड़ोसी देश के 92 सैनिकों वापस भेज दिया गया है। असम राइफल्स ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि म्यांमार की वायुसेना का वाई-8 मालवाहक विमान हवाई अड्डे के रनवे से फिसलकर उड़ा। इंजन में खराबी आने के बाद यह विमान झाड़ी में गिर गया। विमान में चौदह लोग सवार थे। वह म्यांमार के 92 सैनिकों को वापस लेने आए थे। ये सैनिक पिछले हफ्ते एक जातीय विद्रोही समूह के साथ गोलीबारी के बाद भारत आ गए थे। उन्होंने कहा, चालक दल के सदस्य चमत्कारिक ढंग से बच गए। उन्हें लेंगपुई से म्यांमार ले जाया गया। इसके साथ ही पिछले साल नवंबर से म्यामांर की सेना के कुल 635 कर्मियों को वापस उनके देश भेजा गया है।

चीन: भीषण आग लगने से 39 लोगों की मौत कई घायल, रेस्क्यू जारी

बीजिंग। चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इमारत में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है।

जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक दुकान में आग लगी जिसने विकराल रूप ले लिया। घटना में 39 लोगों की जान चली गई। जिसके तत्काल बाद घटनास्थल पर बचावकर्मियों, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को तैनात किया गया है। हालांकि, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। राष्ट्रपति जिनपिंग ने लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए कदम उठाने का आदेश दिया है।

भविष्य पर चर्चा | जयशंकर ने कहा- दुनिया भारतीय प्रतिभा को पहचानती है, वैश्विक बाजार में है इसकी मांग

पिछले 10 वर्षों का परिवर्तन भारत के भविष्य की नींव रखेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत का भविष्य लोकतंत्र, प्रौद्योगिकी और परंपरा के तीन स्तंभों पर निर्भर करेगा और इसकी नींव पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों पर निर्भर करेगी। देश को मजबूत करने के लिए हमें व्यापार को मजबूत करना होगा और उत्पादन को बढ़ाना होगा। दुनिया भारतीय प्रतिभा को पहचानती है और वैश्विक बाजार में इसकी मांग है।

विदेश मंत्री जयशंकर बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मिरांडा हाउस कालेज में 'भारत का भविष्य' विषय पर आयोजित छात्रों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। कहा, चंद्रयान-3 मिशन की सफलता, भारत की दक्षता और बड़े पैमाने पर कोविड-19 टीकों का निर्माण बताता है कि पिछले दशक में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में जबरदस्त प्रगति की है और वैश्विक क्षेत्र में एक मजबूत स्थिति हासिल की है।

विश्व लोकतंत्र सूचकांक में भारत की कम रैंकिंग पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से विश्व राजनीति पर कुछ देशों का वर्चस्व रहा है जिनके अपने एजेंडे और राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं। उन्होंने दूसरों को आंकने का अधिकार छीन लिया है और जब हम वहां की कहानी का विरोध करते हैं, तो इसमें एजेंडा और राजनीतिक पक्षपात होता है। इसलिए हमें इस इरादे को ध्यान में रखते हुए सूचकांक को देखना होगा। उन्होंने कहा, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार जैसे हमारे पड़ोसी मुल्कों से रिश्ते काफी बेहतर हैं और वहां जाकर समझा जा सकता है कि भारत ने किस तरह उनसे सहयोग स्थापित किया है।

इजराइल और फिलिस्तीन मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में जो हुआ, वह एक आतंकी हमला था जिसकी निंदा की जानी चाहिए, लेकिन बंधक मुद्दा और मानवीय गलियारा बनाने की आवश्यकता जैसे गंभीर मुद्दे हैं, जिनकी जरूरत का ध्यान रखा जाना है। फिलिस्तीन को लेकर भारत का मत स्पष्ट है।

लोकतंत्र के रूप में भारत ने मूल्यों को कायम रखा

डिजिटलीकरण, शिक्षा पर काम, लैंगिक असमानता को कम करना, कौशल विकास, स्टार्ट-अप संस्कृति और नागरिकों के बीच कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच जैसे क्षेत्रों में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो परिवर्तन किया है, वह अगले 25 वर्षों का भारत का भविष्य तय करेगा। इससे ही विकसित भारत की नींव रखी गई है। उन्होंने कहा, एक लोकतंत्र के रूप में भारत ने न केवल अपने मूल्यों को कायम रखा है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ भी पहुंचाया है। जब कोई समाज अपने लोगों के प्रति उदासीन होता है, तो लोकतंत्र पनप नहीं पाता है। अपने पड़ोस के देश को देखकर यह समझा जा सकता है।

तटरक्षक बल की बढ़ेगी ताकत, 14 जहाजों की खरीद पर हुआ समझौता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल (आईएसजी) के लिए 14 तेज गति वाले गश्ती जहाजों की खरीद के लिए बुधवार को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत इनकी लागत 1070.47 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

बता दें, इन नौकाओं को एमडीएल द्वारा भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा और ये कुल 63 महीनों में ये भारतीय तटरक्षक को सौंपी जायेंगी। कई उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये नौका ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट और अन्य क्षमताओं से लैस होंगी।

सावरकर को कब देंगे भारत रत्न राउत ने केंद्र पर साधा निशाना

मुंबई, एजेंसी

▸▸ उन्होंने कहा बीजेपी का हर कदम राजनीतिक स्वार्थ

शिवसेना (यूबीटी) ने हिंदुत्व विचारक वीआर अंबेडकर को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की है। मीडिया से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के केंद्र के फैसले को राजनीतिक कदम बताया है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से अबतक 11 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, लेकिन लिस्ट में सावरकर का नाम शामिल नहीं किया गया। मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें भारत रतन के लिए नामित किया गया। ठाकुर का निधन 1988 में हुआ था। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी समाजवादी नेता थे, जिन्हें दो बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया गया था।

संजय राउत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारा स्थान अभी भी वहीं है कि सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर ओबीसी के नेता हैं और इस बात से खुश हैं कि उन्हें भारत रत्न के लिए नामित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव का समय है और भाजपा के लिए बिहार जरूरी है।